चैत्र शुक्ल पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081


लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 15 अप्रैल 2024
वर्ष 2, अंक 234, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रिटेन:70 विवि के नियम बदले, भारतीयों को फायदा 14
31 मई को रिलीज होगी 'मिस्टर एंड मिसेज माही 13

## एक नजर

### आप विधायक की जमानत अर्जी पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट दिल्ली वक्फ बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में अग्रिम जमानत का अनुरोध करने संबंधी आप विधायक अमानतुल्ला खान की अर्जी पर सोमवार को सुनवाई करेगा। ये अनियमितताएं खान के बोर्ड का अध्यक्ष रहने के दौरान हुई थीं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ खान की अर्जी पर सुनवाई करने वाली है, जिसमें आप विधायक ने हाईकोर्ट के 11 मार्च के आदेश को चुनौती दी है। हाईकोर्ट ने खान को मामले में राहत देने से इनकार किया था। अदालत ने जांच एजेंसियों द्वारा बार-बार जारी किये गए समन की खान द्वारा अवहेलना किये जाने को गलत बताते हुए 11 मार्च को खान को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था।

### अमरनाथ यात्रा 29 जून से होगी शुरू

**जम्मू।** अमरनाथ की वार्षिक तीर्थयात्रा 29 जून से शुरू होगी और 19 अगस्त को समाप्त हो जाएगी। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) ने रविवार को यह घोषणा की। बोर्ड ने कहा कि 52 दिनों तक चलने वाली यात्रा के लिए अग्रिम पंजीकरण 15 अप्रैल से शुरू हो जाएगा। वार्षिक यात्रा दो मार्गों से होती है। एक मार्ग अनंतनाग में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबा नुनवान-पहलगाम मार्ग है, जबकि दूसरा गांदेरबल जिले में 14 किलोमीटर लंबा बालटाल मार्ग।

### कांग्रेस ने की 10 प्रत्याशियों की घोषणा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने रविवार को दिल्ली की तीन तथा पंजाब की छह लोकसभा सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि केंद्रीय चुनाव समिति ने दिल्ली की तीन, पंजाब की छह और उत्तर प्रदेश की एक सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों की सिफारिश की है, जिन्हें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने स्वीकार कर लिया है। पार्टी ने दिल्ली में चांदनी चौक सीट से जय प्रकाश अग्रवाल, उत्तर पूर्व से कन्हैया कुमार और उत्तर पश्चिम से उदित राज को टिकट दिया है। पंजाब में अमृतसर से गुरजीत सिंह आहुजा, पटियाला से धर्मवीर गांधी और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी जालंधर लोक सभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। उत्तर प्रदेश की इलाहाबाद सीट से उज्जवल रेवती रमन सिंह को टिकट दिया गया है।

## सलमान खान के घर के बाहर चलाई गोलियां

मुंबई, एजेंसी



- आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

अभिनेता सलमान खान के मुंबई में बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट्स के बाहर रविवार सुबह पांच बजे बाइक सवार दो लोगों ने चार राउंड फायरिंग की, जिसके बाद पुलिस ने उनके घर के पास सुरक्षा बढ़ा दी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान के लिए घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। घटना के वक्त अभिनेता घर पर थे या नहीं, इस पर पुलिस और खान परिवार ने कुछ नहीं कहा है। पिछले वर्ष मार्च में अभिनेता को ई-मेल से धमकी मिली थी, जिसके बाद मुंबई पुलिस ने प्रशांत गुंजालकर की शिकायत पर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई, गोल्डी बराड़ और एक अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। पुलिस के अनुसार जून 2022 में एक हस्तलिखित पत्र से खान को धमकी दी गई थी।

सलमान खान के घर के बाहर हुई गोलीबारी की जांच अपराध शाखा करेगी। जांच के लिए कई टीमों का गठन हुआ है।

## ईरान का मिसाइल से हमला, भारत ने इजराइल वाली उड़ानें रद कीं

तेहरान/तेल अवीव, एजेंसी

ईरान की सेना ने शनिवार देर रात 3 बजे (भारतीय समय के मुताबिक) इजराइल पर करीब 300 ड्रोन और मिसाइल से अटैक किया है। इजराइली सेना ने इस हमले की जानकारी दी। अमेरिकी सेना ने कुछ ड्रोन मार गिराए। वहीं, इजराइल के आयरन डोम ने ईरान की तरफ से दागी गईं मिसाइलों को रोका। दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए भारत ने इजराइल जाने वाली उड़ाने रद कर दी हैं।

ईरान के हमले में इजराइल के नेवातिम एयरफोर्स बेस को कुछ नुकसान पहुंचा है। हमले की वजह से मची भगदड़ में 12 लोग घायल हो गए। इजराइली चैनल 12 ने बताया कि ईरान ने ड्रोन हमला किया है। कुछ ड्रोन्स को सीरिया और जॉर्डन में भी मार गिराया गया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान ने इजराइल पर इस हमले को ''ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस'' नाम दिया। दरअसल, एक अप्रैल को इजराइल ने सीरिया में ईरानी एम्बेसी के पास एयरस्ट्राइक की थी। इसमें ईरान के दो टॉप आर्मी कमांडर्स समेत 13 लोग मारे गए थे। इसके बाद ईरान ने बदला लेने के लिए इजराइल पर अटैक करने की धमकी दी थी। एअर इंडिया ने इजराइल जाने वालीं अपनी फ्लाइट्स को अगली सूचना तक रद्द कर दिया है। एअर इंडिया की उड़ानें मुंबई और दिल्ली से तेल अवीव जाती हैं। इसके अलावा एअर इंडिया ईरान के एयरस्पेस का भी इस्तेमाल नहीं कर रहा है।

### ईरान बोला- पलटवार किया तो और बड़ा हमला करेंगे



### इजराइली राजदूत बोले- भारतीय नागरिकों की रक्षा करेंगे

ईरानी हमले पर भारत में इजराइल के राजदूत नाओर गिलोन ने कहा है कि वहां मौजूद भारतीय नागरिकों की रक्षा की की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत के नागरिक इजराइलियों से अलग नहीं है। इजराइल सब की सुरक्षा करेगा।

### ईरान के 99% हमले किए नाकाम

इजराइल ने दावा किया है कि शनिवार देर रात ईरान की तरफ से किए गए हमले इजराइली डिफेंस फोर्सेस ने 99% नाकाम कर दिए। इसका सारा क्रेडिट आयरन डोम और एरो 3 डिफेंस सिस्टम को दिया जा रहा है।

# युवा, महिला, किसान व गरीब को सशक्त बनाने का वादा

## 70 से ऊपर के बुजुर्गों को पांच लाख तक मुफ्त इलाज, गरीबों के लिए तीन करोड़ घर


**भाजपा का संकल्प पत्र**

नयी दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लोकसभा चुनाव के लिए गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं के सशक्तीकरण पर केंद्रित भाजपा का घोषणापत्र जारी किया और इस बात पर बल दिया कि जब दुनिया अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है तो भारत में पूर्ण बहुमत वाली स्थिर सरकार की आवश्यकता है।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर पार्टी मुख्यालय में आयोजित समारोह में घोषणापत्र की प्रतियां चार व्यापक समूहों - गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी शक्ति के प्रतिनिधियों को सौंपीं। ये सभी सरकारी योजनाओं के लाभार्थी हैं। मोदी ने कहा कि पूरे देश को भाजपा के 'संकल्प पत्र' का बहुत इंतजार रहता है और एक बड़ा कारण है कि 10 वर्षों में पार्टी ने इसके हर बिंदु को गारंटी के रूप में जमीन पर उतारा है। उन्होंने कहा, भाजपा ने मेनिफेस्टो की सुचिता को फिर स्थापित किया है। ये संकल्प पत्र विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ - युवा शक्ति, नारी शक्ति, गरीब और किसान, इन सभी को सशक्त करता है। हमारा 'फोकस' गरिमापूर्ण और गुणवत्तापूर्ण जीवन पर और निवेश से नौकरी पर है। उन्होंने कहा, 70 साल से ऊपर का हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हो, मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो, उन्हें 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी है कि मुफ्त राशन की योजना आने वाले पांच साल तक जारी रहेगी।

मोदी ने कहा, हम पूरी दुनिया में तिरुवल्लुवर सांस्कृतिक केंद्र बनाएंगे। दुनिया की सबसे पुरानी तमिल भाषा हमारी शान है। उन्होंने कहा, आज बहुत ही शुभ दिन है। देश के कई राज्यों में इस समय नववर्ष का उत्साह है। आज नवरात्रि के छठे दिन हम सभी मां कात्यायनी की पूजा करते हैं और मां कात्यायनी अपनी दोनों भुजाओं में कमल धारण किए हुए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा ने अपने वादों को पूरा करके लोगों के बीच विश्वसनीयता अर्जित की है।



नई दिल्ली के पार्टी कार्यालय पर संकल्प पत्र के लोकार्पण के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह और जेपी नड्डा।

- बोले- देशहित के लिए यूसीसी जरूरी
- अनिश्चितता के दौर में बहुमत वाली स्थिर सरकार की जरूरत

### परिणाम घोषित होते ही शुरू होगा वादों पर काम

मोदी ने कहा, भाजपा चार जून को परिणाम घोषित होने के तुरंत बाद घोषणापत्र में किए गए वादों पर काम करना शुरू कर देगी। उन्होंने कहा, मैं भाजपा के इस संकल्प पत्र को मोदी की गारंटी के दस्तावेज के रूप में देश की जनता के आशीर्वाद के लिए पेश करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब भाजपा ने संकल्प लिया है कि 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा।

## बदायूं से शिवपाल नहीं पुत्र आदित्य लड़ेंगे चुनाव

**लखनऊ।** सपा ने लोकसभा चुनाव के लिए रविवार को अपने उम्मीदवारों की दो और सूची जारी की। सूची में कुल नौ उम्मीदवारों के नाम सार्वजनिक किए गए हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने चाचा शिवपाल के स्थान पर उनके पुत्र आदित्य यादव को बदायूं सीट से प्रत्याशी बनाया है। खुद शिवपाल यादव ने भी प्रचार के दौरान इसकी घोषणा की थी। वहीं, सुल्तानपुर से पार्टी प्रत्याशी भीम निषाद का भी टिकट काटते हुए सपा ने राम भुआल निषाद को अपना प्रत्याशी बना दिया है।

सपा ने जिन लोस सीटों पर नये उम्मीदवार उतारे हैं, उनमें ज्यादातर पूर्वांचल की हैं। पार्टी ने श्रावस्ती लोकसभा सीट पर जहां बसपा से निष्कासित सांसद राम शिरोमणि वर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया वहीं, फूलपुर से अमरनाथ मौर्य को उतारा है। डुमरियागंज से भीष्म शंकर "कुशल" तिवारी, संतकबीरनगर से लक्ष्मीकांत, सलेमपुर से रमाशंकर राजभर, जौनपुर से बाबू सिंह कुशवाहा और मछलीशहर से प्रिया सरोज को उम्मीदवार बनाया है। सपा प्रमुख ने पिछले दिनों पार्टी से अलग हुईं पल्लवी पटेल के सामने उम्मीदवार उतार कर रुख स्पष्ट कर दिया है कि वह समझौता करने के मूड में नहीं है।

## सत्ता में आए तो प. उप्र को अलग राज्य बनाएंगे

मुजफ्फरनगर, एजेंसी



- भाजपा के सत्ता में तीसरी बार आने की संभावना बहुत कम : मायावती

बसपा सुप्रीमो मायावती ने वादा किया कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश को एक अलग राज्य बनाने के लिए ठोस कदम उठाया जाएगा। उन्होंने कहा पश्चिमी उप्र के लोग लंबे समय से अलग राज्य की मांग करते आ रहे हैं।

मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से बसपा उम्मीदवार दारा सिंह प्रजापति के समर्थन में रैली को संबोधित करते हुए मायावती ने कहा कि भाजपा के तीसरी बार सत्ता में आने की संभावना बहुत कम है। उन्होंने कहा अगर स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव होते हैं और वोटिंग मशीनों के साथ छेड़छाड़ नहीं की जाती तो भाजपा सत्ता में नहीं लौटेगी। मायावती ने आरोप लगाया कि भाजपा का सबसे ज्यादा समय अमीर कारोबारियों को और अमीर बनाने व उन्हें हर स्तर पर बचाने में बीता है। भाजपा और दूसरी पार्टियां इन्हीं कारोबारों के सहारे अपना संगठन चलाती हैं और चुनाव लड़ती हैं, जिसका खुलासा चुनावी बॉन्ड के आंकड़ों से हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री ने पिछड़े समुदाय के लोगों के लिए आरक्षित खाली सीटों पर लोगों की भर्ती नहीं करने और पदोन्नति में आरक्षण को निरर्थक बनाने के लिए विपक्षी दलों पर हमला बोला। मायावती ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में केंद्र और ज्यादातर राज्यों में भाजपा सरकार होने से मुसलमानों की प्रगति काफी हद तक रुक गई है। यहां धर्म के नाम पर हिंसा भी बढ़ी है। उन्होंने यह भी दावा किया कि भाजपा शासन में सामान्य वर्ग को भी कोई लाभ नहीं मिला है। उन्होंने अपने समर्थकों को सचेत किया कि वे भाजपा के पक्ष में मीडिया द्वारा किये जा रहे प्रचार और झूठे वादों वाले घोषणापत्रों के प्रलोभन में न आयें। मायावती ने कहा कि सच्चा विकास तभी हो सकता है जब लोगों को रोजगार दिया जाए। मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से बसपा के प्रजापति का मुकाबला भाजपा के संजीव कुमार बालियान और सपा के हरेंद्र सिंह मलिक से है।

## पाकिस्तान में सरबजीत सिंह के हत्यारे की गोली मारकर हत्या

नयी दिल्ली, एजेंसी

- लश्कर-ए-तैयबा के सहयोगी आमिर सरफराज ताम्बा था भारतीय कैदी की हत्या का आरोपी

पाकिस्तान की जेल में भारतीय कैदी सरबजीत सिंह की हत्या के आरोपी एवं आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के करीबी सहयोगी आमिर सरफराज ताम्बा की रविवार को लाहौर में अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। ताम्बा पर मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने पाकिस्तान में लाहौर के इस्लामपुरा इलाके में उस समय हमला किया जब वह कार से कहीं जा रहा था। उसे नाजुक हालत में एक अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

साल 1991 में पाकिस्तान की कोर्ट ने सरबजीत सिंह को लाहौर और फैसलाबाद में हुए चार बम धमाकों के आरोप में सजा सुनाई थी। इन धमाकों में करीब 10 लोगों की मौत हुई थी। मार्च 2006 में पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने सरबजीत की दया याचिका खारिज करते हुए उन्हें सुनाई गई मौत की सजा को बरकरार रखा था। इसके बाद कड़ी सुरक्षा वाली कोट लखपत जेल के अंदर, ताम्बा सहित अन्य कैदियों द्वारा किए गए हमले के कुछ दिनों बाद सरबजीत सिंह (49) की दो मई 2013 की सुबह लाहौर के जिन्ना अस्पताल में मौत हो गई थी। ये हमला पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर हुआ था। सरबजीत सिंह भारत-पाकिस्तान सीमा पर बसे तरनतारन जिले के भिखीविंड गांव के रहने वाले थे।

## राजस्थान में शादीशुदा पुरुष से प्रेम प्रसंग को लेकर महिला को अर्धनग्न कर घुमाया

- समदड़ी थाने में मामला दर्ज, दो महिलाओं से हो रही पूछताछ

**जयपुर।** राजस्थान के बाड़मेर जिले में विवाहित पुरुष के साथ प्रेम प्रसंग के आरोप में महिला को कथित तौर पर अर्धनग्न कर घुमाया गया। पुलिस ने रविवार को बताया कि सरवाड़ी गांव में हुई घटना का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। शख्स की पत्नी और परिवार वालों को महिला के साथ उसके प्रेम प्रसंग के बारे में पता चल गया था। कथित वीडियो में महिला को अर्धनग्न कर घुमाया जा रहा है और एक महिला पीड़िता के बाल पकड़कर घसीट रही है। पीड़िता गुहार लगाती हुई सुनाई दे रही है। बाड़मेर के पुलिस अधीक्षक कुंदन कांवरिया ने बताया कि इस संबंध में समदड़ी थाने में मामला दर्ज किया गया है। दो महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पीड़िता की काउंसलिंग की जा रही है।

## भाजपा के सीएम न उतरें इसलिए हेलीपैड उखाड़ा

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के नेताओं ने अपने अध्यक्ष अखिलेश यादव के लिए बनाए हेलीपैड पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर न उतरने देने के लिए रात में ही हेलीपैड उखाड़ दिया। रविवार सुबह भाजपा की ओर से दूसरा हेलीपैड तैयार कराया गया।

चुनावी दौर में भाजपा-सपा के बीच जुबानी जंग के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिल रही है। शुक्रवार को पूरनपुर में जनसभा करने आए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के लिए सिरसा गांव के पास हेलीपैड बनाया गया था। रविवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पूरनपुर में जनसभा करने आना था। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसी हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर उतारने की तैयारी की थी। पता लगा तो शनिवार रात सपा कार्यकर्ता जा पहुंचे और ईंटें उखाड़ने लगे। सूचना मिलने पर एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला पहुंचे और हेलीपैड उखाड़ने से मना किया। मगर सपा कार्यकर्ता नहीं माने। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अपने खर्च से हेलीपैड तैयार कराया था। अब भाजपाई हेलीपैड तैयार करायें। सपाइयों ने हेलीपैड की एक-एक ईंट दूसरे स्थान पर भिजवा दी। रविवार सुबह भाजपा नेताओं ने उसी स्थान पर नया हेलीपैड तैयार कराया। भाजपा नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान ने बताया कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर उतारने के लिए सपा के लोगों को खर्च देकर हेलीपैड मांगा था। उन्होंने मना कर दिया तो अपना हेलीपैड तैयार करा लिया।


रात में हेलीपैड की ईंटें उखाड़ते सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- अखिलेश यादव के लिए बनाए हेलीपैड पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर उतरने से रोकने को उखाड़ा
- पता लगने पर रात में ही मौके पर पहुंचे एसडीएम, भाजपाइयों ने तैयार कराया दूसरा हेलीपैड

## सीकर में ट्रक-कार की टक्कर के बाद लगी आग, उप्र के सात लोग जिंदा जले

जयपुर, एजेंसी

- विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से बचने के प्रयास में हुआ हादसा
- कार सवार सालासर बालाजी मंदिर से लौट रहे थे

राजस्थान के सीकर जिले में रविवार को तेज रफ्तार कार ट्रक के पिछले हिस्से से जाकर टकराई, जिससे कार में आग लग गई। मेरठ के रहने वाले कार सवार एक ही परिवार के सात लोगों की झुलसकर मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, मृतकों में तीन महिलाएं और दो बच्चे थे।

पुलिस ने बताया कि ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश में विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से बचने के चक्कर में कार ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराई, जिससे कार में आग लग गई और सभी सात लोग जिंदा जल गए। कार में एलपीजी (गैस) लगी थी। कार सवार सभी लोग उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के रहने वाले थे और सालासल बालाजी मंदिर में पूजा अर्चना कर लौट रहे थे। पुलिस उपाधीक्षक (फतेहपुर सर्किल) रामप्रताप बिश्नोई ने बताया कि आर्शीवाद पुलिया के पास हुई दुर्घटना के बाद आग लगने से कार के दरवाजे नहीं खुल पाए और कार सवार तीन महिलाओं, दो बच्चे और दो पुरुष की झुलसकर मौत हो गई। फतेहपुर कोतवाली थानाधिकारी सुभाष बिजारणिया ने बताया कि मृतकों की पहचान नीलम गोयल (55), उनके बेटे आशुतोष गोयल (35), मंजू बिंदल (58), उनके बेटे हार्दिक बिंदल (37), हार्दिक की पत्नी स्वाति बिंदल (32), उनकी बेटी दीक्षा (7) और उसकी दो वर्षीय बहन के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलने के बाद फतेहपुर, रामगढ़ और लक्ष्मणगढ़ से दमकल की गाड़ियों ने मौके पर आग बुझाई। चश्मदीद रामनिवास सैनी ने देखा कि कार में दो यात्री मदद मांग रहे थे लेकिन आग लगने के कारण वह मदद नहीं कर सके।

**बदली जिंदगी** — थारू ट्राइबल क्राफ्ट के वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोजेक्ट में चयन से लगे हुनर को पंख

## हस्तशिल्प के हुनर से पहचान बना रहीं थारू महिलाएं

विकास शुक्ल,लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** दुधवा टाइगर रिजर्व के जंगलों में बसी थारू जनजाति की महिलाओं की जिंदगी सरकार की ओडीओपी योजना से बदल रही है। जंगल, जमीन से हटकर थारू जनजाति के लोग हस्तशिल्प कला से अपनी पहचान बनाए हैं। सरकार ने थारू ट्राइबल क्राफ्ट को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोजेक्ट में चयनित किया, जिससे थारू हस्तशिल्प के इस हुनर को पंख लगे।

खुद को महाराणा प्रताप के वंशज कहने वाले आदिवासी थारू जनजाति के लोग यहां पचास हजार की तादाद में भारत-नेपाल सीमा से सटे इलाकों में रहते हैं। यह जनजाति पूरी तरीके से कृषि पर निर्भर है, इसके साथ ही उसके पास हस्तशिल्प का भी एक हुनर है, जो घर-घर में पाया जाता है। प्रदेश सरकार की ओडीओपी योजना के तहत इनका चयन किया गया। महिलाएं हस्तशिल्प में पहले से सिद्धहस्त थीं, लेकिन ओडीओपी से उन्हें बाजार में बिकने वाली सामग्री कैसी होती है, इसकी ट्रेनिंग दी गई। उन्हें कुछ नये डिजाइन बताए गए और कुछ सरल तरीके भी बताए गए। जो हाथ पहले सिर्फ डलिया बनाते थे, अब लांड्री बास्केट, पूजा बास्केट, गिफ्ट बास्केट, डिजाइनर लेडीज पर्स, टोपी, जूट की चप्पलें आदि अनेक आकर्षक उत्पाद बनाने लगे।



- डलिया, बास्केट, गिफ्ट बास्केट, लेडीज पर्स, टोपी, जूट की चप्पलें बना रहीं

### ट्राइफेड के जरिए हो रही ऑनलाइन खरीदारी

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत गठित महिला समूहों में से थारू महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की ऑनलाइन खरीदारी भी हो रही है। भारत सरकार की संस्था ट्राइफेड ने अपनी वेबसाइट के माध्यम से थारू हस्तशिल्प उत्पादों की मार्केटिंग कर रही है। इन उत्पादों को वेबसाइड पर डाला गया है, जिसे लोग पूरी दुनिया में देखते हैं और पसंद आने पर आर्डर करते हैं। इससे थारू महिलाओं को अपने उत्पादों की बिक्री करने के लिए बाहर जाने की भी जरूरत नहीं है।

### लखनऊ से लेकर दिल्ली गोवा तक बज चुका डंका

तत्कालीन डीएम किंजल सिंह ने थारुओं के इस कला को प्रोत्साहन देने के मकसद से उचित बाजार दिलाने का प्रयास किया था। दिल्ली, लखनऊ में अवध शिल्प ग्राम में प्रदर्शनी में थारू उत्पादों का भी स्टाल लगाया था। थारू महिला आरती राना और पूजा राना ने प्रदर्शनी में पहुंचे सीएम योगी को जूट से बनी हैट भी पहनाई थी। तत्कालीन डीएम किंजल के प्रयास से गोवा महोत्सव में भी थारू हस्तशिल्प को अलग पहचान मिली, लेकिन किंजल सिंह के तबादले के बाद यह सब फिर पुराने ढर्रे पर आ गया।

## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 06 | 319 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 06 | 266 |
| संजू सैमसन (राजस्थान) | 06 | 264 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 06 | 11 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 05 | 10 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 04 | 09 |

# चेन्नई ने मुंबई इंडियंस को दिया 207 रनों का लक्ष्य

**मुम्बई, एजेंसी**

कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (69), शिवम दुबे नाबाद (66) रन और आखिरी ओवर में महेन्द्र सिंह धोनी के चार गेंदों में (20) रनों की छक्कों वाली पारियों की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 29वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस को जीत के लिए 207 रनों का लक्ष्य दिया है।

रविवार को वानखेड़े स्टेडियम मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने सलामी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे (5) रन का विकेट दूसरे ही ओवर में गवां दिया। इसके बाद आठवें ओवर में रचिन रविंद्र 16 गेंदों में (21) रन बनाकर पवेलिय लौट गये। ऋतुराज और शिवम ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिये 90 रन जोड़े। ऋतुराज गायकवाड़ ने 40 गेंदों में पांच चौके और पांच छक्के लगाते हुए (69) रन बनाये। शिवम दुबे 38 गेंदों में 10 चौके और दो छक्के लगाते हुए (66) रन पर नाबाद रहे। डैरिल मिचेल 14 गेंदों में 17 रन बनाकर आउट हुये। महेन्द्र सिंह धोनी ने आखिरी चार गेंदों में नाबाद 20 रन ठोकर टीम के स्कोर को 200 के पार पहुंचाया। चेन्नई की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 206 का स्कोर खड़ा किया। मुंबई की ओर से हार्दिक पंड्या ने दो विकेट लिये। गेराल्ड कोएत्जी, श्रेयस गोपाल एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## स्कोर बोर्ड

**चेन्नई सुपर किंग्स : 206/4**

| | |
|---|---|
| अजिंक्य रहाणे कैच हार्दिक बोल्ड कोएत्जी | 05 |
| रचिन कैच किशन बोल्ड गोपाल | 21 |
| ऋतुराज गायकवाड़ कैच नबी बोल्ड हार्दिक | 69 |
| शिवम दुबे नाबाद | 66 |
| डैरिल मिचेल कैच नबी बोल्ड हार्दिक | 17 |
| एमएस धोनी नाबाद | 20 |

**अतिरिक्त** : 8 रन कुल

**विकेट पतन** : 1-8, 2-60, 3-150, 4-186

**गेंदबाजी** :
मोहम्मद नबी 3-0-19-0
गेराल्ड कोएत्जी 4-0-35-1
जसप्रीत बुमराह 4-0-27-0
आकाश मधवाल 3-0-37-0
श्रेयस गोपाल 1-0-9-1
हार्दिक पंड्या 3-0-43-2
रोमारियो शेफर्ड 2-0-33-0



शिवम दुबे ऋतुराज गायकवाड़

## खेल डायरी

### अक्षय तीसरे दौर में चूके, शेफलेर को एकल बढ़त

**आगस्टा।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने 88वें आगस्टा मास्टर्स के तीसरे दिन दो ओवर 74 के स्कोर के साथ शीर्ष दस में रहने का मौका गंवा दिया। पिछले सप्ताह वालेरो टैक्सास ओपन जीतने वाले 22 वर्ष के भाटिया पांच ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 28वें स्थान पर हैं। वहीं भारतीय मूल के ही साहित थीगाला संयुक्त 36वें स्थान पर हैं, जिन्होंने छह ओवर के साथ लगातार तीसरे दिन 74 स्कोर किया। दुनिया के नंबर एक गोल्फर स्कॉटी शेफलेर ने सात अंडर के साथ एकल बढ़त बना ली है।

### मैक्सवेल की चोट से जुड़ी चिंताओं को खारिज किया

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के क्रिकेट निदेशक मो बोबाट ने रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल 2024 मैच से पहले ग्लेन मैक्सवेल की फिटनेस संबंधी चिंताओं को दूर किया। मुंबई इंडियंस के खिलाफ आरसीबी के पिछले मैच में क्षेत्ररक्षण करते समय मैक्सवेल के अंगूठे पर चोट लग गई थी लेकिन बोबाट ने कहा कि यह ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर अच्छी तरह से उबर गया है। बोबाट ने मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''मैक्सी (मैक्सवेल) के कुछ स्कैन हुए हैं और वह फिलहाल ठीक हैं इसलिए चोट की कोई चिंता नहीं है। वह आज अभ्यास करने जा रहे हैं और फिर देखेंगे।''

### इंटर मियामी ने स्पोर्टिंग केसी को 3-2 से हराया

**कैंसास सिटी।** करिश्माई खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी ने एक गोल करने के साथ एक गोल में सहायक की भूमिका निभाई। जिससे इंटर मियामी सीफ ने एमएलएस (मेजर लीग सॉकर) में स्पोर्टिंग कैनसस सिटी को 3-2 से हराया। इंटर मियामी के लिए इस मैच में मेस्सी के साथ दिग्गज लुइस सुआरेज ने भी गोल किया। टीम के लिए एक अन्य गोल डिएगो गोमेज ने दागा। मेस्सी और सुआरेज जैसे बड़े खिलाड़ियों को देखने के लिए स्टेडियम में बड़ी संख्या (72,610) में प्रशंसक पहुंचे थे।

### पिस्टल निशानेबाज पलक ने कोटा हासिल किया

**नयी दिल्ली।** मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन पलक गुलिया ने रियो डि जनेरियो में रविवार को 'आईएसएसएफ फाइनल ओलंपिक क्वालीफिकेशन चैंपियनशिप (राइफल और पिस्टल)' में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर देश के लिए निशानेबाजी में 20वां कोटा हासिल किया। हरियाणा के झज्जर की 18 वर्षीय निशानेबाज ने हांगझोउ एशियाई खेलों में 10 मीटर एयर पिस्टल में व्यक्तिगत स्वर्ण और टीम रजत जीता था। वह 24-शॉट के फाइनल में धीमी शुरुआत से उबरते हुए लगातार सुधार के साथ ऊपर चढ़ती गयी। 22वें शॉट के बाद 217 .6 के स्कोर के साथ कांस्य पदक पक्का कर मुकाबले से बाहर हुई।

### सर्वेश ने कैलिफोर्निया में जीता ऊंची कूद का खिताब

**कैलिफोर्निया।** भारत के सर्वेश कुशारे ने ब्रायन क्ले इनविटेशनल 2024 में पुरुषों की ऊंची कूद का खिताब जीतकर अपने सीज़न की शानदार शुरुआत की है। दक्षिणी कैलिफोर्निया के अजुसा पैसिफिक यूनिवर्सिटी में शनिवार को आयोजित ऊंची कूद प्रतियोगिता में सर्वेश कुशारे ने ग्रुप ए में 2 .19 मीटर छलांग लगातार पहला स्थान हासिल किया। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 2 .27 मीटर है, जो उन्होंने 2022 के अंत में दर्ज किया था। वह हांगझोऊ में एशियन गेम्स में 2 .26 मीटर के प्रयास के साथ चौथे स्थान पर रहे थे। अमेरिका के एजे मैक्गलोफ्लिन 2 .08 मीटर की छलांग के साथ दूसरे स्थान पर रहे। तीसरा स्थान अमेरिकी कैस डोब्रोवोल्स्की, व्याट थिएल और कनाडा के एडेन ग्राउट के बीच साझा किया गया।

### अंजू और हर्षिता फाइनल में, सरिता मोर बाहर

**बिश्केक (किर्गिस्तान)।** भारतीय पहलवान अंजू और हर्षिता ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में अपने-अपने वर्ग में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनायी जबकि अनुभवी सरिता मोर शुरुआती दौर में बाहर हो गई। राष्ट्रीय चयन ट्रायल में 53 किग्रा वर्ग में विनेश फोगाट को हराकर सुर्खियां बटोरने वाली रेलवे की पहलवान अंजू ने फिलीपींस की आलिया रोज गावलेज और श्रीलंका की नेथमी अहिंसा फर्नांडो के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता से जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में चीन की चेन लेई से कड़ी टक्कर मिली लेकिन वह 9-6 से जीत दर्ज करने में सफल रही। स्वर्ण पदक के लिए अंजू के सामने कोरिया की जि हयांग किम की चुनौती होगी। हर्षिता ने सिर्फ तीन अंक गंवायें। उन्होंने उज्बेकिस्तान की ओजोदा जरीपबोएवा को तकनीकी श्रेष्ठता (13-3) से हराने के बाद कजाकिस्तान की अनास्तासिया पानासोविच को 5-0 से मात दी।

# सॉल्ट की आंधी में उड़ी लखनऊ सुपर जायंट्स

## कोलकाता नाइट राइडर्स ने एलएसजी को आठ विकेट से हराया, मिचेल स्टार्क ने 28 रन देकर तीन विकेट झटके



फिल सॉल्ट

**कोलकाता, एजेंसी**

फिल सॉल्ट की नाबाद 89 रन की आक्रामक पारी से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में रविवार को यहां लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) को 26 गेंद शेष रहते आठ विकेट से शिकस्त दी। सॉल्ट ने 47 गेंद की पारी में 14 चौके और तीन छक्के लगाने के साथ कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ तीसरे विकेट के लिए 76 गेंदों में 120 रन की अटूट साझेदारी की। अय्यर ने 38 गेंद में नाबाद 38 रन की संयमित पारी के दौरान छह चौके जड़े।

एलएसजी की पारी को सात विकेट पर 161 रन पर रोकने के बाद केकेआर ने 15.4 ओवर में दो विकेट पर 162 रन बनाकर पांच मैचों में चौथी जीत दर्ज की। एलएसजी के लिए सिर्फ मोहसिन खान ही गेंद से प्रभावित कर सके उन्होंने चार ओवर में 29 रन देकर दो विकेट लिये। टीम ने 22 अतिरिक्त रन लुटाये। लखनऊ सुपर जायंट्स की यह छह मैचों में तीसरी हार है। निकोल्स पूरन (32 गेंद में 45 रन) और कप्तान लोकेश राहुल (27 गेंद में 39 रन) की उपयोगी पारियों से एलएसजी को 160 रन से अधिक स्कोर तक पहुंचाया। पूरन ने आखिरी ओवरों में चार छक्के और दो चौके लगाये जबकि राहुल ने अपनी पारी में तीन चौके और दो छक्के लगाये। पिछले मैच में अर्धशतक लगाने वाले आयुष बडोनी ने 27 गेंद में दो चौके और एक छक्का की मदद से 29 रन बनाये। इन तीनों के अलावा टीम का कोई अन्य बल्लेबाज 10 रन के आंकड़े को पार नहीं कर पाया। केकेआर के लिए मिचेल स्टार्क ने 28 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि सुनील नरेन ने चार ओवर में सिर्फ 17 रन देकर एक विकेट लिया। वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती और आंद्रे रसेल को भी एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का बचाव करते हुए एलएसजी के लिए पदार्पण कर रहे शमार जोसेफ का पहला ओवर घटना प्रधान रहा। नरेन (छह) ने इस ओवर में चौका तो वही सॉल्ट ने छक्का लगाया जबकि 10 रन अतिरिक्त के कोटे में रहे। टीम में वापसी कर रहे मोहसिन ने अपने अगले दो ओवरों में नरेन और अंगकृष रघुवंशी (सात) को पवेलियन की राह दिखायी। इस बीच तीसरे ओवर में कृणाल के खिलाफ हैट्रिक चौका लगाने वाले सॉल्ट ने छठे ओवर में यश ठाकुर की शुरुआती दो गेंदों को सीमा रेखा के पार भेजा। पावरप्ले में केकेआर का स्कोर दो विकेट पर 58 रन था। सातवें ओवर में जोसेफ की गेंद पर मैदान अंपायर ने अय्यर को आउट करार दिया लेकिन रिव्यू लेने के बाद वह बच गये। गेंद उनकी जांघ पर लगकर विकेटकीपर के हाथों में गयी थी। इसी ओवर में सॉल्ट के शॉट पर अरशद खान ने कैच लेने का प्रयास किया लेकिन गेंद उनके हाथ में लगकर छह रन के लिए चली गयी। सॉल्ट ने पारी के आठवें और 10वें ओवर में अरशद के खिलाफ क्रमशः दो और तीन चौके लगाकर 26 गेंद में मौजूदा सत्र का अपना दूसरा अर्धशतक पूरा किया। इस बीच श्रेयस अय्यर ने रवि बिश्नोई के खिलाफ चौका जड़ा। सॉल्ट ने अपनी आक्रामक पारी जारी रखते हुए 14वें ओवर में यश ठाकुर के खिलाफ तीन चौके लगा कर श्रेयस के साथ शतकीय साझेदारी पूरी की। उन्होंने अगले ओवर में मोहसिन की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का उनका आंकड़ा खराब किया।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 6 | 5 | 1 | 10 | +0.767 |
| कोलकाता | 5 | 4 | 1 | 8 | +1.688 |
| चेन्नई | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.666 |
| हैदराबाद | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.344 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 3 | 6 | +0.038 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 | -0.637 |
| मुंबई | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.073 |
| पंजाब | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.218 |
| दिल्ली | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.975 |
| बेंगलुरु | 6 | 1 | 5 | 2 | -1.124 |

### लखनऊ 161/7
20 ओवर, अतिरिक्त : 8

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| क्विंटन डिकॉक कैच नरेन बोल्ड वैभव | 10 | 08 | 2/0 |
| केएल राहुल कैच रमनदीप बोल्ड रसेल | 39 | 27 | 3/2 |
| दीपक हुड्डा कैच रमनदीप बोल्ड स्टार्क | 08 | 10 | 1/0 |
| आयुष बडोनी कैच रघुवंशी बोल्ड नरेन | 29 | 27 | 2/1 |
| स्टोइनिस कैच सॉल्ट बोल्ड चक्रवर्ती | 10 | 05 | 2/1 |
| निकोलस पूरन कैच सॉल्ट बोल्ड स्टार्क | 45 | 32 | 2/4 |
| क्रुणाल पंड्या नाबाद | 07 | 08 | 0/0 |
| अरशद खान बोल्ड स्टार्क | 05 | 04 | 1/0 |

**गेंदबाजी** : मिचेल स्टार्क 4-0-28-3, वैभव 3-0-34-1, हर्षित राणा 4-0-35-0, नरेन 4-0-17-1, वरुण चक्रवर्ती 4-0-30-1, आंद्रे रसेल 1-0-16-1

### कोलकाता 162/2
15 .4 ओवर, अतिरिक्त : 22

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट नाबाद | 89 | 47 | 14/3 |
| सुनील नरेन का स्टोइनिस बो मोहसिन | 06 | 06 | 1/0 |
| अंगकृष रघुवंशी का राहुल बो मोहसिन | 07 | 06 | 0/1 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 38 | 38 | 6/0 |

**गेंदबाजी** : जोसेफ 4-0-47-0, मोहसिन 4-0-29-2, कृणाल 1-0-14-0, यश 2-0-25-0, अरशद 2-0-24-0, बिश्नोई 2 .4-0-17-0

# आरसीबी को गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की आस

**बेंगलुरु, एजेंसी**

लगातार खराब प्रदर्शन से आजिज आ चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो अभी तक चल नहीं सके हैं। रॉयल चैलेंजर्स के पास नामी गिरामी खिलाड़ी और मशहूर कोच हैं लेकिन अभी तक उनकी कोई रणनीति कारगर साबित नहीं हुई है। छह मैचों में एकमात्र जीत के साथ टीम दसवें स्थान पर हैं। इसका कारण उसके गेंदबाजों का असरदार साबित नहीं होना भी है। वे हालात के अनुरूप प्रदर्शन कर पाने में नाकाम रहे हैं।

इस आईपीएल में गेंदबाजों ने वैरिएशन पर काम किया है ताकि अति आक्रामक बल्लेबाजों पर अंकुश लगाया जा सके लेकिन आरसीबी के गेंदबाज ऐसा नहीं कर पाये। वे एक ही दिशा में सोचते चले आ रहे हैं, जिससे बल्लेबाजों को उन्हें खेलने में कोई मुश्किल नहीं हो रही। मुंबई इंडियंस के खिलाफ आरसीबी के बल्लेबाजों ने 196 रन बनाये लेकिन मुंबई ने सिर्फ 15.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। ओस या छोटी सीमारेखा को बहाना नहीं माना जा सकता जब गेंदबाज 13 रन प्रति ओवर से अधिक रन लुटा रहे हों।

आरसीबी के गेंदबाजों में जीत की ललक या जुझारूपन का अभाव साफ दिख रहा है। दूसरी ओर हैदराबाद के पास हेनरिक क्लासेन (186) और अभिषेक शर्मा (177) जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं जबकि ट्रेविस हेड (133) भी लगातार अच्छा खेल रहे हैं। एक ईकाई के रूप में ये किसी भी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ सकते हैं। पांच मैचों में छह अंक लेकर फिलहाल पांचवें स्थान पर काबिज सनराइजर्स की भी कमजोर कड़ियां हैं। अभी तक गेंदबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। शाहबाज अहमद और मयंक मार्कंडेय ने 11 से अधिक की औसत से रन दिये हैं। हैदराबाद के पास हालांकि कप्तान पैट कमिंस के रूप में संकटमोचक है जिसने छह विकेट लिये हैं और सात की औसत से रन दिये हैं।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** जयदेव उनादकट, जे सुब्रमण्यन, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारूकी, पैट कमिंस (कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, मार्को यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, ऐडन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश महाराज सिंह, वानिंदु हसरंगा और उमरान मलिक। **रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर :** फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

# धवन कम से कम सात से दस दिन के लिए बाहर

**मुल्लांपुर, एजेंसी**


राजस्थान रॉयल्स से करीबी मुकाबला हारने के बाद पंजाब किंग्स के क्रिकेट विकास प्रमुख संजय बांगड़ ने संकेत दिया कि कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण कम से कम सात से दस दिन बाहर रहेंगे। धवन रॉयल्स के खिलाफ भी नहीं खेल सके थे, जिनकी जगह सैम करेन ने कप्तानी की थी।

बांगड़ ने कहा, ''उसके कंधे में चोट लगी है और वह कुछ दिन और बाहर रहेगा। शिखर जैसा अनुभवी सलामी बल्लेबाज टीम के लिये बहुत जरूरी है।' उन्होंने कहा देखना होगा कि उपचार कैसा रहता है। इस समय तो लग रहा है कि वह कम से कम सात से दस दिन नहीं खेल सकेगा।'' सत्र की शुरूआत में कप्तानों की बैठक में पंजाब की नुमाइंदगी जितेश शर्मा ने की थी चूंकि धवन बुखार के कारण मुल्लांपुर में ही रह गए थे। इसे देखते हुए रॉयल्स के खिलाफ टॉस के लिये करेन का आना हैरानी भरा था लेकिन बांगड़ ने कहा कि उनकी भूमिका हमेशा से तय थी। उन्होंने कहा,'' सैम पिछले साल भी टीम की कप्तानी कर चुका है। वह ब्रिटेन से देर से आने वाला था और कुछ अभ्यास सत्र में भाग लेना चाहता था। यही वजह है कि बैठक में हमने उसकी बजाय जितेश को चेन्नई भेजा।''

# बॉलीवुड हलचल

## शाहिद कपूर को पसंद आयी अजय देवगन की फिल्म 'मैदान'

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर को अजय देवगन की फिल्म 'मैदान' बेहद पसंद आयी है। अमित शर्मा द्वारा निर्देशित फिल्म 'मैदान' फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित है। इस फिल्म में अजय देवगन ने 1952 से 1962 तक रहे भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है। उन्हें आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है। फिल्म 'मैदान' हाल ही में प्रदर्शित हुयी है। शाहिद कपूर को फिल्म 'मैदान' बेहद पसंद आयी है। शाहिद कपूर ने फिल्म 'मैदान' को लेकर सोशल मीडिया पर अपना रिव्यू शेयर किया है। शाहिद कपूर ने कहा, मैदान को देखकर वाकई एन्जॉय किया। इसे बहुत अच्छी तरह से बनाया गया है। दोस्तों जाकर इसे देखो। यह सभी के लिए वास्तविक पोस्ट है। अच्छी फिल्में देखने लायक हैं। पूरी टीम को ऑल द बेस्ट। फिल्म 'मैदान' में अजय देवगन के अलावा प्रियामणि, रुद्रनील घोष और गजराज राव भी हैं। यह फिल्म बोनी कपूर, आकाश चावला, अरुणव जॉय सेनगुप्ता और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित की गयी है।



## यामी स्टारर 'आर्टिकल 370' ने सिनेमाघरों में 50 दिन पूरे किए

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' ने सिनेमा घरों में 50 दिन पूरे कर लिये हैं। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म आर्टिकल-370, 23 फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में यामी गौतम और प्रियामणि ने अहम भूमिका निभायी है। यह फिल्म जम्मू-कश्मीर को दिए गए विशेष दर्जे को रद्द करने के फैसले पर आधारित है। इस फिल्म ने सिनेमाघरों में शानदार 50 दिन पूरे कर लिए हैं। यामी गौतम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कैप्शन में लिखा है, आर्टिकल 370 की शूटिंग के पहले दिन से लेकर सिनेमाघरों में फिल्म के 50 शानदार दिनों तक, समय बहुत तेज़ी से बीत गया। मुझे यह मौका देने के लिए मैं आदित्य धर फिल्म्स की बहुत आभारी हूं। एक बेहतरीन प्रोड्यूसर होने के लिए लोकेश धर को स्पेशल थैंक्स। फिल्म को जीवंत बनाने के लिए पूरी टीम, डायरेक्टर आदित्य सुहास जांभले, राइटर, एक्टर्स और एडिटिंग, म्यूजिक, सिनेमेटोग्राफी और शानदार तकनीशियनों को थैंक यू।



## 31 मई को रिलीज होगी राजकुमार राव-जान्हवी कपूर की फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही'

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव-जान्हवी कपूर स्टारर ''मिस्टर एंड मिसेज माही'' 31 मई को रिलीज होगी। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महेंद्र सिंह धोनी पर आधारित है। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। करण जौहर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि कुछ फिल्में कहानी से कहीं बढ़कर होती हैं। वे दर्शकों को उनके सपनों के बारे में बताती हैं "मिस्टर एंड मिसेज माही" हमारे सबसे करीब हैं। इस फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर रहा हूं। 31 मई 2024! आपके नजदीकी सिनेमाघरों में होगी।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।



डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते डीएम अभिषेक आनंद। अमृत विचार



बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण करते पुलिस अधीक्षक।



शोभायात्रा में शामिल लोग। अमृत विचार

## सप्तमी कालरात्रि



मां दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गा पूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। देवी कालरात्रि को व्यापक रूप से माता देवी-काली, महाकाली, भद्रकाली, भैरवी, रुद्रानी, चामुंडा, चंडी और दुर्गा के क विनाशकारी रूपों में से एक माना जाता है। देवी कालरात्रि की पूजा से शनिदोष खत्म होता है।

बीज मंत्र-क्लीं ऐं श्री कालिकायै नमः।

## एक नजर

### 'आंबेडकर का भारत' कार्यक्रम

**चित्रकूट।** शिवाजी सेवा संस्थान ने बाबा साहब भीमराव आंबेडकर, महामना ज्योतिबाराव फुले एवं चक्रवर्ती सम्राट अशोक की जयंतियों पर संयुक्त कार्यक्रम का आयोजन किया। कंधवनिया में आंबेडकर का भारत-II कार्यक्रम में बाबा साहब द्वारा समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। गांववालों को शिक्षा का महत्व समझाया गया। इस मौके पर भानू प्रताप सिंह, जागेश्वर यादव, लल्लन प्रधान, अर्जुन सिंह, सिद्धार्थ विक्रम सिंह, शिवम, अमित सिंह, श्रीराम, शुभम, कमल, अच्छेलाल, राजा भैया, कुलदीप सिंह, सूरज सिंह, आलोक बौद्ध आदि मौजूद रहे।

### लोगों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई

**चित्रकूट।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला इकाई ने आंबेडकर जयंती मनाई। जिला सचिव अमित यादव एडवोकेट ने संविधान निर्माण में बाबा साहब के योगदान पर प्रकाश डाला। बताया कि संविधान में सभी देशवासियों को बिना भेदभाव के अधिकार दिए गए हैं। अमित ने सभी को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। चंद्रपाल पाल, महेंद्र प्रताप, रामू यादव, महेंद्र सिंह, सुशील सिंह, कमलेश, राजेंद्र मौजूद रहे।

# वंचितों को देना होगा योजनाओं का लाभ

## संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर जिलाधिकारी ने किया आह्वान

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** भारतीय संविधान के जनक और देश के पहले कानून मंत्री बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती जिले में धूमधाम से मनी। शोभायात्रा निकाली गई। गोष्ठियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में डॉ. आंबेडकर के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में हुए कार्यक्रम में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि मुख्य धारा से कटे लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने और वंचितों को समान अवसर देना ही बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

डीएम ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व और कृतित्व के बारे में बताया। एडीएम उमेश चंद्र निगम, वंदिता श्रीवास्तव और राजेश प्रसाद ने भी सभी को बाबा साहेब के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लेने की प्रेरणा दी। डीएम सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। संचालन आयुक्त सहायक मनोज कुमार मिश्रा ने किया। एसडीएम मोहम्मद जसीम, सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा, सहायक कोषाधिकारी अवधेश प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।



डॉ. आंबेडकर की जयंती पर राजापुर में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

**शोभायात्रा निकाली गई:** डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती आयोजन समिति ने मुख्यालय में हर्षोल्लास के साथ बाबा साहब की जयंती मनाई। पटेल तिराहे से धुस मैदान पार्क तक शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान वरदिया घोड़े का नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। धुस मैदान पार्क पर गोष्ठी में लोगों ने बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इसमें अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ के गुरु प्रसाद, गिरीश कुमार, गया प्रसाद बौद्ध, डॉ. सुदामा प्रसाद, नगीना देवी, चंद्र प्रकाश, डॉ. रमेश सिंह चंदेल, सभासद शंकर यादव, राजकमल वर्मा, चंद्र प्रकाश, नीतू सिंह, गीता वर्मा, दिनेश कुमार, संजय कुमार, संजय सिंह राणा आदि मौजूद रहे। आयोजन समिति के मुख्य कार्यकर्ता गया प्रसाद ने सभी का आभार जताया।

**राजापुर में भी हुई संगोष्ठी:** राजापुर। तहसील सभागार में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। उप जिलाधिकारी प्रमोद झा ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने अशिक्षित और निर्धन लोगों को जागरूक बनाने के लिए अनेक प्रयास किए। तहसीलदार रामसुधार राम और अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों ने भी अपने विचार रखे।

### एसपी आफिस में कार्यक्रम

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी अरुण कुमार सिंह ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, प्रभारी एलआईयू सूर्यकांत अरुण राय, सोशल मीडिया सेल निशिकांत राय, प्रधान लिपिक अनिल मोहन शुक्ला, वाचक पारितोष दीक्षित, शिवमूरत यादव आदि मौजूद रहे। उधर, राजकीय संप्रेषण गृह किशोर में कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक अधीक्षक वीर सिंह ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। उन्होंने सभी संवासियों को देश के लिए किए डॉ. आंबेडकर के योगदान को बताया तथा उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। संचालन योगाचार्य संजय कुमार ने किया।

### पहाड़ी में भी मनाई गई आंबेडकर की जयंती

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** पहाड़ी में बाबा साहेब की जयंती धूमधाम से मनाई गई। पालेश्वर नाथ इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य धर्मेंद्र सिंह ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया। शिक्षक आलोक सिंह, दयाराम, रामनरेश, सुधीर पांडेय, अवनीश कुमार, महेंद्र प्रसाद, सुधाकर सिंह, अभय सिंह, शिवशंकर सिंह, मनोज कुमार, राममिलन विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे। स्व. रघुवीर प्रसाद बालिका इंटर कालेज में प्रधानाचार्या वंदना गुप्ता ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया। राजकरण गुप्ता, अंजू नामदेव, रावेंद्र सिंह, दीपक चौरसिया आदि मौजूद रहे। बाल विकास परियोजना कार्यालय में बाल विकास परियोजना अधिकारी महेंद्र सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. उदय प्रताप सिंह व थाने में प्रभारी निरीक्षक श्याम प्रताप सिंह पटेल ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया।



पहाड़ी में बाबा साहेब को नमन करते शिक्षक। अमृत विचार

### तानाशाही हटाओ दिवस के रूप में मनाई जयंती

**चित्रकूट।** आम आदमी पार्टी के जिला कार्यालय में संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. बीआर आंबेडकर की जयंती संविधान बचाओ-तानाशाही हटाओ दिवस के रूप में मनाई। जिलाध्यक्ष संतोषी लाल शुक्ला ने कहा कि हमारे नेता अरविंद केजरीवाल ने बाबा साहब के सपने को पूरा करने की कसम खाई है। पिछड़े शोषित वर्ग को आगे ले जाने के लिए उठाए गए कदम केंद्र सरकार को अच्छे नहीं लग रहे। अंकित सिंह पटेल, श्याम बाबू त्रिपाठी, लवलेश केशरवानी, जितेंद्र गोयल, अनुरुद्ध सिंह यादव, सुमन विश्वकर्मा, आभा श्रीवास्तव, योगेंद्र रैकवार, प्रेमचंद्र सिंह पटेल, डॉ. रमाकांत गुप्ता, प्रमोद कुमार सोनी, राजबहादुर साहू, आलोक कुमार सिंह आदि पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राम जन्म की कथा सुन श्रद्धालु मंत्रमुग्ध

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** श्री रघुवीर मंदिर ट्रस्ट बड़ी गुफा में नौ दिवसीय रामकथा के पांचवें दिन किशोरी शरण मधुकर ने श्रद्धालुओं को राम जन्म की कथा सुनाकर भावविभोर कर दिया।

बताया कि साक्षात नारायण त्रिभुवनपति ने अयोध्या के चक्रवर्ती सम्राट राजा दशरथ की पहली संतान के रूप में उनकी बड़ी रानी कौशिल्या के गर्भ से जन्म लिया। जब प्रभु ने जन्म लिया, चारों ओर हरियाली छा गई। फूल खिल उठे, सुर, नर, मुनि गंधर्व सब अयोध्या धाम में भेष बदलकर पहुंच गए। स्वर्ग से सारे देवी देवता शंखनाद करते हुए पुष्पों की वर्षा करने लगे। अयोध्या में बधाइयां बजने लगीं। प्रभु जन्म की कथा सुनते ही कथा स्थल प्रभु के जयकारों से गूंजने लगा और कथा प्रेमी बधाई गीत गाकर नाचने लगे।



कथावाचक किशोरी शरण मधुकर का सम्मान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# जबलपुर से हरिद्वार को ट्रेन का संचालन शुरू

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के जिला मंत्री समाज सेवी हरिशंकर गुप्ता ने बताया कि रेलवे ने जबलपुर से हरिद्वार के लिए ट्रेन का संचालन शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि वह लगातार पत्रों के माध्यम से रेल मंत्री, रेलवे बोर्ड अध्यक्ष, महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे, महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेलवे से इस ट्रेन के पुनः संचालन करने की मांग लगातार कर रहे थे। बताया कि इस ट्रेन से चित्रकूट धाम से हरिद्वार ऋषिकेश चारों धाम की सुगम यात्रा होगी। हरिशंकर ने बताया कि यह ट्रेन 17 अप्रैल से जबलपुर से हरिद्वार के लिए रवाना होगी। बताया कि वह चारों धाम को जोड़ने के लिए रेल मंत्रालय से और भी कई मांगें कर रहे हैं। इनमें लखनऊ से पुणे एक्सप्रेस ट्रेन साप्ताहिक तीन दिन चित्रकूट धाम से होकर चलाने और जगन्नाथपुरी से चित्रकूट धाम जोड़ते हुए ट्रेन संचालन की मांगें हैं।

# छह पट्टाधारकों पर किया गया 84.45 लाख रुपये का जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** खनिज विभाग ने अवैध खनन एवं परिवहन पर नियंत्रण के लिए पट्टा क्षेत्रों का औचक निरीक्षण अभियान चलाया। जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह ने बताया कि तहसील कर्वी के अंतर्गत ग्रेनाइट, गिट्टी और बोल्डर के खनन पट्टा क्षेत्रों के मौका मुआयने के दौरान छह पट्टाधारकों द्वारा निर्धारित स्थान से ज्यादा में खनन करते पाया गया। सभी पर कुल मिलाकर 84,45,120 रुपये जुर्माना किया गया है।

खनिज अधिकारी ने बताया कि मुआयने के दौरान मे. अनिल सिंह के प्रो. अनिल सिंह द्वारा 1610 घन मीटर, राहुल यादव द्वारा 651 घन मीटर, मे. महेश प्रसाद जायसवाल के प्रो. महेश प्रसाद जायसवाल द्वारा 624 घन मीटर, मे. नारायण स्टोन मिल के प्रो. शिवमंगल सिंह द्वारा 1300 घन मीटर, अर्चना सिंह पत्नी धनंजय सिंह द्वारा 1352 घन मीटर, राजेंद्र कुमार द्वारा 135 घन मीटर उप खनिज ग्रेनाइट/गिट्टी/ बोल्डर का खनन स्वीकृत क्षेत्र के बाहर किया जाना पाया गया। इन सभी पर उत्तर प्रदेश उप खनिज परिहार नियमावली 2021 के नियमों के अंतर्गत जुर्माना किया गया। अनिल सिंह पर 20,45,600 रुपये, राहुल यादव पर 11,24,960 रुपये, महेश प्रसाद जायसवाल पर 10,99,040 , शिवमंगल सिंह पर 17,48,000 रुपये, अर्चना सिंह पर 17,97,920 और राजेंद्र कुमार पर 6,29,600 रुपये जुर्माना लगाया गया है। बताया कि डीएम ने संबंधित पट्टाधारकों को धनराशि एक सप्ताह के अंदर खनिज विभाग के लेखा शीर्षक में जमा करने के आदेश दिए हैं।



खदान का निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

### दो अन्य जगहों पर भी हुई कार्रवाई

खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह ने बताया कि नियम विरुद्ध खनन करने वाले दो पट्टेधारकों पर 10 लाख का जुर्माना लगाया गया है। बताया कि धौरहरा बालू खदान की फर्म जय माता दी व काशी कंट्रक्शन फर्म को पांच-पांच लाख रुपये का जुर्माना किया गया है। इन पर बालू घाट पर ज्यादा गहरा गड्ढा करने पर कार्रवाई की गई है।

### जुर्माना जमा न किया तो कटेगी आरसी

खनिज अधिकारी ने बताया कि विभाग द्वारा लगातार जांच कराई जाती है। इसके अलावा शिकायतों पर भी कार्रवाई होती है। बताया कि जुर्माना अदा न करने पर इन लोगों को नोटिस भेजी जाएगी और अगर तब भी न अदा किया तो आरसी कटेगी।

# भाई पर कुल्हाड़ी और लाठी से हमला कर मार डाला

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

- सरधुआ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भदेहदू का मामला
- आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार।** सरधुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भदेहदू में छोटे भाई ने मंझले को कुल्हाड़ी और लाठी के ताबड़तोड़ प्रहार से मौत के घाट उतार दिया। सीओ की अगुवाई में पुलिस फोर्स पहुंची। घर को चारों ओर से घेर लिया गया और कई घंटे की मशक्कत के बाद हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी मानसिक रूप से बीमार है।



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस और ग्रामीण। अमृत विचार

घटना रविवार की दोपहर करीब दो बजे की है। जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत भदेहदू में लखन उर्फ छोट्टन पुत्र नत्थू मिश्रा ने अपने मंझले भाई गुड्डन उर्फ हनुमत (30) को धारदार हथियार से ताबड़तोड़ प्रहार कर मौत के घाट उतार दिया। उसने गुड्डन को लाठी से भी पीटा। घटना के समय तीनों भाई एक कमरे में थे। लोगों ने इसकी सूचना सरधुआ पुलिस को दी तो सीओ निष्ठा उपाध्याय की अगुवाई में प्रभारी निरीक्षक आशुतोष तिवारी व भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिसकर्मियों ने चारों ओर से घर को घेर लिया। छत की टहन शेड हटाकर अंदर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने मशक्कत के बाद हत्यारोपी को दबोच लिया। बताया जाता है कि घटना के समय बड़ा भाई संगमलाल कर्वी गया था। वह भी भाई की हरकत और दुस्साहस से डरा-सहमा रहा। सीओ ने बताया कि तीनों भाई एकसाथ रहते थे। तीनों अविवाहित थे। युवक के मानसिक संतुलन खराब के चलते यह घटना प्रतीत हो रही है। हत्यारोपी को पकड़ लिया गया है।

**तैयारी** प्राकट्य उत्सव को लेकर लोगों में उत्साह, अधिकारियों ने नगर में किया भ्रमण

# तुलसीतीर्थ में निकलेगी प्रभु राम की शोभायात्रा

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

- दीपोत्सव के रूप में मनाएं रामनवमी : एसडीएम

**अमृत विचार।** तुलसीतीर्थ में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के प्राकट्य उत्सव को लेकर उत्साह है। आयोजन की भव्यता को लेकर थाने में रविवार को बैठक हुई। बाद में उप जिलाधिकारी प्रमोद झा और अन्य अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने नगर भ्रमण कर लोगों से आयोजन में सौहार्द्र और भाईचारे के साथ शामिल होने की अपील की।

बैठक में एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 17 अप्रैल को रामनवमी पर निकलने वाली शोभायात्रा में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिम्मेदारी निभाएं। तहसीलदार रामसुधार राम, प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह आदि मौजूद रहे। व्यापारियों तथा श्रद्धालुओं ने भी विचार रखे। मुख्य आयोजक सुनील मिश्रा ने बताया कि प्रभु श्रीराम के प्राकट्योत्सव को धूमधाम से मनाए जाने की तैयारी कर ली गई है। शोभायात्रा में विद्यार्थियों की आकर्षक झांकियां भी शामिल रहेंगी। शोभायात्रा तुलसी जन्मकुटीर मानस मंदिर से लगभग 12 बजे निकाली जाएगी। एसडीएम ने लोगों से तुलसी जन्मकुटीर, मानस मंदिर तथा तुलसी स्मारक आदि देवालयों में लगभग 11 हजार दीपक प्रज्ज्वलित करने की अपील की। कहा कि शोभायात्रा के दौरान चुनाव आचार संहिता का पालन किया जाना चाहिए। नपंअ संजीव मिश्रा ने बताया कि शोभायात्रा की पूर्व संध्या में नगर में सफाई, विद्युत व्यवस्था किए जाने के साथ पेयजल के स्टॉल लगा दिए जाएंगे। इस अवसर पर सदर लेखपाल प्रदीप तिवारी, जगदीश शुक्ला, कमलेश मोदनवाल, भगवान दास सोनकर, योगेंद्र सिंह, वसीम कुरैशी, शंकर दयाल जायसवाल, अशोक द्विवेदी, राकेश नामदेव, अशोक सोनकर, उमेश सोनी, अशोक सोनी, विकास अग्रहरि, भरतलाल जायसवाल आदि मौजूद रहे।



रामनवमी पर निकलने वाली शोभायात्रा के संबंध में बैठक करते एसडीएम।



उपनयन संस्कार के दौरान मौजूद बटुक। अमृत विचार

# 151 बटुकों का हुआ सामूहिक उपनयन संस्कार

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** जानकीकुण्ड में श्री राम संस्कृत महाविद्यालय अंतर्गत श्री रघुवीर मंदिर (बड़ी गुफा) के 151 बटुकों का सामूहिक उपनयन संस्कार वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर बटुकों के माता-पिता, आचार्य एवं सद्गुरु परिवार के सदस्य, रूपल, डॉ. बीके जैन, उषा जैन आदि मौजूद रहे।

### युवाओं ने परिक्रमा पथ पर चलाया स्वच्छता अभियान

**सीतापुर (चित्रकूट)।** कामदगिरि स्वच्छता समिति के तत्वाधान में युवाओं ने नियमित अभियान के तहत रविवार को कामदगिरि परिक्रमा पथ पर सफाई की। समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने लोगों से अपील की कि वे पुल के ऊपर से मंदाकिनी नदी में कूड़ा न डालें। इस दौरान जितेंद्र केशरवानी, राजेंद्र त्रिपाठी, कृष्णा शुक्ला, अंकुर केशरवानी, विनोद कुमार, जानकी कुशवाहा, मनोज कुमार, रसूल बख्श आदि लोगों ने सहयोग किया।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।




बाइक रैली निकालते ऑल अधिकारी संगठन के लोग। अमृत विचार



बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते भाजपाई। अमृत विचार



बाबा साहेब की प्रतिमा पर माला पहनाते सदर विधायक। अमृत विचार



बाबा साहेब की जयंती मनाते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

# समाज सुधारक और आधुनिक भारत के युग पुरुष थे बाबा साहेब: डीएम

## भाजपा ने मनाया सामाजिक समरसता दिवस तो सपा ने लिया लोकतंत्र को बचाने का संकल्प

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचारः** चुनावी माहौल के बीच पूरे जिले में जगह-जगह संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई और बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के तत्वाधान में जयंती सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाई गई जबकि समाजवादी पार्टी ने जयंती अवसर पर संविधान व लोकतंत्र को बचाने का संकल्प लिया।

संविधान निर्माता डा.भीमराव अंबेडकर जयंती की रविवार को पूरे जिले में धूम रही। भाजपाइयों ने जहां सामाजिक समरसता दिवस के रूप में बाबा साहब की जयंती मनाते हुए पार्टी कार्यालय से लेकर विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया। उनके पद चिह्नों पर चलने का सभी ने संकल्प लिया। शहर के आंबेडकर पार्क में बाबा साहब को श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद भाजपा जिला प्रभारी रामकिशोर साहू ने डा.भीमराव आंबेडकर को समाज सुधारक के साथ आधुनिक भारत का युग पुरुष बताया। कहा कि वह भारत में जाति विहिन समाज स्थापना के पक्षधर थे। उन्होंने संविधान के निर्माण के समय उन बातों को उसमें सम्मिलित कराया। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि वह न्यायविद, अर्थशास्त्री और दलित नेता थे। उन्होंने भारत के संविधान का मसौदा तैयार करने वाली समिति का नेतृत्व किया। स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री के रूप में कार्य किया। उनका अपना पूरा जीवन दलितों, शोषित व पिछड़ों के उत्थान के लिए समर्पित रहा। भाजपा जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने उनके तीन मूल मंत्र शिक्षित बनो, संगठित बनो, संघर्ष करो का नारा बुलंद किया। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता, नगर पालिका चेयरमैन मालती गुप्ता बासू, डा.धर्मेंद्र त्रिपाठी, अखिलेशनाथ दीक्षित, अंकित बासू, संतोष गुप्ता, पंकज रैकवार सहित बड़ी संख्या में भाजपाई मौजूद रहे। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने अपने पैतृक गांव छिबांव में बाबा साहब की प्रतिमा में पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। उन्होंने बाबा साहब को सामाजिक व राजनीतिक क्रांति एवं समतामूलक समाज के प्रणेता, महान विधिवेत्ता बताया। यहां पूर्व प्रधान गंगादीन वर्मा, पूर्व प्रधान मेवालाल वर्मा, राधेश्याम वर्मा, रामकिशोर वर्मा समेत तमाम लोग शामिल रहे। वहीं नगर पंचायत तिंदवारी कार्यालय में नगर पंचायत अध्यक्ष सुधा साहू ने भाजपा नेताओं के साथ मिलकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके पदचिह्नों पर चलते हुए देश का विकास कराने का संकल्प लिया। मंडल अध्यक्ष श्यामबाबू पाल ने साथियों के साथ महोखर गांव में मंडल प्रभारी बलराम सिंह कछवाह के साथ भारत के संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉ.भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई। यहां शक्ति केंद्र संयोजक शिवम गुप्ता, राहुल सिंह, राहुल तिवारी, हिमांशु सिंह आदि शामिल रहे। उधर, समाजवादी पार्टी ने बाबा साहब की जयंती के अवसर पर अपने गठबंधन के साथियों के साथ चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया और बाबा साहब के बनाए संविधान को बचाने का संकल्प लिया। उद्घाटन की औपचारिकता के बाद आयोजित गोष्ठी में पूर्व सांसद विशंभर प्रसाद निषाद, बबेरू विधायक विशंभर सिंह यादव, लोकसभा उम्मीदवार पूर्व मंत्री शिवशंकर सिंह पटेल, सपा जिलाध्यक्ष डा.मधुसूदन कुशवाहा, युवा नेता ओमनारायण त्रिपाठी विदित, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे, कांग्रेस नगर अध्यक्ष अफसाना शाह, आम आदमी पार्टी नेता अवधेश गुप्ता खादीवाला आदि ने उनके व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए समाज व देश निर्माण का प्रमुख व्यक्तित्व बताया। गोष्ठी समापन पर सपाइयों ने संविधान के साथ लोकतंत्र रक्षा का संकल्प लिया। इसके पहले सपाइयों ने आंबेडकर चौक पर स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर सपा नेता पियूष गुप्ता, प्रियांशु गुप्ता, प्रदीप परिहार बउवा, वृंदावन वैश्य, अशोक श्रीवास, उर्मिला वर्मा, विजयकरन यादव समेत तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे। वहीं राष्ट्रीय लोकदल, आम आदमी पार्टी ने भी बाबा साहब की जयंती मनाई।



बाबा साहेब को पुष्प अर्पित करतीं डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल। अमृत विचार

### आयुक्त और डीएम ने दी बाबा साहेब को श्रद्धांजलि

डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने जहां आयुक्त कार्यालय मे श्रद्धांजलि अर्पित की और डा.आंबेडकर के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। कलेक्ट्रेट स्थित महर्षि बामदेव सभागार में जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किए। कहा कि भारत के संविधान को तैयार करने में डा.आंबेडकर का अहम योगदान रहा है। इस अवसर पर एडीएम राजेश कुमार, एडीएम न्यायिक अमिताभ यादव, एडीएम नमामि गंगे मनोज श्रीवास्तव सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण रहे।

### सरकारी कार्यालयों में दी गई श्रद्धांजलि

- जहां सभी सियासी दलों ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई, वहीं जिले के सभी सरकारी कार्यालयों और स्कूलों में बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। चिल्ला संकुल में क्षेत्र के सभी प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षिकाओं ने बाबा साहब की जयंती मनाते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। यहां मीरा देवी, सुहैल, रामसुफल कश्यप, इंद्रजीत निषाद, अभय कुमार, माधुरी पांडेय, अर्चना देवी, गीता देवी, ऋचा गुप्ता, रेखा देवी, रामराज, कंचन सिंह रहे।



बाबा साहेब को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी। अमृत विचार

### बाइक रैली के साथ निकाली गई पदयात्रा

भीम आर्मी, आल शिक्षक, बहुजन सेवा संघ, संत गाडगे समिति, राष्ट्रीय बौद्ध महासभा, संघ मित्रा बौद्ध विहार व आल अधिकारी कर्मचारी समेत तमाम संगठनों ने भारत रत्न डा.भीमराव आंबेडकर जयंती पर शहर में धूमधाम के साथ बाइक रैली व पद यात्रा निकली। जय भीम के साथ जय अंबेडकर के नारों से शहर के प्रमुख मार्ग गूंजते रहे। यात्रा के दौरान जगह–जगह अनुयाइयों ने फूल बरसा कर बाइक रैली और पद यात्रा का जोरदार स्वागत व अभिनंदन किया। शहर के विभिन्न मार्गों पर भ्रमण करते हुए रैली व यात्रा का अंबेडकर पार्क में समापन हुआ। यहां डा.आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प माला चढ़ाए। वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इसके पहले बाबा साहब की जयंती की पूर्व संध्या पर भी भव्य शोभा निकाली गई और बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### भारत के संविधान का अनुकरण कर रहा समूचा विश्व

भारतीय संविधान के जनक डा.भीमराव आंबेडकर जी की जयंती पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे व शहर अध्यक्ष अफसाना शाह ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। जिलाध्यक्ष लालू दुबे ने कहा कि समाज से असमानता और अन्याय समाप्त करने में अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। विश्व भारत के संविधान का अनुसरण कर रहा है। नगर अध्यक्ष ने बाबा साहब को सामाजिक भेदभाव, ऊंच नीच, जातिवाद के विरुद्ध अभियान चलाने वाला महान समाज सुधारक बताया। इस मौके पर बल्देव वर्मा, आदित्य कुमार, सन्तोष द्विवेदी, एस के त्रिपाठी, अशरफ उल्ला पप्पू रम्पा, नाथू राम सेन, पवन देवी कोरी, अमलेशा अनुरागी, राजबहादुर गुप्ता, राजेश गुप्ता, सत्यप्रकाश द्विवेदी, लक्ष्मीकांत मिश्रा, मो. इदरीश, गेंदा प्रसाद यादव, शिवाकांत मिश्रा, डा.केपी सेन, साफिया बेगम, सुखदेव गांधी आदि उपस्थित रहे।



जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाते एसपी। अमृत विचार

# अग्निशमन दिवस पर निकाली रैली, लोगों को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- एसपी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना
- 20 तक मनाया जाएगा अग्निशमन सप्ताह

**अमृत विचार।** अग्निशमन दिवस के अवसर पर अग्निशमन कर्मचारियों द्वारा शहर में जागरुकता रैली निकाली गई। जिसमें लोगों को आग लगने पर बचाव के संबंध में जानकारी दी गई, साथ ही पंपलेट आदि का भी वितरण किया गया। जागरुकता रैली को पुलिस अधीक्षक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

एसपी अंकुर अग्रवाल ने विशेष अग्निशमन जागरुकता सप्ताह का शुभारम्भ करते हुए जागरुकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। 14 से 20 अप्रैल तक चलने वाले विशेष जागरुकता सप्ताह के द्वारा अग्निशमन कर्मियों द्वारा जनमानस को आग से बचाव संबंधी के उपायों के बारे में जागरुक किया जायेगा। अग्निशमन सेवा द्वारा विभिन्न होटलों, ढाबों, अस्पतालों, बैकों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, स्कूलों, कॉलेजों आदि स्थानों पर कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र, क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार सिंह, मुख्य अग्निशमन अधिकारी मुकेश कुमार रहे।

# 15 लाख के गांजा के साथ पांच तस्कर दबोचे

कार्यालय संवाददाता,बांदा

- तस्करों के पास 101 किलो गांजा के साथ बरामद हुईं दो गाड़ियां
- चेकिंग के दौरान पैलानी थाने की पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के लेकर अपराधियों और मादक पदार्थों की बिक्री करने वालों पर पुलिस का शिकंजा और कसता जा रहा है। पैलानी पुलिस ने चेकिंग के दौरान कार व बोलेरो से गांजा की तस्करी करने जा रहे अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। एक आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहा। तलाशी के दौरान तस्करों के पास से 101 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस के मुताबिक बरामद गांजा की अंतर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 15 लाख रुपये आंकी गई है।

पुलिस लाइन सभागार में रविवार को मीडिया के समक्ष खुलासा करते हुए एएसपी लक्ष्मी निवास मिश्रा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर लोकसभा चुनाव सकुशल व निष्पक्ष कराने तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध पुलिस ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में पैलानी थाना पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली। शनिवार को शाम पैलानी थानाध्यक्ष संदीप सिंह व खप्टिहाकलां चैकी प्रभारी राजेश मिश्रा अपने हमराही हेड कांस्टेबिल रामचंद्र यादव व कांस्टेबिल अंकित यादव, विजय सिंह, नारायण सिंह और अवनीश पाठक के साथ लोकसभा चुनाव के मद्देनजर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग और गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ तस्कर गांजा बिक्री करने के लिए जसपुरा की ओर जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने कालेश्लर मंदिर के पास दो संदिग्ध चार पहिया वाहनों को रोककर जांच की। पुलिस ने कार और बोलेरो के अंदर छह बोरियों में 101 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। तस्करी करने वाले पांच अंतर्राज्यीय तस्करों पैलानी थाना क्षेत्र के खप्टिहाकलां गांव निवासी संजय सिंह उर्फ तन्नू सिंह पुत्र स्व. जगदीश सिंह, खप्टिहकलां गांव के मजरा शिवपाल का डेरा निवासी भरतलाल निषाद पुत्र रामऔतार व अमेंद्रजीत निषाद उर्फ मिंता पुत्र बृजराज और मटौंध थाना क्षेत्र के अछरौड़ गांव निवासी अरविंद सिंह पुत्र राजाभइया व देहात कोतवाली क्षेत्र के गुरेह गांव के मजरा भज्जू का पुरवा निवासी अशोक सिंह पुत्र रामऔतार सिंह को गिरफ्तार कर लिया। जबकि गिरोह का सरगना शहर कोतवाली क्षेत्र के गंगानगर (महादेव पेट्रोल पंप) निवासी मोहित निगम अंधेरे का फायदा उठाते हुए भागने में कामयाब रहा। पुलिस के मुताबिक बरामद गांजा की अंतर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 15 लाख रुपये आंकी गई है। अपर एसपी ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपी अंतर्राज्यीय तस्कर हैं। उड़ीसा और झारखंड से गांजा की खेप लाकर बांदा और इसके आसपास के जनपदों चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, सतना आदि में बिक्री करते थे। गैंग के सरगना के विरुद्ध शहर कोतवाली में कई मामले दर्ज हैं।



गिरोह का खुलासा करते एएसपी लक्ष्मी निवास मिश्रा। अमृत विचार

### तमंचा और कारतूस के साथ दो चोर गिरफ्तार

पूरे जनपद में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण लगाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान तहत कमासिन थाना पुलिस ने दो दिन पहले थाना क्षेत्र के दादौं गांव में देशी शराब ठेका से चोरी का खुलासा कर दिया। पुलिस ने थाना क्षेत्र के अमेढ़ी रोड पर घटना में शामिल रहे दांदौं गांव निवासी रमेश पुत्र संतू और महेश पुत्र रामबली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरों के पास से चोरी के 90 पाउच देशी शराब, 2900 रुपये समेत दो तमंचे व कारतूस बरामद किए।

## सार-संक्षेप

### नाले में मिले शव की शिनाख्त, हत्या का आरोप

**बांदा।** नाले में मिले अधिवक्ता के शव की शिनाख्त कर ली गई है। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर के जीआई मैदान के समीप स्थित पंकज नाला में अज्ञात 55 वर्षीय अधेड़ का शव उतरा रहा था। वहां से गुजर रहे राहगीरो ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने राहगीरो की मदद से शव को नाले से बाहर निकलवाया गया। तमाश बीनो की भीड़ इकठठा हो गई। कुछ लोगो ने उसकी पहनचान अधिवक्ता उदय प्रताप सिंह पुत्र रामपाल के रूप में की मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। मृतक के परिजन शुभम सिंह ने बताया कि उदय प्रताप अधिवक्ता था। वह नशे का आती था। शुक्रवार को वह तेरहवी संस्कार में शामिल होने गया था। कुछ लोगो ने उसे क्योटरा चौराहा के पास देखा था। तभी से वह लापता हो गया था। आरोप लगाया कि नशे में किसी उसकी हत्या करने के बाद शव को नाले में फेक दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी के अलावा तीन बेटिया छोड़ गया है। कोतवाली प्रभारी एके दुबे का कहना है कि आस पास लगे सीसीटीबी फुटेज की जांच पड़ताल की गई। प्रथम दृष्टया मामला नशे में नाले में गिर कर मौत होना प्रतीत हो रहा है। पीएम रिपोर्ट में भी नाले में डूबने से मौत होने की पुष्टि की गई है।

### टेंपो की टक्कर से महिला की मौत

**बांदा।** पानी भरने जा रही बुजुर्ग महिला की तेज रफ्तार टेंपो की टक्कर से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के सिमौनी गांव निवासी 65 वर्षीय अहमदी पत्नी मुस्ताक खा शनिवार की शाम हैंडपंप पानी भरने जा रही थी। तभी जमुवा गेट के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार टैपो ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह गभीर रूप से घायल हो गई। उसे पीएचसी तिंदवारी मे भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने उसकी हालत देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घरवालो ने उसे यहां लाकर भर्ती कराया। जहां डॉक्टरो ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही ष्घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतका के भांजे दिलशाद ने बताया कि वह पानी लेने जा रही थी। तभी रास्ते में यह हादसा हो गया।

### मां से नाराज बेटे ने ट्रेन से कटकर जान दी

**बांदा।** इलाज को लेकर मां से हुए विवाद पर नाराज बेटे ने घर के नजदीक स्थित रेलवे लाइन पर ट्रेन से कट कर खुदकुशी कर लिया। काफी देर बाद वहां से गुजर रहे ग्रामीणो ने देखा तो पहचान लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर के अवंती नगर निवासी 20 वर्षीय अनिल राजपूत पुत्र धन्नी राजपूत शनिवार की शाम बिना बताए घर से चला गया। उसने नहर के पास से गुजरी रेलवे लाइन पर ट्रेन से कट कर खुदकुशी कर लिया। देर रात वहां से गुजर रहे ग्रामीणो ने देखा तो उसे पहचान लिया। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंच गए। शव देखते ही घरवालो में कोहराम मच गया। मृतक के चाचा धनीराम ने बताया कि वह घर पर परचून की दुकान खोले था। वह एक साल पहले दुर्घटना में घायल हो गया था। उसका झांसी में इलाज चलता है। इलाज को लेकर अक्सर मां गुडडो से विवाद होता रहा था। दो दिन पहले मां दवा लेकर आई है। इलाज को लेकर दोनो में विवाद हो गया। इसी से नाराज होकर उसने ट्रेन से कट कर खुदकुशी कर लिया। मृतक दो भाइयो में बड़ा था।

### पत्नी से विवाद के बाद युवक ने जहर खा खुदकुशी की

**बांदा।** पन्ना जिला के लच्छा पुरवा निवासी 40 वर्षीय मिथलेश पुत्र छोटा प्रसाद ने शनिवार की शाम घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालो को जानकारी हुई। उसे तत्काल रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के साले राजू निवासी केवटपुरवा ने बताया कि मिथलेश किसानी करता था। उसके पास 12 बीघा जमीन है। उसने कुछ खेती कटगांव में बटाई की ले लिया था शनिवार को दो मिथलेश अपनी पत्नी जगरानी के साथ कटगांव में फसल की कटाई कर रहे थे। फसल काटने को लेकर दोनो में विवाद हो गया। दोनो पति पत्नी खेत से घर आ गए। पत्नी अपना काम काज करने लगी। इसी बीच मौका पाते ही मिथलेश ने जहरीला पदार्थ खा कर खुदकुशी कर लिया। मृतक अपने पीछे पत्नी के अलावा तीन पुत्रियां दो पुत्र छोड़ गया है।

### कार की टक्कर से पिता और पुत्री घायल

बांदा। शहर के कंचन पुरवा निवासी 45 वर्षीय चक्रपाणि त्रिपाठी अपनी 16 बेटी राशि के साथ पिस्टा गांव से बाइक मे बैठकर घर आ रहे थे। तभी गुरेह गांव के पास पीछे से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे दोनो लोग घायल हो गए। मामले की जानकारी डायल 112 को दी गई। लेकिन कोई भी पुलिस कर्मी झाकने तक नही आया। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

लापरवाही

श्रद्धालुओं ने जताई नवरात्र की पुरानी परंपरा टूटने की आशंका ,नगर पंचायत की लापरवाही से श्रद्धालुओं में बढ़ा आक्रोश

# इस बार सूखे तालाब में श्रद्धालुओं को करना पड़ेगा जवारा विसर्जन

संवाददाता. नरैनी

**अमृत विचार।** कस्बे में चैत्र नवरात्र की धूम मची है। नवरात्रि के अंतिम दिन इस बार श्रद्धालुओं को जवारा विसर्जन मजबूरी में सूखे तालाब में करना पड़ेगा। इस तरह शायद पहले कभी सुनने को न मिला हो, लेकिन यह सच है। नगर पंचायत की लापरवाही को लेकर श्रद्धालुओं में आक्रोश है।

चैत्र नवरात्रि में मां की आराधना के लिए कस्बे सहित आसपास के गांवों के घरों में जवारे बोए जाते हैं। इनका बिसर्जन कस्बे के देविन नगर मोहल्ले में स्थिति बयालीस खेर की महारानी कही जाने वाली कारू माता मंदिर पर स्थित तालाब पर होता है। लेकिन पानी न होने के कारण कस्बा सहित आसपास गांवों के लोगो को बुधवार को नवमी के दिन जवारा विसर्जन करने की चिंता सता रही है। कस्बे के राम कृपाल, विपिन त्रिवेदी, सीमित गुप्ता, विनय, पुनीत, प्रांशु, किशन, पवन, विनोद आदि ने बताया की मंदिर में बने तालाब चार सालों से सूखा पड़ा है। कई बार मौखिक तौर पर नगर पंचायत अध्यक्ष व अधिकारियों को अवगत कराया गया। लेकिन कोई तवज्जो नहीं दी गई। नवरात्र के समय पर ही नगर पंचायत कर्मचारियो को मंदिर की याद आती है। समर्सिबल से तालाब में पानी भरने की औपचारिकता पूरी करते हैं। मंदिर के पुजारी रेवती रमण त्रिपाठी ने बताया की मंदिर परिसर पर स्थित तालाब के पानी में जावरों का विसर्जन करना पुरानी परंपरा है। लेकिन कुछ सालों से नगर पंचायत की लापरवाही से प्राचीन परंपरा टूट गई है। देविन नगर सभासद नीरज रैकवार ने बताया की सूखे तालाब में पानी भरा जाएगा।



नरैनी में स्थित सूखा पड़ा तालाब। अमृत विचार



स्कूल में सजी नौ देवियों की झांकी। अमृत विचार

### नौ देवियों का पूजन कर बताया नवरात्र का महत्व

बांदा। चैत्र नवरात्र के अवसर पर शहर के इंदिरा नगर स्थित संत तुलसी पब्लिक स्कूल व शुभ संस्कृति किड्स जोन में नव देवियों की विविध रूपों में पूजा अर्चना की गई। इसके अलावा प्ले ग्रुप के नौनिहालों का विद्या आरंभ संस्कार मां सरस्वती की पूजा अर्चना साथ किया गया। विद्यालय के प्रबंधक अमित कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य रीना ओमर ने मां दुर्गा के नौ रूपों में सजी कन्याओं की विधि विधान से पूजा अर्चना की। इसके बाद नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। शिक्षिकाओं ने बच्चों को नवरात्रि का महत्व बताया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को पठन पाठन के लिए सामग्री व प्रसाद का वितरण किया गया। विद्या आरंभ संस्कार कार्यक्रम कैलाश बिहारी गौतम द्वारा संपन्न कराया गया।





बाइक जुलूस निकालते युवा व बैठक में मौजूद अधिकारीगण। अमृत विचार

# डॉ. आंबेडकर के बताये रास्ते पर चलने का लिया संकल्प

**डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर शहर में निकाला गया जुलूस ○ नीले झंडे लहराने के साथ उड़ाया नीला गुलाल**

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** संविधान रचियता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 133वी जयंती रविवार को जिले में हर्षोल्लास, उत्साह और धूपधाम से मनाई गई। अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण समिति के तत्वावधान में आंबेडकर पार्क से भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस दौरान डॉ. भीमराव आंबेडकर सहित तमाम महापुरुषों की झांकियां सजाई गई। जूलूस में जय भीम बाबा साहेब अमर रहे के नारों से पूरा शहर गूंज उठा।

जुलूस तहसील परिसर से साढ़े तीन बजे बैंडबाजों और डीजे के साथ निकाला गया, जुलूस सार्राफा चौक, ऊदल चौक, सुभाष चौकी से होता हुआ परंपरागत मार्गों से निकलकर आंबेडकर पार्क में पहुंचकर समाप्त हुआ। डीजे की धुन पर युवा थिरकते हुए चल रहे थे। जुलूस के दौरान सजाई गई झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। डॉ. भीमराव आंबेडकर की संविधान लिए झांकी सबसे ज्यादा सराही गई।

जुलूस का तहसील चौराहा, ऊदल चौक, सुभाष चौकी सहित विभिन्न स्थानों पर चाय, पानी, शर्बत, हलवा और मिष्ठान से लोगों का जोरदार स्वागत किया। मार्ग में कई स्थानों पर स्टाल लगाकर जुलूस में शामिल लोगों को ठंडा पानी, शर्बत पिलाने के साथ साथ इलायची, सौंफ, मिश्री भी खिलाई गई। जुलूस में युवा थिरकते हुए डीजे के साथ आंबेडकर पार्क पहुंचे, जहां पर सभा आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर ने जो संविधान में व्यवस्था की थी उससे आज आमआदमी को बड़ी राहत मिली है।

उन्होंने कहा कि जब तक हमारा समाज शिक्षित नहीं होगा, तब तक हम तरक्की नहीं कर सकते, इसलिए बाबा साहेब ने कहा था कि संगठित बनो ओर शिक्षित बनो। हम सभी को आंबेडकर जी के बताए गए रास्ते पर अमल करना चाहिए। मनोज कुमार वर्मा, दयाराम वर्मा, हरि सिंह वर्मा, महेश कुमार वर्मा सहित तमाम वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। इससे पूर्व डॉ.. आंबेडकर की प्रतिमा पर सुबह सात बजे से राजनैतिक दलों के नेताओं, कार्यकर्ताओं, कर्मचारियों, व्यापारियों और समाजसेवियों ने माल्यापर्ण किया और जमकर नारबाजी की।

### बेलाताल में केक काटकर मनाई गई जयंती

**बेलाताल।** बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जयंती पर करबा के मुहल्ला घुसयाना से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा जुगयाना, जमींदारी, बजरिया, चमन चौराहा, बाजार ,गल्ला मंडी, ड्योढ़ीपुरा होते हुए बीआरसी कार्यालय पार्क पहुंची, जहां पर केक काटकर समापन हुआ। बसपा नेताओं, समाजसेवियों और वरिष्ठ नागरिकों द्वारा बाबा साहब आंबेडकर की फ़ोटो पर माल्यार्पण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य में बाबा साहेब की प्रतिमा पर चिकित्साधीक्षक डॉ. आशीष तिवारी ने माल्यार्पण किया। इसी प्रकार खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय, पुलिस चौकी बेलाताल सहित सरकारी व अर्द्ध सरकारी कार्यालयों में आंबेडकर जयंती समारोह मनाया। इस मौके पर राजू सोनी समाजसेवी, छोटेलाल अहिरवार ग्राम प्रधान, रामशरण व्यास,हसमत, हल्लू कुशवाहा,मनोज श्रीबास सदस्य क्षेत्र पंचायत,भरत अनुरागी अध्यापक,नितिन त्रिपाठी,जीतेन्द्र यादव, जगत सिंह वर्मा, छिकौड़ी वर्मा, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्रा, पुलिस चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र कुमार सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।

### बाबा साहेब ने छुआछूत मिटाने के लिए किया संघर्ष

आंबेडकर जायंती पर वक्ताओं ने कहा कि हमें बाबा साहेब के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए, तभी हम आगे बढ़ सकते हैं। कहा कि बाबा साहेब ने शिक्षित बने, संगठित रहो और संघर्ष करों का नारा दिया था। बाबा साहेब ने देश में व्यापत छुआ-छूत को मिटाने के लिए तमाम संघर्ष किये। अपने विचार व्यक्त करने वालों में सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, बसपा जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ बौद्ध, विनोद पुरवार, जगदीश निखंज, संतोष वर्मा, पूर्व अध्यक्ष गंगादीन अहिरवार, अशोक कुमार बौद्ध, रामसजीवन, मनोज वर्मा, दयाराम वर्मा, रामसेवक सहित तमाम लोग शामिल रहे।

### कीरत सागर से निकाली गई बाइक रैली

आंबेडकर जयंती पर रविवार को ग्यारह बजे कीरत सागर से अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण समिति के तत्वावधान में रैली निकाली गई। रैली सुभाष चौक, ऊदल चौक, आल्हा चौक, तहसील चौराहा, डाकबंगला, हमीरपुर चुंगी से होते हुए नगर के प्रमुख मार्ग का भ्रमण किया। बाइक रैली दौरान लोग जय भीम जय भीम, बाबा साहेब हम सबके है आदर्श, उनके मूल्यों की रक्षा हम करेंग, बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर आगे बढ़ों जैसे उद्घोष करते चल रहे थे।

# बाबा साहेब ने श्रम कानून में किए थे कई बदलाव : डीएम

संवाददाता कार्यालय, महोबा

- कलेक्ट्रेट सभागर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में हर्षोल्लास के साथ डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती मनाई गई साथ ही एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित अधिकारियों ने बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके जनहित कार्यों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर जिलाधिकारी ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके बताए गए रास्ते पर चलने का आह्वान किया।

जिलाधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर ने देश में लेबर कानून से जुड़े कई बड़े बदलाव किए थे, जिसके तहत उन्होंने साल 1942 में भारतीय श्रम सम्मेलन 7वें सत्र में काम के घंटों में बदलाव करते हुए इसे 12 से 8 घंटे लाया गया था। 26 नवम्बर 1949 को भारत का संविधान पारित हुआ था और 26 जनवरी 1950 से प्रभावी हुआ और इसलिए डॉ आंबेडकर को भारत का संविधान निर्माता कहा जाता है।

अपर जिलाधिकारी राम प्रकाश ने अपने कहा कि संविधान की भारतीय समाज के लिए एक मार्ग दर्शन दस्तावेज के रूप में प्रस्तुत करने में डॉ. भीमराव आंबेडकर की सबसे प्रभावी व निर्णायक भूमिका थी। इस मौके पर एडीएम नमामि गंगे मोहम्मद मोईनुल इस्लाम, एडीएम न्यायिक शिशिर कुमार, एसडीएम मृत्युँजय मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### अस्पताल और अनाथालय में वितरित किए गए फल

- आंबेडकर जयंती पर समाज के लोगों ने जिला अस्पताल और अनाथालय में मरीजों और तीमारदारों को फल वितरित किए। फल वितरण के दौरान निराश्रित लोगों के पहुंच जाने पर उन्हें भी फल वितरित किए गए। अनाथालय में अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने अनाथ बच्चों को फल वितरित किए।

### अधिकारियों-कर्मचारियों ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

- आंबेडकर पार्क में स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर जयंती के मौके पर सुबह सात बजे से ही अधिकारियों, कर्मचारियों ने आंबेडकर पार्क पहुंचकर माल्यार्पण किया। इसके बाद बसपा जिलाध्यक्ष गंगादीन अहिरवार, पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा, अशोक बौद्ध, रियाज राइन सहित तमाम बसपा नेताओं ने माल्यार्पण किया।

# शिविर में जांची आंखों की रोशनी

कार्यालय संवाददाता महोबा

- 23 मरीजों को ऑपरेशन के लिए भेजा गया चित्रकूट
- सद्गुरु सेवा ट्रस्ट चित्रकूट से आए डॉक्टरों ने किया परीक्षण

**अमृत विचार।** विकास खंड पनवाड़ी के एक शोरूम में समाजसेवियों द्वारा नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सद्गुरु सेवा ट्रस्ट चित्रकूट से आए चिकित्सकों द्वारा मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। जिन मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया, उन्हें आपरेशन के लिए निःशुल्क जानकी कुंड चित्रकूट भेजा गया।

परीक्षण दौरान मरीजों की आंखों में मामूली दिक्कत थी उनकी आंखों में दवा डाली गई और जिनकी नजरें कमजोर थीं उनके चेकअप के बाद नजर के चश्मे बनाए गए। शिविर की जानकारी मिलते ही सुबह से ही क्षेत्र के अलावा आसपास के ग्रामों के ग्रामीण अपने नेत्र परीक्षण



मरीज की जांच करते डॉक्टर।

के लिए पहुंच गए और अपने-अपने रजिस्ट्रेशन कराने के बाद चेकअप कराया। सद्गुरू सेवा संघ ट्रस्ट जानकी कुंड चित्रकूट द्वारा आई टीम सुबह से ही मरीजों का पंजीकरण करना शुरू कर दिया और लगभग 170 मरीजों का रजिस्ट्रेशन के बाद नेत्र चिकित्सकों द्वारा चेकअप शुरू किया गया। धीरे धीरे आसपास के लोगों को भी नेत्र शिविर की जानकारी लगने पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। शिविर में चेकअप दौरान 23 लोगों की आंखों में मोतियाबिंद सहित दूसरी समस्याएं पाई गई। नेत्र चिकित्सक शिवेंद्र मिश्रा, डॉ. सागर शुक्ला, सहायक गौरव तिवारी, रामप्रताप पांडे, रामस्वरूप वर्मा सहित तमाम टीम के लोगों द्वारा शिविर में आए मरीजों का नेत्र परीक्षण व अन्य कार्य करने में सारा दिन जुटे रहे। गौरब तिवारी ने बताया कि सद्गुरु सेवा ट्रस्ट आंखों के रोगों से संबंधित सभी प्रकार के इलाज के लिए कैंप लगाता है जिसमें निशुल्क इलाज किया जाता है। बताया कि नेत्र आपरेशन किसी भी ऋतु में करा सकते हैं।

# गर्मी शुरू होते ही ग्रामीण अंचलों में बढ़ा जल संकट

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** गर्मी के मौसम में जिले में पानी का संकट बढ़ जाता है, जिससे ग्रामीण पानी की समस्या से जूझ रहे है। सबसे ज्यादा पानी की किल्लत विकासखंड पनवाड़ी के कई गांवों में बनी हुई है। ग्रामीण अंचलों में नमामि गंगे योजना के तहत सड़कों को काटकर पाइप लाइन तो डाल दी गई, लेकिन सड़क के बीचों बीच की गई खुदाई अब ग्रामीणों के लिए मुसीबत बनी हुई है। खोदी गई सड़कों की सही ढंग से मरम्मत न कराए जाने से लोगों को ग्रामीणों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

जिले के विकासखंड जैतपुर, कबरई, चरखारी पनवाड़ी के ज्यादातर कस्बों और ग्रामीण अंचलों



हैंडपंप से पानी भरकर लातीं महिलाएं। अमृत विचार

- पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत भी नहीं कराई गई

की सीसी सड़कों को खोदकर पाइप लाइन बिछाकर हर घर में योजना के तहत कनेक्शन तो कर दिए गए, लेकिन कनेक्शन के बाद भी पचास फीसदी से ज्यादा घरों की पाइप लाइन में पानी नहीं पहुंच रहा है, जिससे कनेक्शन लेने के बाद भी ग्रामीणों को पानी के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है वैसे-वैसे पानी की समस्या भी विकराल होती जा रही हैं, पानी के लिये जिले वासियों में हायतौबा मचने लगी है।

हर घर जल योजना के तहत गांव गांव की सड़कों को खोदकर पाइप लाइन बिछाने के बाद गड्ढों में मिट्टी डालकर ठेकेदार रफूचक्कर हो गया, जिससे खुदी पड़ी सड़कें और कहीं पर मिट्टी डालने के बाद ऊपर से सीसी सड़क न बनाने के कारण मिट्टी धंस जाने से सड़कों पर लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों द्वारा सड़कों को सही कराए जाने की मांग की गई, लेकिन आज तक इस सड़क कार्य न कराए जाने लोगों में आक्रोश पनप रहा है।

### गांवों में दो दिन से पानी की आपूर्ति बाधित

भीषण गर्मी में सरोवरों और ट्यूबवेलों का जलस्तर तेजी से सूखने के कारण पर्याप्त पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। यही वजह है कि ग्रामीण अंचलों में नियमित पानी की सप्लाई नहीं की जाती है, जिसके चलते ग्रामीण सारे कामकाज छोड़कर सबसे पहले पानी के इंतजाम में जुट जाते हैं, जिससे लोगों के बीच हैंडपंपों की अहमियत बढ़ गई है। सुबह से लोग हैंडपंपों में पानी भरने पहुंच रहे हैं।

### संकट में हैंडपंप और कुओं का सहारा ले रहे लोग

गांव गांव में नलों के कनेक्शन हो जाने के बाद उपेक्षित पड़े हैंडपंप और कुएं गर्मी के मौसम में जीवनदायनी बन गए हैं। गर्मी में अक्सर पेयजल आपूर्ति ठप हो जाने से ग्रामीण हैंडपंपों और कुओं का सहारा ले रहे हैं। महीनों तक कुओं की तरफ न जाने वाले लोग आज तक कुओं और हैंडपंपों से ही पानी लेकर काम चला रहे हैं, जिससे हैंडपंपों पर पानी भरने वालों की खासी भीड़ जुटने लगी है।

# बाबा साहेब के कृतित्व व्यक्तित्व पर की चर्चा

संवाददाता, मौदहा महोबा

- कस्बे सहित क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई डॉ. आंबेडकर की जयंती

**अमृत विचार।** बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जयंती की धूम पूरे कस्बे में रही और जगह जगह से शोभायात्रा निकाली गई तथा बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके कार्यों व विचारों पर प्रकाश डाला गया।

जयंती पर कस्बे में जगह जगह पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मीरा तालाब स्थित आंबेडकर पार्क से एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इसका नेतृत्व समिति के सदस्यों तथा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रजा मुहम्मद उर्फ श्रीनाथ ने किया। जगह जगह पर शीतल पेय और जलपान के स्टाल लगाकर बाबा साहब के भक्तों का स्वागत किया गया। जबकि कस्बे के सपाइयों और कांग्रेस, आम आदमी पार्टी के नेताओं ने भी स्टेशन रोड स्थित आंबेडकर पार्क पहुंच बाबा साहब की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वहां पर मौजूद अनुयायिओं ने बाबा साहब के जमकर नारे लगाये।

इनमें आशाराम, राजू शफकत, विवेक, जावेद मेजर आदि शामिल रहे। जबकि भीम आर्मी के युवाओं ने शोभायात्रा सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया। क्षेत्राधिकारी श्रेयश त्रिपाठी तथा उपजिलाधिकारी राजेश चंद्रा कस्बे का भ्रमण करते रहे।

# 66 शहीद फायर कर्मियों को दी गई श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- सुरक्षा सप्ताह के तहत एएसपी ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**अमृत विचार।** अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस पर रविवार को जिला अग्निशमन कार्यालय परिसर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुंबई बंदरगाह अग्निकांड में शहिद हुए अधिकारियों और फायर कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर एएसपी एवं अग्निशमन अधिकारी द्वारा अग्निकांड के बावत जानकारी दी गई साथ ही प्रचार फायर ब्रिगेड वाहन को एएसपी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रचार वाहन शहर के प्रमुख मार्गों से निकाला गया और लोगों को 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के प्रति जागरूक किया गया।

दमकल विभाग के कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एएसपी



प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते एएसपी। अमृत विचार

ने बताया कि 14 अप्रैल 1944 को मुंबई बंदरगाह में एसएस फोर्ट स्टिकीन नाम का जहाज खड़ा हुआ था और इस जहाज में टनो बरुद भरा हुआ था, तभी इसी जहाज में धमका हो गया और बंदरगाह में आग लग गई। जहाजी, तटरक्षक और आग बुझाने वाली नावें थोड़ी ही देर में आग बुझाने में नाकाम होने लगी। 900 टन पानी जहाज में पंप कर देने के बाद भी आग का स्रोत नहीं ढूंढा जा सका और दूसरे विस्फोट के कारण आग बुझाने में जुटे 66 अग्निशमन कर्मी शहीद हो गए थे। उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस मनाया जाता है।

अग्निशमन अधिकारी देवेश तिवारी ने बताया कि 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है, जिसके तहत सप्ताह में अलग-अलग जगह जागरूक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा साथ ही दमकल कर्मियों द्वारा जागरुकता यात्रा निकालकर लोगों को आग से बचाव के लिए जागरूक किया।

इस मौके पर अधिकारियों ने दुकानदारों, होटल, ढाबों व गुमटी संचालकों को आगजनी की घटनाओं से बचाव के लिए पंपलेट वितरण कर उन्हें जागरुक किया गया।

# एबीवीपी ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता महोबा

- वीर भूमि राजकीय महाविद्यालय में संपन्न हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महोबा ने रविवार को बाबा साहब डॉ. भीम राव आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य पर छात्र समागम ( मेधावी छात्र सम्मान समारोह ) का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि सांसद कुंअर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल , एफसी विशिष्ट अतिथि चक्रपाणि त्रिपाठी , लोकसभा प्रभारी संजय द्विवेदी जिला प्रभारी संजीव श्रृंग ऋषि जी रहे। इस मौके पर मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वीर भूमि राजकीय महाविद्यालय महोबा के प्राचार्य सुशील बाबू ने की । संचालन तपस्या ठाकुर ने किया , इस मौके पर बताया कि एबीवीपी महोबा द्वारा लगातार छात्रों के बीच कोई ना कोई कार्यक्रम कराये जा रहे हैं जिसमे छात्रों में उत्साह देखने को मिल रहा है । छात्र समागम अपूर्वा भदौरिया जिला संगठन मंत्री एबी वीपी , आदर्श चक्रवर्ती जिला सोशल मीडिया संयोजक , शिवम विश्वकर्मा तहसील संयोजक के नेतृत्व में यह कार्यक्रम हुआ ।

कुँअर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल सांसद ने बच्चों को जीवन मे आगे बढ़ने का मंत्र बताया । कार्यक्रम में परिषद के कार्यकर्ता अक्षत , तुषार ,कृष्ण कांत पाठक , के के पटेल आदि रहे।

**नवरात्र का छठवां दिन** | देवी मंदिरों में चुनरी, फल-फूल, मिठाई, रोली, सिंदूर व चूड़ी आदि चढ़ा रहे भक्त

# मां कात्यायनी की पूजा कर मांगा आशीर्वाद

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र के छठवें दिन देवी मंदिरों में माता रानी के कात्यायनी स्वरूप की भक्तों ने पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की प्रार्थना की। भोर होते ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ एकत्रित होने लगी और श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर देवी मां के दर्शन कर विधिवत तरीके से पूजन-अर्चन की।

रविवार की सुबह शहर के देवी मंदिरों के द्वार खुलते ही मां का श्रृंगार किया गया और सूरज की पहली किरण के साथ पंडित जी द्वारा माता की पहली आरती हुई, भक्तों ने माता रानी को चुनरी, फल-फूल, रोली, सिंदूर व चूड़ी आदि चढ़ाकर प्रसन्न किया। देवी सर्वभूतेषु देवी



पूजा के लिए लाइन लगाए भक्त। अमृत विचार

रूपेण संस्थिता से मंदिर परिसर गुंजायमान हो गए। दर्शन के दौरान भक्तजनों द्वारा माता के जयकारे लगाए जाते रहे। नवरात्र पर्व होने के कारण सुबह शाम मंदिरों व घरों में महिलाओं द्वारा ने भजन कीर्तन भी किए जा रहे हैं। सुबह से शाम तक मंदिरों में दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रही। देवी मंदिर समितियों द्वारा परिसर में हवन, कन्या भोज सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का अयोजन भी कराया जा रहा है।

भीषण गर्मी में भी भक्त नंगे पैर मंदिर माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। भक्तों में मां के दर्शन की आतुरता और उत्सुकता दिखी।

### मां भगवती की आराधना से मनुष्य को मिलती है शांति

- चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को नवरात्र का छठा दिन रहा और इस दिन देवी भक्तों द्वारा मां दुर्गा के छठवें स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा की भक्ति भाव के साथ की गई। डॉ. एलसी अनुरागी ने बताया कि मां कात्यायनी की आराधना करने से मनुष्य को शक्ति और अभय यानी निडरता प्राप्त होती है, उनके आशीर्वाद से कठिन से कठिन कार्यों में सफलता प्राप्त होती है, नकारात्मकता का अंत होता है और यश की प्राप्ति होती है। भक्तों को मां देवी कात्यायन्यै नमः मंत्र का जप भी करना चाहिए।

# दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**महोबा।** निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने के लिए चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित की गयी टीम के एसआई अनुरूद्ध प्रताप सिंह द्वारा मुखिबर की सूचना पर मेडी की पुलिया के पास भगारी रोड से दो अभियुक्त.जगतराज कुशवाहा पुत्र जगदीश कुशवाहा, राजकुमार पुत्र लखन लाल कुशवाहा के कब्जे से एक अद्दी 315 बोर मय 02 अदद जिन्दा कारतूस व एक अदद तमंचा 315 बोर मय 02 अदद जिन्दा कारतूस के साथ नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के खिलाफ धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अन्य विधिक कार्रवाई की गयी ।

# सत्संग के बिना ज्ञान की प्राप्ति संभव नहीं

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- रामकथा के पांचवें दिन श्रीराम की बाल लीला, अहिल्या उद्धार कथा का कराया रसपान

**अमृत विचार।** तहसील चरखारी के ग्राम काकुन स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में नौ दिवसीय रामकथा के पांचवें दिन कथा व्यास संगीताचार्य पं. जगप्रसाद तिवारी ने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघन की बाललीला का वर्णन किया। कथा का रसपान कर श्रद्धालु रामभक्ति में डूब गए और उत्साहित होकर जय श्रीराम के उद्घोष करते नजर आए। रामकथा में गांव के अलावा आसपास के ग्रामीण अंचलों के भी श्रद्धालु कथा सुनने के लिए मंदिर परिसर पर समय से पहुंच रहे हैं।

कथा व्यास ने कथा सुनाते हुए बताया कि गुरु वरिष्ठ ने महाराज दशरथ के चारों पुत्रों का नामकरण कर राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघन रखा था। जन्म से लेकर



रामकथा सुनाते कथा वाचक।

मरण तक मनुष्य के भारतीय संस्कृति के अनुसार सोलह संस्कार होते हैं, उनमें एक नामकरण भी है। बताया कि गुरु वशिष्ठ के आश्रम में चारों भाई विद्याध्यन करने के लिए जाते थे। कथा वाचक ने कहा कि जिन प्रभु की सहज सांस लेने से चारो वेद निकलते है, वह प्रभु गुरुजी के विद्याध्यन करने जा रहे हैं। कथा वाचक ने कहा कि दशरथ के यहां राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुधन जब उनके आंगन में खेल रहें थे, तो दशरथ सहित तीनों रानियां हर्षित हो रहीं थीं। जंगल में राक्षस विश्वामित्र को यज्ञ नहीं करने दे रहे थे। ऋषि विश्वामित्र राम और लक्ष्मण को लेने के लिए दशरथ के यहां पहुंच गए।

तो राजा दशरथ ने अपने दोनों पुत्रों को साथ ले जाने की अनुमति दी। यज्ञ संपन्न होने के बाद दोनों भाई उनसे शिक्षा ग्रहण करने लगे। उन्होंने कहा कि संतसंग के बिना मानव को ज्ञान प्राप्त नहीं होता है, इसलिए मनुष्य को सत्संग अवश्य करना चाहिए। इस मौके पर महंत रमेशचंद्र गिरि, पंडित देवी शंकर शास्त्री, सिद्धगोपाल सेन, गोपाल, जमुनाप्रसाद तिवारी सहित तमाम श्रोताओं ने रामकथा का आनंद लिया।

# महापुरुषों के पदचिह्नों पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि

## डॉ. आंबेडकर की जयंती पर जगह-जगह हुए कार्यक्रम, जीवन मूल्यों की चर्चा कर अनुसरण करने पर जोर



डॉ.भीमराव आंबेडकर के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित करते डीएम राहुल पांडेय।

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के जन्मदिन पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार गोष्ठी का आयोजन जिलाधिकारी राहुल पांडेय की अध्यक्षता में किया गया। जिलाधिकारी ने कहा वह प्रखर पत्रकार, वरिष्ठ स्तम्भकार व लेखक महान अर्थशास्त्री समाज सुधारक बैरिस्टर थे। उन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल आफ इकोनॉमिक्स दोनों ही विश्वविद्यालयों से डॉक्टरेट की उपाधियां प्राप्त की। कहा कि हमें अपने महान विभूतियों के पदचिह्नों पर चलकर उनके आचरण का अनुसरण करना चाहिए। यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि डॉ भीमराव आंबेडकर ने समाज में व्याप्त कुरीतियों छुआछूत, भेदभाव के विरुद्ध आवाज उठाई। उनका मानना था कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति की अपनी अहम भूमिका होती है, जिसको नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। गोष्ठी में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि डॉ भीमराव आंबेडकर का जीवन काफी संघर्ष पूर्ण रहा। उन्होंने समाज में परिवर्तन लाने और सभी को समान अधिकार दिलाने में बहुत अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने समान अधिकार के लिए जो लड़ाई लड़ी है, उसकी जितनी सराहना की जाए कम है। गोष्ठी में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विजय शंकर तिवारी, एडीएम नमामि गंगे सुरेश कुमार, डिप्टी कलेक्टर खालिद अंजुम, सीएमओ गीतम सिंह आदि ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। अर्थ एवं संख्याधिकारी नरेंद्र कुमार कुशवाहा, डीपीआरओ जितेंद्र कुमार मिश्र, अधिशासी अभियंता पावर कारपोरेशन अनिल अहूजा, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। उधर पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक डॉ. दीक्षा शर्मा ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की फोटो पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया।

इस मौके पर उन्होंने राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को बताया गया तथा उनके बताए रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा, क्षेत्राधिकारी सदर राजेश कमल, प्रतिसार निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

### धूमधाम से निकाली गई आंबेडकर की शोभायात्रा

**गोहांड (हमीरपुर)।** आंबेडकर जयंती पर शिक्षक मुन्नालाल अहिरवार की अगुवाई में नगर में धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में ई रिक्शा, घोड़े शामिल थे। इसी प्रकार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जयंती का आयोजन हुआ। जिसमें भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष आराधना राजपूत सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### बाबा साहेब ने भेदभाव और छुआछूत के खिलाफ उठाई आवाज

- जगह-जगह जलपान, पानी और शर्बत का हुआ वितरण
- निकाली गईं शोभायात्राएं गोष्ठियां भी आयोजित हुईं



शोभायात्रा का नेतृत्व करते बसपा नेता रामफूल निषाद। अमृत विचार

**हमीरपुर।** संविधान के रचयिता डॉ.भीमराव आंबेडकर की जयंती पूरे जिले में हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाई गई। मुख्यालय सहित विभिन्न कस्बों व गांवों में लोगों ने भव्य शोभायात्राएं निकाली। साथ ही जगह जगह गोष्ठियों का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने आंबेडकर साहब के पद चिह्नों पर चलने की बात कही। मुख्यालय में जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें विभिन्न महापुरुषों व देवी देवताओं की झांकियां शामिल रही। जगह जगह समाजसेवी व नेताओं ने स्टाल लगाकर जलपान, शर्बत, पानी आदि का वितरण किया। सुमेरपुर ब्लाक के पत्योरा में स्थापित बाबा साहब की नवनिर्मित प्रतिमा का बसपा के रामफूल निषाद ने अनावरण किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने समाज में व्याप्त कुरीतियों छुआछूत, भेदभाव के विरुद्ध आवाज उठाई। शिक्षा पर जोर दिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान अरविंद निषाद, अखिलेश वर्मा, रामगोपाल वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित किया। बाद में रामफूल निषाद ने सुरौली बुजुर्ग में हुए कार्यक्रम को भी संबोधित किया। उनके साथ कालीदीन भार्गव, अध्यापक सुखराम वर्मा, कामता वर्मा, देवनारायण वर्मा, बबलू वर्मा व युवराज वर्मा आदि ने भी विचार रखे। इस दौरान गांव में शोभायात्रा निकाली गई। मुस्करा संवाददाता के अनुसार, डॉ.आंबेडकर युवा सेवा समिति व उनके अनुयायियों ने कस्बे में विशाल शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में ढोल नगाड़ों की थाप पर थिरकते आधा सैकड़ा से ज्यादा घोड़े, बैंड बाजा, भांगड़ा, डीजे, स्कूली बच्चों की झांकियां आदि शामिल रहीं। जुलूस में प्रमुख रूप से डॉ.कलाम साहब की मिसाइल आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से युवा सेवा समिति के अध्यक्ष शिवा चौधरी उर्फ रब्बा, भारती समाज युवा ग्रुप के प्रमोद कुमार भारती, रामसेवक, राजू, अजय, राज, दीपेंद्र भारती, किशन सहित हजारों की तादाद में लोग शामिल रहे। सुमेरपुर संवाददाता के अनुसार, बौद्ध महासभा के रघुवर प्रसाद वर्मा के नेतृत्व में महापुरुषों के चित्रों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गो से गुजरकर इमिलिया बाड़ा के त्रिवेणी मैदान में संपन्न हुई। ब्लाक कार्यालय में प्रभारी बीडीओ शांतुन कुमार सिनसिनवार ने कर्मियों के साथ बाबा साहेब को नमन किया। इसके अलावा जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित करके श्रद्धा सुमन अर्पित किए गये।

### कुरारा कस्बे में भी निकाली गई डॉ.आंबेडकर की शोभायात्रा




कुरारा कस्बे में डॉ.भीमराव आंबेडकर की जयंती पर शोभायात्रा में शामिल झांकी। अमृत विचार

**कुरारा।** कस्बे में भौली रोड़ पर डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान निकाली गई शोभायात्रा बाजार से होते हुए ब्लॉक कार्यालय, कालपी हमीरपुर हाईवे से थाना होते हुए वापस आंबेडकर पार्क में संपन्न हुई। शोभायात्रा में जय भीम के नारे लग रहे थे। लोग डीजे की धुन और ढोल की ताल पर थिरकते नजर आए। इसमें डॉ. आंबेडकर की झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। दर्जनों ई रिक्शा का समूह एक साथ चल रहा था जिसमें महापुरुषों की तस्वीरें लगाईं थी। शोभायात्रा में महिलाओं व पुरुषों द्वारा एक दूसरे के ऊपर गुलाल डाल कर जश्न मनाया गया। शोभायात्रा में शीलू, अनुज, अशोक विद्यार्थी, हनुमान वर्मा, नफीस, विनय, रामबाबू, पुष्पेंद्र, पंकज, उत्तम आदि सैकड़ों महिलाएं पुरुष शामिल रहे।

# बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर ने दलितों व अछूतों को दिलाया सम्मान

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)



आंबेडकर चौराहा स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते डॉ. कमलेश लोधी, सुरेंद्र सिंह लोधी। अमृत विचार



बाबा साहेब की शोभायात्रा में शामिल बाबा के अनुयायी। अमृत विचार

- रामलीला मैदान में मनाई गई जयंती, कस्बे में निकाला गया भव्य जुलूस

**अमृत विचार।** संविधान निर्माता दलितों के मसीहा डॉ.भीमराव आंबेडकर की 133वी जयंती कस्बे में उत्साह के साथ मनाई गई। अनुयायियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। वहीं कस्बे में डा. भीमराव आंबेडकर सामाजिक समिति द्वारा बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की भव्य शोभायात्रा निकाली। रामलीला मैदान से शुरू हुई बाबा साहब की शोभायात्रा पूरे कस्बे में उत्साह के साथ घूमी। इस दौरान बाबा साहब की शोभायात्रा में हजारों की भीड़ उमड़ पडी।

रविवार की सुबह आंबेडकर चौराहे पर स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा पर डा. कमलेश लोधी, सपा के जिला महासचिव सुरेंद्र सिंह लोधी कछवा समेत अनेक लोगों ने माल्यार्पण किया। रामलीला मैदान में डा.भीमराव आंबेडकर सामाजिक समिति द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद एक भव्य शोभा यात्रा कस्बे में निकाली गई। शोभायात्रा में बच्चों की नयनाभिराम झांकियां चल रहीं थी। इसके अलावा समिति के अध्यक्ष डा. हरीशंकर शास्त्री समेत पदाधिकारी और जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, पूर्व विधायक गयादीन अनुरागी, पूर्व विधायक डा.अम्बेश कुमारी, समाजवादी नेता राजपूत चंद्रवती वर्मा, जयसिंह एडवोकेट, मनीराम पासवान, गोविंद अहिरवार, रिंकू वर्मा, चंद्रकांता सिंह लोधी, कांग्रेसी नेता रचना वर्मा, मुन्ना लाल बौद्ध पवई, दीनदयाल वर्मा, राजेंद्र कैंथा, रामगोपाल बहपुर, आशाराम राजपूत, चंद्रभान, रामप्रकाश, अमरसिंह धमना, राजेश लोधी, मुन्नी लाल अहिरवार, दीपक कुमार, निर्दोश कुमार समेत क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने पहुंच कर माल्यार्पण किया। शोभा यात्रा रामलीला मैदान से होते पड़ाव, कोटबाजार से होते हुए उरई बस स्टैंड़, आंबेडकर चौराहे से होते हुए रामलीला मैदान पहुंची। जगह जगह अनुयायियों द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया।

### नगर पंचायत कार्यालय में भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ.आंबेडकर की जयंती मनाई



डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते प्रभारी ईओ अभिमन्यु कुमार। अमृत विचार

**कुरारा (हमीरपुर)।** नगर पंचायत कार्यालय में भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए। इस दौरान आयोजित गोष्ठी में अतिरिक्त एसडीएम/प्रभारी अधिशासी अधिकारी अभिमन्यु कुमार ने बताया कि डॉ आंबेडकर ने समाज के शोषित वर्ग के लिए आवाज उठाई तथा सभी को समान अवसर तथा शिक्षा दिए जाने की वकालत की। उनका पूरा जीवन तथा कृतित्व इस बात का उदाहरण है कि अभाव के बीच भी अपने लक्ष्य को किस प्रकार हासिल किया जा सकता है तथा समाज को नई दिशा प्रदान की जा सकती है। गोष्ठी में उपस्थित लोगों ने उनके व्यक्तित्व तथा कृतित्व पर प्रकाश डाला तथा वर्तमान जीवन में उनके आदर्शों से सीख लिए जाने की बात कही। इस अवसर पर नगर पंचायत के लिपिक नरेंद्र सिंह तथा कर्मचारी अनिरुद्ध सिंह, दीपेंद्र सिंह, अमित तथा अन्य लोग भी उपस्थित रहे।



आग से जलती जनरल स्टोर की दुकान। अमृत विचार

# शॉर्ट सर्किट से दुकान में लगी आग

संवाददाता, भरुआ सुमेरपुर

- 10 लाख का कर्ज लेकर शुरू किया था थोक कारोबार

**अमृत विचार।** प्लाट गिरवी रखकर यूको बैंक से कर्ज लेकर कारोबार करने वाले युवक के एक माह में ही सपनों में आग लग गई। शॉर्ट सर्किट से दुकान में लगी आग से चंद मिनट में लाखों का सामान खाक हो गया।

भोगनीपुर का मूल निवासी बबलू कुशवाहा दो दशक पूर्व कस्बे में कारोबार करने आया था। नेहा चौराहा के पास इसकी जनरल स्टोर की छोटी सी दुकान थी। कारोबार बढ़ाने के लिए उसने फरवरी माह में यूको बैंक हमीरपुर से 10 लाख रुपये प्लाट गिरवी रखकर कर्ज लिया था। शनिवार को रात 8:00 बजे वह दुकान में ताला डालकर घर चला गया।

करीब पौने नौ बजे दुकान में बिजली के शार्ट सर्किट से आग लग गई जब तक कुछ करते तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते सब कुछ स्वाहा हो गया। दुकानदार ने बताया कि उसने बैंक से कर्ज लेकर थोक का कारोबार शुरू किया था। अभी 2 दिन पूर्व ही उसने कर्ज की प्रथम किस्त भरी थी। आग से सब कुछ तबाह हो गया है कुछ भी नहीं बचा है।


# पीडब्ल्यूडी के जेई के घर लाखों के जेवर-नकदी चोरी

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

- सुमेरपुर थाना क्षेत्र के अतरैया गांव में हुई घटना
- घर के बगल में सीढ़ी लगाकर अंदर घुसे थे चोर



चोरी की घटना के बाद घर के बाहर लगी भीड़। अमृत विचार



घर के बगल में चोरी के लिए लगाई गई सीढ़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अतरैया गांव में शनिवार की रात पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता के घर में घुसकर चोरों ने करीब 20 लाख के सोने चांदी के जेवरात व 70 हजार की नकदी चोरी करके ले गए। चोर घर के बगल में सीढ़ी लगाकर घर में घुसे थे। चोरी गए जेवरातों में नवविवाहिता बहन व मां के जेवरात शामिल हैं।

अतरैया गांव निवासी पुष्पेंद्र कुमार वर्मा बांदा में पीडब्ल्यूडी में अवर अभियंता के पद तैनात है। जबकि छोटा भाई धर्मेंद्र कुमार मनरेगा में तकनीकी सहायक है। मां चंदन देवी धुंधपुर के कम्पोजिट विद्यालय में मृतक आश्रित कर्मी है। गांव में उनकी विधवा मां चंदन देवी, बाबा परसदिया, छोटा भाई ज्ञानेंद्र कुमार रहता है।

वर्तमान में बहन आरती ससुराल से मायके आई हुई थी। चंदन देवी व आरती ने बताया कि शनिवार रात में खाना खाने के बाद वह दोनों एक कमरे में सो गए। जबकि भाई दूसरे कमरे में सो गया। बाबा छत में सो रहे थे। बताया कि रात में चोर पड़ोसी प्रकाश वर्मा के घर से सीढ़ी लेकर आए और मकान के बगल की तरफ सीढ़ी लगाकर छत में चढ़े और जीने से उतरकर आंगन में दाखिल होकर दो कमरों की कुंडी खोलकर अलमारी में रखे नव विवाहिता बहन आरती वर्मा के करीब 15 लाख के सोने चांदी हीरे के जेवरात तथा मां के करीब पांच लाख से अधिक के जेवरात के अलावा 70 हजार रुपये की नगदी लेकर फरार हो गए।

घटना का पता सुबह मां की नींद खुलने पर हुआ। मां चंदन ने बेटे पुष्पेंद्र कुमार वर्मा एवं धर्मेंद्र कुमार वर्मा को घटना बताई। दोनों भाई बांदा से गांव आए और पुलिस को सूचित किया। सूचना पाकर थानाध्यक्ष राकेश कुमार गांव पहुंचे और घटना से सीओ सदर सहित उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। सीओ सदर राजेश कमल ने गांव पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण करके थानाध्यक्ष को जल्द खुलासे के निर्देश दिए हैं। घटना के साक्ष्य जुटाने के लिए मुख्यालय से डॉग स्क्वायड एवं फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया। टीम ने जांच के लिए नमूने एकत्र किए हैं। डॉग नैरो घर के अंदर घूमने के बाद बाहर आकर रुक गया। इससे कुछ अंदाजा नहीं लग सका। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर जल्द खुलासा किया जाएगा। यह घटना गांव में चर्चा का विषय बनी हुई है।

## सार-संक्षेप

### नाबालिग की शिकायत पर शादी को रोका

**सुमेरपुर।** थानाक्षेत्र के एक गांव की किशोरी कस्बे में बुआ के पास रहकर कक्षा सात में पढ़ती है। चाइल्ड हेल्पलाइन के डीसी सफवान अहमद ने बताया कि कि उनके पास छात्रा का फोन आया था। जिस पर उसने बताया कि उसके पिता दिल्ली में रहकर मजदूरी करते हैं और उसकी शादी अपने परिचित किसी व्यक्ति से जबरिया नाबालिग उम्र में करना चाहते हैं। डीसी ने बताया कि सूचना मिलने पर वह काउंसलर रचना बाजपेई, सुपरवाइजर अनुभव शुक्ला व शिखा के साथ छात्रा द्वारा बताए गए पते पर बुआ के घर पहुंचे और जहां छात्रा के पिता व बुआ को समझाया बुझाया गया। साथ ही नाबालिग की शादी करने पर कानूनी कार्यवाही का भय दिखाया गया और बालिग होने पर ही शादी करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि पीड़िता पढ़ना चाहती है। टीम ने पिता व बुआ से नाबालिग की शादी न करने का लिखित बयान भी लिया। इससे छात्रा की शादी रुक गई। जिससे उसने राहत की सांस ली है।

### नेत्र शिविर में 65 मरीजों का हुआ परीक्षण

**सरीला।** रविवार को सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट चित्रकूट द्वारा सरीला नगर पंचायत के अस्थाई रैन में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर संपन्न हुआ। शिविर में 65 मरीजों का परीक्षण किया गया। इसके बाद 9 मरीजों को ऑपरेशन के लिये चित्रकूट ले गये। 44 लोगों को नि:शुल्क चश्मा व दवाएं वितरित की। नेत्र परीक्षण करने वाले चिकित्सकों की टीम में डॉ.मनेंद्र कुमार, डॉ.आशीष कुमार, डॉ.रामस्वरूप, डॉ.प्रदीप कुमार व सहयोगी रामप्रकाश पांडेय सहित डॉक्टरों की टीम सम्मिलित रहे। यह नेत्र शिविर प्रत्येक माह के 14 तारीख को कस्बे के नेशले मार्केट के पास अस्थाई रैन बसेरा में नि:शुल्क नेत्र शिविर लगाया जाता है। इस आयोजन में अरुण कुमार राजपूत, पवन प्रजापति, गौरीशंकर राजपूत ने टीम और मरीजों का सहयोग किया।

### सड़क हादसे में पिता-पुत्र सहित तीन घायल

**मौदहा।** क्षेत्र में हुए दो अलग अलग हादसों में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनमें से दो को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं तीसरे घायल का इलाज किया जा रहा है। हमीरपुर सदर क्षेत्र के सहजना निवासी रामगोपाल (55) पुत्र वंश गोपाल और अनिल (46) पुत्र रामगोपाल नेशनल हाईवे पर बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि कस्बे निवासी मनोज (29) पुत्र फूलचंद सिजनौडा के निकट बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सभी घायलों को कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां से रामगोपाल और अनिल को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

आयोजन

14 अप्रैल 1944 को मुंबई के बंदरगाह में मालवाहक जहाज में लगी आग को बुझाने में शहीद हो गए थे कई कर्मी

# एसपी ने शहीद अग्निशमनकर्मियों को दी श्रद्धांजलि

### अग्निशमन सेवा दिवस

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



शहीदों को श्रद्धांजलि देतीं पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा ने पुलिस अधिकारियों/ कर्मचारियों के साथ अग्निशमन के वीरों शहीदों को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की। अग्निशमन दिवस अथवा अग्निशमन सेवा दिवस प्रत्येक 14 अप्रैल को मनाया जाता है।

वक्ताओं ने कहा कि 14 अप्रैल 1944 को मुंबई के बंदरगाह में फोर्टस्टीकेन नामक मालवाहक जहाज जिसमें रुई की गांठे, विस्फोटक पदार्थ व युद्ध उपकरण भरे हुए थे, अकस्मात आग लग गई। आग बुझाते समय जहाज में विस्फोटक सामग्री होने के कारण कई अग्निशमन कर्मी आग को बुझाते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे। उन शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने व अग्नि से बचाव के लिए उपाय बताने के लिए देशभर में अग्निशमन सेवा दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक के द्वारा सलामी लेने के साथ वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इसके साथ ही फायर स्टेशन का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा, क्षेत्राधिकारी सदर राजेश कमल, क्षेत्राधिकारी यातायात, CFO फायर सर्विसेज व अधिकारी मौजूद रहे।

### एसपी ने अंतर्जनपदीय बैरियर की चेकिंग की

पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा ने रविवार को आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 को सकुशल संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से थाना कोतवाली नगर क्षेत्र अंतर्गत अंतर्जनपदीय (कानपुर नगर-हमीरपुर मार्ग) बैरियर व थाना कुरारा क्षेत्र अंतर्गत अंतर्जनपदीय (जालौन-हमीरपुर मार्ग) बैरियर को चेक किया। इस मौके पर उन्होंने ड्यूटी पर लगे पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर व थाना कुरारा को निर्देश दिया गया कि चुनाव के दृष्टिगत बैरियर पर पर्याप्त पुलिस बल लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की सघन चेकिंग की जाए तथा थाना क्षेत्र अंतर्गत चिन्हित क्रियाशील या ऐसे अपराधी जो आगामी चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं, के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए पाबंद किया जाए।

# लू से बचाव को एडवाइजरी जारी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- एडीएम ने जनहानि रोकने के लिए लोगों को दी सलाह

**अमृत विचार।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जनहित में लू प्रकोप एवं गर्म हवा से बचाव को लेकर जनहित में एडवाइजरी जारी की है। एडीएम वित्त एवं राजस्व विजय शंकर तिवारी ने बताया कि जनपद में लगातार तापमान बढ़ने से गर्म हवा, लू का प्रकोप बढ़ गया है। लू से जनहानि भी हो सकती है। इसके असर को कम करने के लिए और जनहानि की रोकथाम के लिए, जरूरी सावधानियां एवं बचाव के लिए जनपद स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना है।

**बरतें सावधानियां :** कड़ी धूप में बाहर न निकलें, खासकर दोपहर 12 से 3 बजे के बीच में। जितनी बार हो सके पानी पिएं, प्यास न लगे तो भी पानी पिएं। हल्के रंग के ढीले ढीले सूती कपड़े पहने। धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी, छाता, धूप का चश्मा, जूते और चप्पल का इस्तेमाल करें। सफर में अपने साथ पानी रखें। शराब, चाय, कॉफी जैसे पेय पढ़ार्थों का इस्तेमाल न करें, यह शरीर को निर्जलित कर सकते हैं। अगर आपकी तबीयत ठीक न लगे या चक्कर आए तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, नमक चीनी का घोल, नींबू पानी, छाछ, आम का पना, इत्यादि का सेवन करें। जानवरों को छांव में रखें और उन्हें खूब पानी पीने को दें। अपने घर को ठंडा रखें, पर्दा, शटर आदि का इस्तेमाल करें। रात में खिड़कियां खुली रखें।

### क्या करें, क्या न करें

धूप में खड़े वाहनों में बच्चों एवं पालतू जानवरों को न छोड़ें। खाना बनाते समय कमरे के खिड़की एवं दरवाजे खुले रखें। नशीले पदार्थ, शराब तथा एल्कोहल के सेवन से बचें। उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से बचें। बासी भोजन न करें। खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एल्युमीनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढक कर रखें, ताकि बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके। उन खिड़कियों व दरवाजों पर जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएं आती हैं, काले पर्दे लगाकर रखना चाहिए। जहां तक संभव हो घर में ही रहें तथा सूर्य के सम्पर्क से बचें। सूर्य के ताप से बचने के लिए जहां तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहें। संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें।

# युवक की हत्या कर सड़क पर फेंका शव

## सदर कोतवाली क्षेत्र के कलौलीतीर गांव की घटना, चेहरे पर मिले चोट के निशान

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** शहर कोतवाली के कलौलीतीर गांव में शनिवार रात युवक की हत्या के बाद शव सड़क किनारे फेंक दिया गया। सुबह शव को देख परिजनों में कोहराम मचा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के कलौलीतीर गांव निवासी विकास (22) पुत्र लल्लू का शव राठ हाईवे पर प्रेम नारायण के खेत के सामने पटरी पर पड़ा ग्रामीणों ने देखा तो सनसनी फैल गई। युवक के चेहरे पर चोट के निशान व गले में रस्सी के निशान बताए जा रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार शाम विकास घर से अपने साथी गुलशन के साथ गांव निवासी विनोद वर्मा के खेत में गेहूं फसल की थ्रेसरिंग कराने के लिए गया था, लेकिन वहां से वापस आ गए थे। सुबह शौच क्रिया करने गए लोगों ने देखकर परिजनों को सूचना दी। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा और अविवाहित था, घर के कामकाज के साथ ही ट्रक में खलासी का काम करने चला जाता था।

वह शराब का लती था। बड़ा भाई महेश्वरी मजदूरी करता है जबकि मंझला भाई राम जी पिता के साथ खेती बाड़ी में हाथ बंटाता है। हत्या के पीछे लोग दबी जुबान से रात में दारू खोरी के बीच विवाद को कारण मान रहे है।

हत्या कहीं दूसरे स्थान पर करने के बाद शव सड़क किनारे पटरी पर फेंक दिया गया। उधर पुलिस मीडिया ग्रुप में जारी सूचना में युवक की सड़क दुर्घटना में मौत होने की संभावना जताई गई है। हालांकि पुलिस घटना की बारीकी से जांच पड़ताल में जुट गई है।

### पिता ने ऑटो चालक पर लगाया हत्या का आरोप

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** मार्ग दुर्घटना में मृत युवक के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के ऑटो चालक पर हत्या का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष ने हल्का इंचार्ज को जांच के आदेश दिए हैं। टेढ़ा गांव निवासी नीरज श्रीवास 12 अप्रैल को सूरत से वापस आकर ऑटो से गांव जा रहा था। तभी पारा मोड़ के पास हुए हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया था। उपचार को ले जाते समय उसकी मौत हो गई थी। सदर अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। रविवार को पिता अर्जुन श्रीवास ने थानाध्यक्ष राकेश कुमार को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि जिस समय वह घायल पुत्र को एंबुलेंस से लेकर सदर अस्पताल जा रहा था तभी उसने बताया कि उसको ऑटो चालक टेढ़ा निवासी सुरेंद्र सिंह परिहार ने पीछे से आगे बैठा लिया और बैग छीनने का प्रयास किया। जब उसने विरोध किया तो उसे ऑटो से धक्का देकर गिरा दिया। बैग में 80 हजार रुपए नगद थे जो गायब है और बैग का ताला टूटा हुआ है। मृतक के पिता ने सुरेंद्र सिंह परिहार पर हत्या का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष ने हल्का इंचार्ज वकील अहमद को जांच के निर्देश दिए हैं।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

संवाददाता सुमेरपुर(हमीरपुर)

- 23 अप्रैल को बहन की शादी बांटने जा रहा था निमंत्रण पत्र

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के बांदा मार्ग पर इसुली के पास बहन की शादी के कार्ड बांटने जा रहे बाइक सवार युवक को शनिवार की देर रात अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई।

जसपुरा थाना क्षेत्र के कुम्हरिया डेरा निवासी राजू यादव का पुत्र अनुज (21) पल्सर बाइक से शनिवार की रात करीब 10 बजे बहन की शादी के कार्ड बांटने के लिए सुमेरपुर की ओर आ रहा था। तभी इसूली के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सूचना पर परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए है। पिता राजू यादव ने बताया कि आगामी 23 अप्रैल को बेटी अंजना की शादी है और उसी की शादी के कार्ड बांटने के लिए इकलौता बेटा अनुज बाइक से निकला था। लेकिन इसूली के पास घटना हो गई। बताया कि उसके दो बेटियां और इकलौता बेटा था। बड़ी बेटी नीलम की शादी पिछले वर्ष हो गई थी। छोटी बेटी अंजना की शादी 23 अप्रैल को है। जिसकी तैयारियां घर पर चल रही थी। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि घटना के बाद वाहन मौके से भाग निकला है जिसकी तलाश की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### जीप और बाइक की भिड़ंत में दोनों के चालक घायल

**बांदा।** रविवार की दोपहर लगभग दो बजे रामदेवी अहिरवार (41) पुत्र रामलाल अपनी बाइक द्वारा रेहुंची रोड से घूमकर बैरागी पुरवा पहुंच मार्ग से अजयगढ़ मुख्य मार्ग में पहुंचा ही था कि अचानक अजयगढ़ की ओर से आ रही जीप से सीधी भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक चालक रामदेव गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, वहीं मैक्स चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगा देने से गाड़ी पलट गई। जिसमें बैठे शिलाजीत परिवार के गोविंद व विजय निवासी ग्राम छठवां मील जनपद पन्ना मप्र को गंभीर चोटे आई हैं। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरैनी में भर्ती कराया गया। मैक्स चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### पुलिस ने दो वांछित आरोपी दबोचे

**मऊ (चित्रकूट)।** एसआई रामकृत यादव पॉक्सो एक्ट के वांछित आरोपी राजकुमार पुत्र जुगुल निवासी बेलहा मजरा बरियारी कला को गिरफ्तार किया। एसआई इंद्रजीत गौतम ने वांछित सुभाष चंद्र पांडेय पुत्र लक्ष्मी नारायण निवासी मऊ को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में मुख्य आरक्षी दौलत सिंह, आरक्षी राकेश कुमार शामिल रहे।

### बच्ची को एक घंटे के अंदर बरामद किया

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** 14 अप्रैल को यशोदा देवी निवासी जमिरा ने पुलिस को सूचना दी कि उसकी पौत्री आठ वर्षीया दुखी प्रजापति खेलते खेलते कहीं गुम हो गई। इस पर इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य ने एक घंटे में बच्ची को गांव के ही पास से ढूंढ निकाला। बच्ची को दादी के सुपुर्द किया। पुलिस टीम में आरक्षी अखिलेश कुमार, समीक्षा यादव शामिल रहीं।

### विभिन्न मामलों के पांच आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** कोतवाली के एसआई राहुल पांडेय ने ने वारंटी भैंरो पुत्र चुन्ना निवासी शोभा सिंह का पुरवा को गिरफ्तार किया। एसआई अनिल कुमार गुप्ता ने वारंटी राजा पुत्र इमामुद्दीन निवासी दुर्गा कुंज, चौकी प्रभारी सीतापुर गौरव तिवारी ने वारंटी राजेंद्र प्रजापति पुत्र भगवानदीन निवासी कटरा गूदर, एसआई उमाशंकर यादव ने वारंटी मुखिया उर्फ मुकेश पुत्र राज करन निवासी चितरा गोकुलपुर और बहिलपुरवा थाने के एसआई सुशील चंद्र निगम ने वारंटी संजय पुत्र बल्देव प्रसाद निवासी रुखमा खुर्द को पकड़ा।

### चार आरोपियों पर गुंडा एक्ट लगाया

**चित्रकूट।** प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर रीता सिंह ने बुद्धविलास उर्फ बडन उर्फ बड़ा भइया पुत्र शत्रुजीत निवासी रामपुर कल्याणगढ़, कपिल सोनकर पुत्र संतोष निवासी पटा के विरुद्ध गुंडा एक्ट की कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार ने सत्येंद्र उपाध्याय पुत्र राजेंद्र निवासी महुआ गांव, शिवसहाय पुत्र गयाप्रसाद निवासी कुसियापुरवा के विरुद्ध धारा 03 यूपी गुंडा एक्ट की कार्रवाई की।

### आस्था का केंद्र है बांक का मौहर देवी मंदिर

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** बांकी बांक बिलहड़ी के समीप बने मौहर देवी मंदिर की ख्याति दूर-दूर तक है। वर्ष पर्यंत लोग यहां मुराद पूरी होने पर दर्शन पूजन को आते हैं। चैत्र नवरात्रि की अष्टमी को यहां विशाल जवारा मेला लगता है। इस मेले में आसपास के कई गांवों के लोग शामिल होते हैं। बांक गांव के समीप पलरा मार्ग किनारे बने मौहर देवी मंदिर की ख्याति दूर-दूर तक है। यह मंदिर लोगों की आस्था का प्रतीक है। लोग मुराद पूरी होने पर वर्ष पर्यंत यहां दर्शन पूजन को आते हैं। शारदीय नवरात्रि के अलावा चैत्र नवरात्रि में प्रत्येक दिन यहां भक्तों का तांता लगता है। चैत्र नवरात्रि की अष्टमी पर यहां विशाल जवारा मेला संपन्न होता है। इस जवारा मेला में बांकी, बांक, बिलहड़ी, धरमपुर, नदेहरा, पलरा, बिदोखर मेदनी के अलावा सुमेरपुर कस्बे के लोग शामिल होते हैं।

### छत से गिरकर किसान घायल

**बांदा :** बिंसडा थाना क्षेत्र के बड़ा गांव निवासी 50 वर्षीय किसान शनिवार की रात छत पर सो रहा था। सो समय वह छत से नीचे जा गिरा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### युवक ने जहरीला पदार्थ खाया , अस्पताल में भर्ती

बांदा। अतर्रा कस्बा निवासी 26 वर्षीय देवकरन पुत्र सूर्यकरन ने शनिवार की रात घरेलू कलह से तंग आ कर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालो को जानकारी हुई उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### देवी मां का पूजन कर कन्याओं को कराया भोज

**बकेवर, इटावा।** चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर रविवार को मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना का दौर चलने के साथ ही प्रसाद वितरण किया गया। व्रत रखने वाले भक्तों ने अपने घरों पर कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोज कराया। शनिवार को चैत्र नवरात्र छठवें दिन सुबह से भरथना रोड पर बकेवर में स्थित सुप्रसिद्ध माता गमा देवी के दर्शन करने वालों की भीड़ उमड़ी पड़ी। माता के भक्तों ने मंदिर में फूल, मिठाई का भोग लगाया। मंदिरों में प्रसाद का वितरण किया गया। व्यपार मंडल अध्यक्ष गौरव शर्मा शीलू ने मंदिर पर कन्या भोज का आयोजन कराया। वहीं नन्दू शुक्ला, अनिल तिवारी, अनूप शर्मा एडवोकेट, रवी अवस्थी, रवी प्रकाश शुक्ला, अनील चौधरी, आकाश पाठक, शोलू तिवारी आदि का विशेष सहयोग रहा।

### छात्राओं को मंदिर और पार्क का भ्रमण कराया

**बकेवर, इटावा।** नवरात्र पर रक्तदाता समूह ने छात्राओं को कन्याभोज कराया। मन्दिर और पार्क भ्रमण कराकर भोजन कराया गया। श्रम विभाग से संचालित विहान आवासीय बालिका विद्यालय की 96 छात्राओं के लिए कन्या भोज आयोजित किया। छात्राओं को सांई मंदिर, जयगुरुदेव जन्मभूमि मंदिर खितौरा एवं वृन्दा हर्बल पार्क बहेड़ा का भ्रमण कराया गया। सांई मंदिर और जयगुरुदेव जन्मभूमि मंदिर खितौरा की सैर के दौरान प्रधानाध्यापिका प्रतिमा सिंह ने छात्राओं को विभिन्न मन्दिर शैलियों, मूर्तकला और सांस्कृतिक धरोहरों के बारे में जानकारी दी। रक्तदाता समूह इटावा के संचालक शरद तिवारी ने वृन्दा हर्बल पार्क के भ्रमण के दौरान छात्राओं को पर्यावरण के संदर्भ में जानकारियां दीं। ज्यादा से ज्यादा पेड़-पौधे लगाने हेतु कहा। रक्तदाता समूह इटावा के सदस्यों में राजीव चौधरी, राजीव नरूका, , शरद तिवारी, धनंजय कुशवाह, सौरभ परिहार, अभय यादव सिन्टू, जीतू कुशवाहा, अंकित राजावत, अर्पित चौहान की उपस्थिति रही।

# नेताओं के लिए युवाओं के मन में गहरा आक्रोश

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** नेताओं के लिए युवाओं के मन में आक्रोश भरा है। वे कहते हैं नेताओं ने वोट बैंक की राजनीति के लालच में समाज को बांटकर रख दिया है। कभी आरक्षण का लॉलीपॉप दिखाया जाता है तो कभी धर्म, जाति की राजनीति की जाती है। उनका कहना है इस बार ऐसा सांसद चुनेंगे जो विकास की राजनीति में विश्वास करता है। बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर ध्यान दे। जनता के लिए उपलब्ध हो। जिस पर युवाओं ने रखे अपने विचार।

### फूट डालो, राज करो



अनिल कुमार ने कहा कि पहले अंग्रेज फूट डालो राज करो की रणनीति पर काम कर देश लूटते रहे। वर्तमान में सभी राजनैतिक दल इसी दिशा में काम कर समाज के तोड़ रहे हैं। ऐसे प्रत्याशी को चुनेंगे जो क्षेत्र की समस्याओं और स्वास्थ्य सेवाओं पर ध्यान दे।

### जाति,धर्म की राजनीति न करें



पीयूष शुक्ला ने कहा कि अधिकतर नेता जाति और धर्म की राजनीति कर रहे हैं। सभी पार्टियां प्रत्याशियों का चयन जातीय आधार पर कर रही हैं। यह निराशाजनक है। हमें ऐसा सांसद चाहिए जो विकास की राजनीति करे और वह पढ़ा लिखा परास्नातक हो।

### मुद्दों की राजनीति करने वाला नेता हो



विश्वास द्विवेदी का कहना है कि हमारा नेता मुद्दों की राजनीति करने वाला होना चाहिए। कम से कम परास्नातक हो और क्षेत्र के विकास के लिए बेहतर कार्ययोजना बनाने वाला हो।

### जनता से जुड़ा हो प्रत्याशी



प्रेमनारायण द्विवेदी का कहना है कि अक्सर देखा गया है कि चुनाव जीतने के बाद सांसद क्षेत्र में आना ही छोड़ देते हैं। ऐसे प्रत्याशी को चुनेंगे जो क्षेत्र में चुनाव जीतने के बाद जनता के बीच जरूर आएं।

# विधवा ने चार लोगों के खिलाफ लिखाई रिपोर्ट

**मौदहा (हमीरपुर)।** सरसों की फसल व भूसा बटाईदार के द्वारा खेत मालिक को न बांट कर बिना जानकारी के बिक्री कर लेने से उपजे विवाद पर कोतवाली पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के खंडेह गांव की विधवा गोमती ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उसके आठ बीघा खेत बबलू आदि को बटाई में दिया था। जिसकी फसल आने पर पीड़िता को बगैर बताए सरसों की फसल व भूसा की बिक्री कर दिया है और जब इस संबंध में उक्त लोगों को जानकारी चाही गई तो वह नाराज हो गया और मारपीट करने लगे।

जिससे आहत होकर पीड़िता ने कोतवाली प्रभारी से न्याय की गुहार लगाई। कोतवाली पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी बबलू, नीरज, राज्जू व रितु के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दिया है।



भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते पूर्व विधायक के पुत्र हरिवल्लभ पांडेय। अमृत विचार

# कांग्रेसी नेता के पुत्र ने थामा भाजपा का दामन

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार।** चित्रकूट जनपद निवासी दिवंगत पूर्व कांग्रेसी नेता के पुत्र ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। जिला प्रभारी व भाजपा जिलाध्यक्ष के समक्ष उन्होंने पार्टी की सदस्यता ली। भाजपा नेताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत करते हुए लोकसभा चुनाव प्रचार में जुटने को कहा।

बांदा और चित्रकूट के दिवंगत कांग्रेस नेता हीरा पांडेय के पुत्र हरिवल्लभ पांडेय ने कनवारा गांव स्थित जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष संजय सिंह, जिला प्रभारी रामकिशोर साहू, जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद, सांसद आरके पटेल, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, नरैनी विधायक ओममणि वर्मा सहित बड़ी संख्या में मौजूद भाजपा पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष भाजपा की सदस्यता ली। प्रदेश सह प्रभारी संजीव चैरसिया ने उन्हें माला व भाजपा पट्टिका पहना कर स्वागत किया। बड़ी संख्या में मौजूद भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आनंद स्वरूप द्विवेदी ने कहा कि उनके भाजपा में शालि होने पर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा को फायदा मिलेगा।

# तीन को 485 क्वार्टर शराब के साथ पकड़ा

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र में अलग-अलग तीन स्थानों पर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 485 क्वार्टर शराब बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। बाद में सभी को निजी मुचलके में रिहा कर दिया गया।

क्षेत्र के कुरारा भौली रोड में शमशान पुलिया के पास एक संदिग्ध व्यक्ति खड़े होने की सूचना मुखबिर ने पुलिस को दी। जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा। जिसके पास से जामा तलाशी में 190 क्वार्टर शराब के बरामद हुए। उसने अपना नाम कामता प्रसाद पुत्र छुटकौनी निवासी सिकरोड़ी बताया।

वहीं मुखबिर की सूचना पर कस्बा के बाल्मीकि पार्क के पास दूसरे आरोपी सुनील कुमार पुत्र रामबाबू निवासी वार्ड नम्बर 2 कस्बा कुरारा को 100 क्वार्टर शराब के साथ पकड़ा। जबकि पुलिस ने तीसरे आरोपी अनुज कुमार अहिरवार पुत्र कामता प्रसाद निवासी वार्ड नम्बर 2 कस्बा कुरारा को 195 क्वार्टर शराब के साथ पकड़ा। तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए निजी मुचलके पर रिहा कर दिया।

# बहू व पुत्र पर लगाया गाली देने का आरोप

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के मवई गांव निवासी एक महिला ने बहू व पुत्र पर बेवजह गाली गलौज कर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

मवई गांव की निवासी कस्तूरी पत्नी जंगबहादुर ने तहरीर देकर बताया कि उसकी मामूली विवाद के चलते उसकी बहू आकांक्षा और उसका बड़ा पुत्र बृजेंद्र उसे व उसके पति जंगबहादुर के अलावा उसके छोटे पुत्र सोनू के साथ गाली गलौज करने लगे। बताया कि जब गाली गलौज करने का विरोध किया तो उसकी बहू आकांक्षा और पुत्र बृजेंद्र ने उसके पति जंगबहादुर और उसके छोटे पुत्र सोनू की पिटाई कर दी। बताया कि जब उसने मारपीट करने का विरोध किया तो दोनों ने उसके साथ भी गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दे डाली।

# हाईवे किनारे अतिक्रमण पर अभी चलेगी कार्रवाई

संवाददाता,कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** गत बुधवार को हाईवे अथॉरिटी एवं वन विभाग की टीम ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया था। जिसमें हाइवे किनारे सरकारी जमीन में व्यापारिक गतिविधियां चलाने वालों को हटाया था लेकिन फिर अतिक्रमण हो गया।

विगत कुछ वर्षों से हाईवे स्थित सरकारी जमीनों पर बड़ी संख्या में लोगों ने व्यापारिक गतिविधियां शुरू कर दी थीं, जिसके चलते लोग सम्बन्धित विभाग के जिम्मेदारों पर सवाल उठाने लगे थे। उक्त मामला सुर्खियों में आने के बाद हाईवे किनारे स्थित सरकारी जमीन के कब्जों का मामला भी प्रशासन के संज्ञान में आ गया था। जिस पर जांच शुरू हुई तो सम्बन्धित विभागों को अतिक्रमण हटाने के निर्देश जारी किये गए थे और इसी के चलते हाइवे अथॉरिटी ने हाइवे के मध्य से साढ़े बाइस मीटर की सीमा में व्यापारिक गतिविधियां चला रहे लोगों को नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे और बुधवार को वन विभाग के रेंजर संजय यादव तथा एनएचएआई के अभियन्ता एन गणेशन की संयुक्त टीम ने कबाड़ी की दुकान से अभियान की शुरुआत की, जिसमें वहां से लेकर नगर सीमा स्थित हाइवे एवं वन विभाग की जमीन से कई अतिक्रमण हटा दिए गए।

परन्तु उस दरमियान एक ढाबे सहित कुछ अतिक्रमण अज्ञात कारणों के चलते शेष रह गए, जिन्हें कब तक हटाया जाएगा यह आगामी समय ही तय करेगा।




बाबा साहेब की शोभायात्रा में शामिल लोगों को शरबत पिलाते कार्यकर्ता। अमृत विचार

# कौमी एकता रक्तदान फाउंडेशन ने जयंती पर बांटा शरबत

संवाददाता,हमीरपुर

**अमृत विचार।** नगर के कालपी चौराहे पर कौमी एकता रक्तदान फाउंडेशन के संस्थापक/अध्यक्ष जिरगाम सिद्दीकी के नेतृत्व में सदस्यों ने शरबत एवं जल वितरण कर डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई।

उन्होंने कहा कि हमारे सभी सदस्यों के सहयोग से शरबत एवं जल वितरण कर और बाबा डॉ भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई गई है। सैय्यद उमर, मो. तौसीफ एडवोकेट, हुसैन रिज़वी, शहज़ाद खान, अमन अनुरागी, स्वप्निल सोनी, कुलदीप अहिरवार, एहतिशाम फ़हद, छोटे श्रीवास, दानिश खान, विकास श्रीवास इत्यादि मौजूद रहे।

**पहले चरण का चुनाव** | एसपी के निर्देश पर सभी तैयारियां की गईं पूरी

# पुलिस बल की आज होगी रवानगी

कार्यालय संवाददाता, बांदा



**अमृत विचार।** पुलिस उप महानिरीक्षक अजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन व पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के नेतृत्व में लोकसभा के प्रथम चरण के चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूर्ण करने के साथ ही जनपद के लगाए गए पुलिस बल को 15 अप्रैल को रवाना किया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रथम चरण के लोकसभा चुनाव के लिए जनपद से लगाए जाने वाले पुलिस बल को सोमवार को पूरी व्यस्थाओं के साथ रवाना किया जाएगा। निर्वाचन ड्यूटी पर लगाये गये पुलिस बल का सर्वप्रथम मेडिकल परीक्षण कराया गया, जिसमें उनके सुगर, ब्लड प्रेशर आदि का चेकअप कराया गया ताकि लगाये गये पुलिस बल को कोई समस्या न हो और किसी बीमार या समस्या से ग्रस्त व्यक्ति को ड्यूटी पर न भेजा जाये। पुलिस बल को प्राथमिक उपचार किट भी प्रदान किया जा रहा है, जिसमें प्राथमिक दवाएं, ओरआरएस, एलर्जी, बुखार, वोमिटिंग की टैबलेट कॉटन व बैंडेज दिया जा रहा है । चुनाव से पूर्व तैयारियों के क्रम में सभी शस्त्रों की साफ-सफाई कर ली गई है। चुनाव ड्यूटी में लगाये गये पुलिस बल को शस्त्रो का प्रशिक्षण कराने के साथ-साथ फायरिंग का अभ्यास भी कराया गया, जिससे मतदान के दौरान किसी भी अराजक स्थिति से निपटा जा सके। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मानको का कड़ाई से अनुपालन किया गया है। चुनाव ड्यूटी में लगाये गये पुलिस बल को ले जाने के लिए लगाई गई बसों को फिटनेट टेस्ट कराते हुए चालकों को ब्रीफ किया गया है। यात्रा के दौरान मानक के अनुरुप हाल्ट निश्चित किए गए हैं, जहां निश्चित यात्रा के पश्चात जलपान आदि के लिए बसें कुछ समय के लिए रुकेंगी। ड्यूटी में रवाना हो रहे पुलिस बल को सूक्ष्म जलपान किट दिया जायेगा । इसके साथ उनके भेजन आदि का भी प्रबंध किया गया है। चुनाव ड्यूटी के दौरान फोर्स के रुकने आदि की व्यवस्था का एसपी अंकुर अग्रवाल द्वारा पहले से ही टीम द्वारा निरीक्षण कर लिया गया है।

### मतदान के लिए किया जागरूक

**चित्रकूट।** सेवा भारती चित्रकूट के पदाधिकारियों, सदस्यों ने गांवों में जाकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। इस मौके पर जिला महामंत्री राजकिशोर शिवहरे, अध्यक्ष गुरु प्रकाश शुक्ला ने चितरा गोकुलपुर, रानीपुर भट्ट, अहमद नगर में लोगों को मतदान की प्रेरणा दी। जिला प्रचार प्रमुख शंकर यादव, शिवाकुमार, जिला स्वावलंबन प्रमुख शिवकुमार ,बाल संस्कार प्रमुख राजीव श्रीवास्तव, अनिल अग्रवाल ,गोविंद निषाद आदि मौजूद रहे।

# 10 और शातिर बदमाशों की खोली गई हिस्ट्रीशीट

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- लोकसभा चुनाव के चलते शातिरों के खिलाफ विशेष अभियान

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में कराने को पुलिस अपराधियों तथा अराजक तत्वों के खिलाफ व्यापक पैमाने पर कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत जिले के विभिन्न थानों में 10 और शातिर बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खोल दी गई है।

पुलिस का दावा है कि विशेष अभियान में सत्यापन करके वास्तविक बदमाशों को कानूनी कार्रवाई के घेरे में लिया जा रहा है। एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि बीते दशक में जिले में 1276 तथा अन्य जिलों में 674 प्रकाश में आए लुटेरे, चेन स्नेचर, नकबजन अपराधियों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है, हमारे कार्यकाल में अभी तक 203 बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खोली जा चुकी है। इनमें 10 की अभी खोली गई है जिनमें थाना चौबिया के गांव मोहनपुर का अशोक यादव, बरालोकपुरा का गोलू, सद्दाम अली, इसी थाना के गांव अकबरपुर का नीलेश उर्फ रैना तथा अंशुल यादव, इसी थाना के गांव चमरोआ का मोहित यादव, थाना सिविल लाइन के गांव जवाहरपुर का प्रीतम यादव तथा सराय दयानत का दीपांशु, थाना इकदिल के गांव कछपुरा का विकास तथा इसका भाई विशाल की हिस्ट्रीशीट खोली गई है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# हर हालात में लड़ना सिखाता आंबेडकर का व्यक्तित्व

## आंबेडकर जयंती पर जिले भर में हुए विविध कार्यक्रम, अतिथियों ने उनके दिखाए मार्ग पर चलने का किया आह्वान

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** भारत रत्न डॉ. बीआर आंबेडकर की जयंती रविवार को जिलेभर में मनाई गई। राजनीतिक दलों से लेकर समाजसेवियों ने जयंती पर आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान गोष्ठियों में आंबेडकर द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उरई द्वारा दयानन्द वैदिक कॉलेज में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उरई सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा थे, अध्यक्षता प्रोफेसर राजेश चंद्र पांडेय ने की, मुख्य अनुशासन अधिकारी डॉ. गौरव यादव, मुख्य वक्ता डॉ. नमो नारायण और अभाविप नगर अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र यादव के उद्बोधन दिया गया। प्राचार्य प्रोफेसर राजेश चंद्र पांडेय ने कहा कि डॉ. आंबेडकर सबके नेता थे और रहेंगे। उन्हें किसी जाति विशेष का नेता कहने से उनके व्यक्तित्व को छोटा करना है। मुख्य अतिथि सदर विधायक वर्मा ने कहा कि उनका व्यतित्व विपरीत से विपरीत परिस्थिति में अपने अधिकारों के लिए लड़ना सिखाता है। इस दौरान अभाविप उरई विभाग के विभाग प्रमुख मुख्य वक्ता डॉ. नमो नारायण ने अम्बेडकर के जीवन में प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डीवीसी के अनुशासन अधिकारी गौरव यादव, एबीवीपी नगर अध्यक्ष सुरेंद्र यादव , प्रान्त सहमंत्री चित्रांशू , विभाग समिति सदस्य अभय दुबे, जिला सह संयोजक शशांक चंदेल, नगर मंत्री दीपक उपाध्याय, नगर सहमंत्री अमन बुधौलिया, नितिन तिवारी आदि मौजूद थे।


कालपी में कर्मचारियों को शपथ दिलाते एसडीएम हेमंत पटेल। अमृत विचार


आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण करते भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

### संविधान की प्रस्तावना सुनाकर अधिकारियों ने ली शपथ

**कालपी (जालौन)।** तहसील सभागार कालपी में उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल की अध्यक्षता में प्रशासनिक एवं राजस्व अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करके भारतीय संविधान की प्रस्तावना को सुनाकर संकल्प लिया। इस मौके पर तहसीलदार अभिनव तिवारी, नायब तहसीलदार नीलमणि सिंह, हरदीप सिंह, स्टैनो सलीम खान, अशोक पांडेय, टीपू हाशमी के अलावा लेखपाल व कानून गो के साथ विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे। नगर पालिका सभाकक्ष में अधिशासी अधिकारी अवनीश शुक्ला की मौजूदगी में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अरविंद यादव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बाबा साहब के चित्र में माल्यार्पण करके भारतीय संविधान पढ़कर अपने कर्तव्यों पर चलने का आवाहन किया। समाजसेवी संस्था न्यू लोक कल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ. सुरेश वर्मा के नेतृत्व में बाबा साहब की प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया। इसी प्रकार पूर्व विधायक छोटे सिंह चौहान, पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन, पूर्व विधायक डॉ. अरुण मल्होत्रा, नगर अध्यक्ष भारत सिंह यादव, अशोक वाजपेई, अमित पांडेय, सर्वेश पुरवार, सतेन्द्र सिंह चौहान, दीपांशु राष्ट्रवादी, रविंद्र कोरी, अरविंद सिंह राठौर आदि मौजूद रहे। इसी प्रकार बसपाइयों ने भी डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने उन्हें याद किया। इस मौके पर पूर्व पालिकाध्यक्ष जगजीवन अहिरवार, हाशिम अली, राजेश गौतम के अलावा तमाम कार्यकताओं मौजूद रहे।

### भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में मनाई गई जयंती

**उरई (जालौन)।** भारतीय जनता पार्टी ने जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित के नेतृत्व में जनपद के 19 मंडलों के 1400 बूथों पर बाबा साहेब की जयंती मनाई गई। उरई के आंबेडकर चौराहा पर भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित एवं विजय चौधरी समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब की मूर्ति पर साफ सफाई एवं धुलाई के उपरांत माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए। लोकसभा केंद्रीय चुनाव कार्यालय में पाठकपुरा पुलिस लाइन बघौरा में केंद्रीय मंत्री सांसद भानु प्रताप वर्मा ने आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, उरई सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र सिंह सेंगर नगर अध्यक्ष अमित समाधिया एवं आकाश गहाई सहित जिला एवं क्षेत्र के पदाधिकारी जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। हमारे कालपी संवाददाता के अनुसार भीमराव आंबेडकर की जयंती पर कालपी में भाजपा के पूर्व विधायक अरुण मेहरोत्रा और भाजपा नगर अध्यक्ष भारत सिंह यादव ने समर्थकों के साथ अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।


करुणामयी महिला संघ द्वारा निकाली गई प्रभात फेरी। अमृत विचार

## आंबेडकर की वेश-भूषा में निकाली गई प्रभातफेरी

कार्यालय संवाददाता उरई

- करुणामयी महिला संघ ने राजेंद्र नगर से शुरू की यात्रा

**अमृत विचार।** आंबेडकर जयंती पर करुणामयी महिला संघ टीम द्वारा राजेंद्र नगर से प्रभात फेरी निकाली गई। इस दौरान महिलाएं खूब भीम गायन पर थिरकती नजर आईं, बच्चों ने बाबा साहब के वेशभूषा में अभिनय रूप धारण किया। इस मौके पर प्रभा बौद्ध, अंजू सिंह, कंचन भारती, अकांक्षा बौद्ध,गीता भारती,वंदना गौतम, मीनू गौतम, अर्चना गौतम, गरिमा गौतम, प्रीति गौतम, शिक्षा गौतम, रजनी गौतम, शालनी गौतम, मंजुला गौतम, गीता भारती, रुचि त्यागी, यशोधरा चौधरी दिनकर, कल्पना, नीतू सिंह, रेखा चौधरी, रजनी गौतम, ऊषा बौद्ध, कमला दोहरे, विभा सिंह, उपस्थित रहीं। इसी तरह जालौन के ग्राम पंचायत औरेखी में आंबेडकर जयंती मनाई गई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामबाबू रजक के साथ ही दिलीप कुमार दोहरे, अनिल कुमार प्रजापति, राजेश कुमार, मोहन दोहरे, कुंवर सिंह, शील रत्न भंते, राजू दोहरे सहित दर्जनों लोगों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

### एक नजर

**झाड़ियों में घुसा लोडर**

**कुठौंद जालौन।** उरई औरैया स्टेट हाईवे पर स्थित सलेमपुर मार्ग गेट के पास गेहूं से लदा लोडर का संतुलन बिगड़ गया और रोड के नीचे झाड़ियों में जा घुसा। ज्ञात हुआ कि हरियाणा प्रांत के रहने वाले रणधीर सिंह ग्राम सिरसा कलार में खेती करते हैं। वहीं से अपने गेहूं की फसल को लोडर में लेकर औरैया की तरफ जा रहे थे। इस दौरान लोडर अनियंत्रित होकर स्टेट हाईवे से उतरकर झाड़ियों में चली गई।

**सेवानिवृत्त अधिकारी ने थामा भाजपा का दामन**

**उरई (जालौन)।** शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद अधिकारी प्रेमपाल सिंह राजपूत ने रविवार को भगवा चोला पहन लिया। उन्होंने भाजपा के जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित की मौजूदगी में अपने साथियों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। प्रेमपाल सिंह लंबे समय से साहित्य सेवा से भी जुड़े रहे हैं। उन्होंने अपनी लिखी पुस्तकें , दो सनातनी शक्ति महाकाव्य, योगी जी, मोदी जी उनके सुशासन की कीति लिखीं काव्य पुस्तकें भाजपा जिलाध्यक्ष को भेंट की।


भीम भोज में खाना लेते लोग। अमृत विचार

## टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने उरई में करवाया भीम भोज

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** एससी/एसटी बेसिक टीचर्स बेलफयर एसोसिएशन जालौन ने आंबेडकर जयंती पर शहर के आम्बेडकर चौराहा स्थित आम्बेडकर प्रतिमा के सामने भीम भोज का आयोजन किया। जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंच कर भीम भोज का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र दोहरे, रामप्रकाश गौतम मंडल अध्यक्ष, मीडिया प्रभारी वीरेन्द्र बौद्ध, मंडल महामंत्री मिस्टर सिंह, अनिल दोहरे, नरेश गौतम, सुभाषचंद गौतम, ओमप्रकाश गौतम, देवेंद्र सिंह कुठौंद, देवेन्द्र सिरौलिया, के. के. शिरोमणि, मनोज कुमार, श्याम बिहारी, अनुरुद्ध निरंजन, डा. नरेश गौतम सहित दर्जनों की संख्या एसोसिएशन शिक्षकगण मौजूद रहे।

# सपा, बसपा प्रत्याशियों ने मनाई बाबा साहेब की जयंती

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय उरई के आम्बेडकर चौराहा पर पार्क में स्थापित डा. भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर सुबह से उनके अनुयायियों द्वारा माल्यार्पण करने के तांता लगना शुरू हो गया। इसके साथ ही इंडिया गठबंधन से सपा लोकसभा प्रत्याशी नारायणदास अहिरवार, समर्थक राजीव नारायण मिश्रा, संतोष ठाकुर, अशोक द्विवेदी पूर्व ब्लाक प्रमुख, चौधरी श्याम सुन्दर, अनुज मिश्रा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष धीरेन्द्र शुक्ला, शहर अध्यक्ष रेहान सिददीकी, गुड्डू रिजवी, शब्बीर भाई, सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर, बृजमोहन नरछा, प्रताप यादव बजरिया, राजू अहिरवार, संजू अहिरवार, शफीकुर्रहमान कश्पी, शेलेंद्र शिरोमणि, शबीउददीन, विधानसभा अध्यक्ष वेदप्रकाश यादव, जमालुद्दीन पप्पू जिला महासचिव, महेंद्र कठेरिया पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, अमित सागर आदि मौजूद रहे। जबकि बसपा से लोकसभा प्रत्याशी सुरेशचन्द्र गौतम, झांसी मंडल प्रभारी डा. बृजेश जाटव, जिलाध्यक्ष धीरेंद्र चौधरी, जिला प्रभारी बसपा विकल प्रजापति जमलापुर, उदयवीर दोहरे नन्ना, रामसनेही बाबू, डा. देवेंद्र अहिरवार, आत्माराम फौजी आदि मौजूद थे।


आंबेडकर जयंती मनाते सपा पदाधिकारी। अमृत विचार


आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण करते कांग्रेस पदाधिकारी। अमृत विचार


आंबेडकर जयंती मनाते बसपा पदाधिकारी। अमृत विचार

### कांग्रेस ने मनाई जयंती, प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**उरई।** डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की 133 वीं जयंती के अवसर पर जनपद जालौन के कांग्रेस जिला अध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आंबेडकर चौराहा स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान कांग्रेस के प्रदेश सचिव अनुज मिश्रा, प्रदेश सचिव संतराम नीलांचल, प्रदेश सचिव एवं प्रवक्ता प्रेम नारायण पाल, प्रदेश सचिव राहुल राय प्रजापति, शहर अध्यकक्ष डॉ रेहान सिद्दीकी, अयूब अंसारी, मेराज सिद्दीकी, राजेश बुधौलिया, बृजेश पांडे, गुड्डू रिजवी, अशोक दुबे आदि मौजूद थे। इस दौरान वक्ताओं ने भारत के संविधान की रक्षा के लिए बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया एवं महागठबंधन के प्रत्याशी भाई नारायण दास अहिरवार को जिताकर भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी भाजपा को उखाड़ फेंक कर केंद्र में ईडी गठबंधन की सरकार बनाने की अपील की

# आग लगने के कारण बताकर लोगों को सचेत करेंगे दमकल कर्मी

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** अग्नि शमन सेवा दिवस पर रविवार को पुलिस अधीक्षक ने जागरुकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर अग्निशमन सेवा सप्ताह की शुरुआत की। पुलिस लाइन उरई स्थित अग्निशमन केंद्र में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक इरज रजा ने कहा की अगर आग लगाने के कारणों से पहले से सावधानी बरती जाए तो आग ही नहीं लग पाएगी, तो आग बुझाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोग खानाबना कर जलती आग छोड़ देते हैं, जिससे गांवों की आबादी में आग लगने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि खेतों में चना, मटर का होला भूंजने का फैशन है जिससे फसल में आग लग सकती है और किसानों की खून पसीने की कमाई खाक हो सकती है। गर्मी के दिनों में लोग बीड़ी इत्यादि पीकर जलती तीली फेंक देते हैं इससे लोगों को जागरूक करें।


जागरुकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते एसपी। अमृत विचार

### अग्निशमन सेवा दिवस मनाकर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**कालपी(जालौन)।** रविवार को फायर ब्रिगेड कार्यालय में प्रभारी एफएसओ महेंद्र बाजपेई की अध्यक्षता में राष्ट्रीय अग्नि सेवा दिवस मनाया गया। इस मौके पर शहीद हुए फायर कर्मियों को श्रद्धांजलि देकर आग की घटनाओं पर नियंत्रण करने के लिए जागरूक किया गया। कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि सन 1944 को मुंबई बंदरगाह में जहाज में आग को बुझाने में 66 फायरकर्मी वीर गति को प्राप्त हो गए थे। उन्हीं की याद में सारा राष्ट्र उनको श्रद्धांजलि देता है। उन्होंने कहा कि आग की घटनाओं को रोकने के लिए फायर कर्मियों तथा लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है। इस अवसर पर फायर कर्मियों मानवेंद्र सिंह, रवि कुमार शर्मा, रणधीर सिंह, विनोद नायक, वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

## बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**कालपी (जालौन)।** एक महीने पहले सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के मामले में पीड़ित पक्ष के द्वारा आरोपी मोटर साइकिल चालक के खिलाफ कालपी कोतवाली में मामला दर्ज कराया गया है। पीड़ित रामवीर पुत्र शत्रुघन सिंह निवासी ग्राम बैरई ने कालपी कोतवाली में अभियोग दर्ज कराते हुए अवगत कराया कि 16 मार्च 2024 की शाम 7 बजे प्रार्थी का भाई पर्वत सिंह अपने खेत से लाही की फसल काटकर ग्राम बैरई घर की ओर जा रहा था, उसी समय जोल्हूपुर मोड़ की तरफ से चालक राजकुमार पुत्र चिंतामन निवासी ग्राम मंगरौल अपनी मोटर साइकिल से तेजी व लापरवाही से चलाते हुए आया तथा प्रार्थी के भाई को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में प्रार्थी के भाई को गम्भीर चोटें आई हैं तथा घायल का अभी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

आस्था | मनोकामना पूरी होने पर डाली चढ़ाए जाने की परंपरा, नवरात्र में दिन भर रहती है भक्तों की भीड़

# सच्चे भक्तों के सभी कष्टों का हरण करतीं हैं माता वनखंडी

रोहिणी शर्मा, कालपी

**अमृत विचार।** कालपी नगर के दक्षिण दिशा में स्थित वनखंडी देवी शक्ति पीठ में नवरात्र के अवसर पर हजारों श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर पुण्य प्राप्त करते हैं। मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से यहां कुछ मांगता है उसकी मनंत अवश्य पूरी होती है। मनोकामना पूर्ण होने पर परिवार व रिश्तेदारों के साथ देवी मंदिर पहुंचकर डाली चढ़ाने की परंपरा है। डाली में पूड़ी, सब्जी, आटे का मीठा हलुआ, मां वनखंडी में चढाने की परंपरा है। नवरात्र में भक्तों की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के लिए सुबह 6 बजे से देर रात्रि तक पुलिस का पहरा रहता है। इसके अलावा बुंदेलखंड में वनखंडी देवी की अलग ही महत्ता है। हमीरपुर, महोबा, झांसी, मध्यप्रदेश के भिंड, कानपुर देहात समेत कई अन्य जनपदों और जालौन जनपद के कोने-कोने से मां वनखंडी के भक्त अपनी मनोकामना लेकर देवी दरबार में हाजिरी भराते हैं।

देवी पीठ के महंत जमुनादास महराज ने मां वनखंडी देवी का इतिहास का बताते हुए कहा कि त्रिदेवों की चित्त स्वरूपिणी शक्ति मां वनखंडी कालपी धाम में निवास करती हैं। उन्होंने बताया कि किंवदंतियों के अनुसार प्राचीन काल में सुधांशु नाम के राजा के कोई संतान नहीं थी। एक बार देवर्षि नारद मृत्युलोक में घूमते हुए राजा के घर के सामने से निकले। उन्होंने सुधांशु को दुखीः देखा, देवर्षि को राजा पर दया आयी और दुःखी होने का कारण पूछा। राजा ने संतान सुख न होने की अपनी व्यथा कही। नारदजी न ईश्वर से प्रार्थना करने का आश्वासन दिया, नारदजी ने भगवान विष्णु, ब्रम्हा एवं भगवान शंकर से राजा की व्यथा बताई। सभी ने राजा के भाग्य में संतान न होने की बात कही। कुछ वर्षों के बाद एक दिन सात वर्ष कि एक कन्या राजा के द्वार पर आई, और कहा कि जो कोई मुझे हलुआ-पूड़ी का भोजन कराएगा वह मनवांछित वर पायेगा। कहती हुई राजा के घर के सामने से निकली, कन्या की बात सुनकर राजा की पत्नि ने उस कन्या को आदर से बैठाकर पूर्ण श्रद्धा से हलुआ-पूड़ी का भोग खिलाया। चलते समय कन्या ने अपना नाम जगदंबिका और निवास अंबिकावन बताया। कुछ समय बाद राजा को पुत्र प्राप्ति हुई। नारद जी ने जब राजा के पुत्र होने की बात त्रिदेव से बताई तो उन्हें विश्वास नहीं हुआ और स्वयं राजा के घर गए और राजा के पुत्र को देख त्रिदेव को आभाष हुआ कि कोई दैवी शक्ति है जिसने ब्रह्मा का लेख भी झूठा साबित कर दिया। तभी त्रिदेव नारद मुनि के साथ अंबिकावन गए तो कन्या एक वृक्ष के नीचे बैठी दिखीं, कन्या का चमत्कारी रूप देख त्रिदेव नतमस्तक हो गए। यही पूर्व में अम्बिका वन था जो आज वनखंडी धाम कालपी के नाम से जाना जाता है।


वनखंडी माता। अमृत विचार


वनखंडी शक्तिपीठ के महंत जमुनादास महराज। अमृत विचार


माता के दर्शन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

- कालपी नगर के दक्षिण दिशा में स्थित है वनखंडी देवी का मंदिर दूसरे प्रदेशों से भी आते हैं भक्त

### यह भी है मान्यता

महंत के अनुसार झांसी कानपुर रेलवे लाइन ब्रिटिश काल के समय जब बिछाई जा रही थी, उस समय के अंग्रेज अधिकारी रेलवे लाइन का निरीक्षण करने वनखंडी धाम के पास आए। उन्हें दो सफेद शेर दिखाई दिए। उन्होंने उनका शिकार करने के लिए पीछा किया। कुछ दूर चलने के बाद शेर लापता हो गए और दो पत्थर के शेर दिखाई दिए। झाड़ियों में मां की पिण्डी दिखाई दी, जंगल में उस दृश्य को देख अंग्रेज अधिकारी भयभीत एवं चकित हो गए और उलटे पैर वापस लौट गए। इस घटना को तत्कालीन पटवारी ने लिपिबद्ध किया, जो आज भी राजस्व अभिलेखों में दर्ज है।

### देवी मंदिरों में गूंजे माता के जयकारे

**उरई (जालौन)।** चैत्र नवरात्र की पंचमी के दिन मां दुर्गा के मंदिरों में भीड़ उमड़ी। भक्तों ने पूजा अर्चना करने के साथ ही भक्तों ने जवारों के दर्शन किये। विभिन्न मंदिरों में तो देर रात्रि भजन कीर्तन एवं मातारानी का जागरण भी किया गया। शहर के विभिन्न मंदिरों राठरोड स्थित संकटा माता मंदिर, हुल्की माता मंदिर करमेर रोड, बड़ी माता मंदिर मातापुरा, काली माता मंदिर हजारीपुरा सहित आदि मंदिरों में पंचमीं के दिन देर रात मातारानी के दर्शन करने वाले भक्तगणों का तांता लगा रहा। इसके अलावा जगह-जगह पर कन्या भोज का आयोजन किया। इसके साथ मां दुर्गा की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की।

## भजन संध्या में भाव विभोर हुए श्रोता

**उरई (जालौन)।** जालौन देवी माता मंदिर परिसर में चल रहे चैत्र नवरात्र महोत्सव के पांचवें दिन मध्यप्रदेश के निवाड़ी से आए भजन गायक पवन तिवारी के भजनों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। जालौन देवी माता मंदिर परिसर में रामपुरा ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह सेंगर के सौजन्य से चल रहे नौ दिवसीय नवरात्र महोत्सव में पिछले पांच दिनों से अनवरत मैया का अखण्ड भंडारा चल रहा है, जिसमें प्रतिदिन हजारों की संख्या में मंदिर दर्शन करने वाले श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं व शाम को सात बजे से देश के जाने माने कलाकारों के द्वारा माता रानी का जागरण किया जा रहा है। इसीक्रम में भजनों की शुरुआत भजन गायक तिवारी ने मैया खोल किवरियां, मैं पड़ा तेरे द्वारे, राम कहानी सुनो भई राम कहानी व ओ मैया तेने का ठानी मन में राम सिया भेज दई री वन में, सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर तालियां बजाने को विवश कर दिया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र से पधारे विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े सामाजिक लोगों का माता रानी की चुनरी ओढ़ाकर सम्मान किया गया।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

NOTICE

I, Poonam Arora W/O Indresh Sharma R/o - 155 Malhour Road Nikat Islamia School Chinhat Lucknow U.P. 226028 have changed my name from Poonam Arora to Poonam Sharma after marriage for all future purpose. Poonam Arora and Poonam Sharma both names belong to the same person.

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पासपोर्ट में संजीव कुमार और आधार कार्ड,पेन कार्ड में संजीव कुमार पोरवाल अंकित है। संजीव कुमार और संजीव कुमार पोरवाल दोनो ही नाम मेरे ही हैं। अतः पासपोर्ट में भी मेरा नाम संजीव कुमार पोरवाल अंकित कर द्वितीय प्रति निर्गत कर दी जावे। –संजीव कुमार पोरवाल पुत्र स्व श्याम बिहारी लाल पोरवाल, निवासी– बसरेहर, जिला– इटावा

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम दिलशाद से बदलकर दिलशाद आलम रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एव समझा जाय। –दिलशाद आलम पुत्र सोनहन, निवासी– ग्राम रामपुर बारह कोनी, पोस्ट व थाना धनघटा, जिला सन्त कबीर नगर 272162

# आधुनिक चुनाव अभियान मतदाताओं के साथ अन्याय तो नहीं?

बदलते वक्त के साथ चुनावी प्रचार-प्रसार के तौर-तरीके व साधन-संसाधन भी बदल गए हैं। अब चुनाव के दौरान वह रंग नजर नहीं आता, जो दशकों पहले दिखता था। अतीत पर नजर डालते ही धुआंधार नारेबाज़ी, प्लास्टिक और कागज़ के बिल्लों के लिये लपकते बच्चों वाली चुनाव प्रचार की तस्वीरें जीवंत हो उठती हैं। चुनाव की घोषणा होते ही प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों के प्रचार रिक्शा, ऑटो व वाहनों में लगे लाउडस्पीकरों के शोर से सड़कें गूंजने लगती थीं। सार्वजनिक स्थानों के साथ घरों की दीवारों को भी स्टैंसिल या प्रचार से रंग दिया जाता था। प्रचार के लिए जगह-जगह झंडे लगाए जाते थे। लेकिन अब सब कुछ डिजिटल है, हालांकि प्रचार का यह तरीका तमाम सवाल



भी खड़े कर रहा है।

"कश्ती चलाने वालों ने जब हार के दी पतवार हमें। लहर-लहर तूफ़ान मिले और मौज-मौज मझधार हमें। फिर भी दिखाया है हमने और फिर ये दिखा देंगे सबको। इन हालात में आता है दरिया करना पार हमें।"

यह पंक्तियां वर्तमान चुनावी परिदृश्य में राजनीतिक दलों की कशमकश को सही अर्थों में बयान करती हैं। इसमें कोई शक नहीं कि मतदाताओं तक अपना पक्ष रखने के लिए सभी राजनीतिक दल अथक प्रयास कर रहे हैं। लेकिन यह कहना भी गलत नहीं होगा कि प्रचार सामग्री झंडे, बिल्ले, टोपी, बैनर, गमछे आदि इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गए है। पर्चों-इश्तिहार, पोस्टर, हैंडबिल या कार्ड की जगह चुनाव-दर-चुनाव ऑनलाइन कंटेंट, रील, छोटे-वीडियो और वॉट्सएप मैसेज तैयार करने वालों की चांदी होती जा रही है। 'सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर' चुनावी परिदृशय पर हावी हो गए है। प्रिंटिंग-प्रेस वालों के पास अब मामूली फ्लैक्स-बैनरों का ही काम रह गया है।

### सोशल मीडिया ने ईजाद किए राजनीतिक लामबंदी के नए तरीक़े

पहले रेडियो व दूरदर्शन टेलीविज़न पर राजनीतिक दलों को उनकी विचारधारा तथा प्रस्तावित नीतियों, कार्यक्रमों व घोषणा-पत्र को प्रसारित करने के लिए निर्धारित समय आवंटित किया जाता था। अब 'संवाद' के लिए सोशल मीडिया ज़रूरी साधन के रूप में उभर चुका है। सोशल मीडिया ने राजनीतिक लामबंदी के नए तरीक़े ईज़ाद किए हैं। पिछले एक दशक में सोशल मीडिया पर राजनीतिक दलों की सक्रियता में भारी उछाल दर्ज किया गया है। मुख्यधारा के राष्ट्रीय व क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के फ़ेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, स्नेपचैट आदि पर अनुयायियों की संख्या आज करोड़ों में है, जिससे उनका मतदाताओं के साथ सीधा जुड़ाव सुनिश्चित हो गया है। उदाहरण के तौर पर पिछले कुछ समय से "फेसबुक लाइव" प्रचार का महत्त्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। जनसभाओं, रैलियों, नामांकन को 'लाइव' प्रसारित किया जाता है। इसके अलावा राजनीतिक दल और बड़े नेता अपने 'फैंस क्लब' सोशल मीडिया में चला रहे हैं।



### मीडिया प्रमाणन और निगरानी समितियां

भारतीय निर्वाचन आयोग ने जिला और राज्य स्तर पर मीडिया प्रमाणन और निगरानी समितियाँ बनाई हैं। प्रत्येक स्तर पर एक सोशल मीडिया विशेषज्ञ भी इस समिति का हिस्सा है। सोशल मीडिया पर जारी किये जाने वाले सभी राजनीतिक विज्ञापनों के लिये इस समिति से पूर्व प्रमाणीकरण की आवश्यकता रहेगी। सोशल मीडिया कंपनियों और प्लेटफॉर्म्स को कानून के तहत अपने दायित्वों के अनुसार, राजनीतिक विज्ञापन दाताओं के लिये एक तंत्र विकसित करना होगा।

### डिजिटल माध्यम पर नियंत्रण समय की जरूरत

सोशल मीडिया का अस्तित्व इंटरनेट से होने के कारण निर्दलीय प्रत्याशी और कई छोटे राजनीतिक दल इलेक्ट्रानिक व डिजिटल प्रचार में खुद को असहज व कमजोर महसूस करते हैं, जबकि आर्थिक-साधन संपन्न प्रत्याशी व दल गद-गद हैं। सोशल मीडिया नए रास्ते खोलने के साथ नए सवाल भी खड़े कर रहा है। मसलन क्या जो दल सोशल मीडिया में आगे रहेगा, उसके चुनाव जीतने की संभावना अधिक होगी? क्या सोशल मीडिया में बनाई गई चुनावी हवा मतदाताओं को प्रभावित कर सकती है? क्या पैसे के दम पर नौकरी पर रखे लोग सोशल मीडिया के जरिए परिणाम प्रभावित कर सकते है? सवाल यह भी है कि जिन सामाजिक समूहों में अभी इंटरनेट की पर्याप्त उपलब्धता नहीं है, ऐसे वंचित वर्गों तक चुनाव प्रचार पहुंचने के लिए पर्याप्त डेटा-पैक का इंतजाम कैसे होगा। विचारणीय प्रश्न है कि आधुनिकता के लिबास में कहीं मतदाताओ के साथ अन्याय तो नही हो रहा है? एक तरफ सोशल मीडिया से एक साथ दोतरफा-संवाद / बहुआयामी प्रचार-प्रसार होता हैं जबकि दूसरी तरफ सोशल मीडिया पर चुनावी कानूनों का उल्लंघन भी होता है। इस हाल में चुनाव में पारदर्शिता और बराबरी के अवसर बनाए रखने के लिये डिजिटल माध्यम पर नियंत्रण समय की ज़रूरत और लोकतांत्रिक मूल्यों की मांग है।

### सोशल मीडिया प्रचार पर निगरानी

ऐसे में परंपरागत प्रचार के साथ आधुनिक चुनाव अभियान को भी 'आदर्श आचार संहिता' के दायरे में लाया गया है। भारतीय निर्वाचन आयोग राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के सोशल मीडिया प्रचार पर भी निगरानी रख रहा है। प्रत्याशियों को नामांकन दाखिल करते समय दिये जाने वाले हलफनामे में अपनी ई-मेल और अन्य अधिकृत सोशल मीडिया एकाउंट्स की जानकारी देनी होती है। सोशल मीडिया अभियान पर किये गए खर्च का पूरा विवरण रखना होगा। इसमें इंटरनेट कंपनियों व विज्ञापन वाली वेबसाइट्स को किये गए भुगतान, कंटेंट के रचनात्मक विकास पर अभियान-संबंधी व्यय और सोशल मीडिया खातों को चलाने के लिये रखी गई टीम का पारिश्रमिक व भुगतान भी शामिल है। फेसबुक-गूगल आदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को भी चुनाव में कंटेंट पर निगरानी रखना आवश्यक है।

### मोबाइल एप ने बदल दी तस्वीर

पारंपरिक चुनावी रैली को काफी हद तक वर्चुअल चुनाव प्रचार ने धूमिल कर दिया है। वीडियो लिंक के माध्यम से चर्चा व 3डी रैलियों के साथ जुड़ाव अब आम बात है। इसके जरिए राजनीतिक दल बहुत कम समय में अपना संदेश ज्यादा प्रभावशाली तरीके से अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचा रहे हैं। मोबाइल एप का राजनीतिक दल खूब इस्तेमाल कर रहे हैं। हर छोटी-बड़ी जानकारी ऐप पर अपडेट की जाती है। कई राजनीतिक दलों ने तो हर चुनाव-क्षेत्र के लिए अलग व्हाट्सएप ग्रुप बनाए हैं, जहां लगातार चुनावी मुहिम और उससे संबंधित प्रचार सामग्री साझा की जा रही है।

लेखक : डॉ. भारत : विधि प्रवक्ता, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़।

---

भाजपा से मोदी लहर में 2014 में जीते और 19 में हारे कंवर सिंह तंवर का सपा-कांग्रेस गठबंधन के दानिश अली से मुकाबला

# पुराने चेहरों के बीच नई लड़ाई में वोट बंटे तो फिर खिलेगा कमल

**बसपा ने मुस्लिम डॉ. मुजाहिद को उतार कर 2014 वाली चुनावी तस्वीर बनाई, तब भाजपा ने 16 साल बाद खिलाया था कमल**

- अमरोहा सीट से आज तक कोई महिला सांसद नहीं बन सकी, अब तक छह महिलाओं ने आजमाई है किस्मत
- यहां जनता हर चुनाव में फैसला बदलती रहती, 40 साल से कांग्रेस और 28 साल से सपा को जीत नहीं नसीब

मनोज त्रिपाठी

अमरोहा का नामकरण "आम " और "रूहा" को मिलाकर हुआ है। यहां के आम अगर अपने स्वाद के लिए जाने जाते हैं, तो रूहा मछली बड़ी मात्रा में पाई जाती है। अमरोहा पहले मुरादाबाद जिले का ही हिस्सा था। लेकिन 15 अप्रैल 1997 को इसे जिला बनाया गया। मायावती के शासन में इसका नाम "ज्योतिबा फुले नगर " रखा गया लेकिन लोगों की मांग पर सपा सरकार में अखिलेश यादव ने वर्ष 2012 में नाम फिर से अमरोहा कर दिया। अमरोहा की पहचान शायर जॉन एलिया और बॉलीवुड के लेखक-निर्देशक कमाल अमरोही से भी है, जिन्होंने महल, पाकीजा और रजिया सुल्तान जैसी प्रसिद्ध फिल्में बनाईं। अमरोहा में बने ढोल और ढोलक दुनिया भर में मशहूर हैं। यहां दुनिया का सबसे बड़ा कन्या गुरुकुल है, तो भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी चेतन चौहान ने भी नाम ऊंचा किया है। इतनी विशेषताओं वाले इस जिले की इस राजनीति भी विशिष्ट है। यहां हर पार्टी अपना झंडा लहरा चुकी है, तो निर्दलीय को भी चुनकर जनता संसद में भेज चुकी है। इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने तीसरी बार गुर्जर समुदाय से आने वाले कंवर सिंह तंवर पर भरोसा जताया है। वह पिछला चुनाव हार गए थे। उनके मुकाबले सपा के साथ गठबंधन में मिली इस सीट पर कांग्रेस ने मौजूदा सांसद कुंवर दानिश अली को मैदान में उतारा है। बसपा से निकाले जाने के बाद दानिश अली ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया था। उधर, बसपा ने डॉ. मुजाहिद हुसैन को मौका देकर इस लोकसभा सीट पर एक बार फिर मुस्लिम मतों को साधने की कोशिश की है।

**2009** में रालोद ने इस सीट पर जीत दर्ज की

**1991** में क्रिकेटर चेतन चौहान पहली बार यहां से जीते



### सपा-बसपा की मजबूत चुनौती से भाजपा को होता रहा फायदा

बसपा को यहां पहली सफलता 1999 के चुनाव में राशिद अल्वी ने दिलाई। 2004, 2009 और 2014 में बसपा तीसरे स्थान पर रही। 2019 में सपा-बसपा का गठबंधन हुआ तो बसपा से दानिश अली जीते। इससे पहले 2014 की मोदी लहर में भाजपा से कंवर सिंह तंवर उतारे और सपा से तत्कालीन मंत्री कमाल अख्तर की पत्नी हुमैरा अख्तर उम्मीदवार बनीं। बसपा ने फरहत हसन को टिकट दिया। वोट बंट गए और 16 साल बाद अमरोहा में कमल खिला। इस बार भी कुछ वैसी ही तस्वीर नजर आ रही है।

### आचार्य जेबी कृपलानी भी यहां से रहे सांसद

- अमरोहा लोकसभा क्षेत्र का बाहरी प्रत्याशी ही प्रतिनिधित्व करते रहे हैं। जनता भी हर चुनाव में फैसला बदलती रहती है। यही वजह है कि 40 साल से कांग्रेस और 28 साल से सपा को जीत नसीब नहीं हुई है। इस बीच बसपा को जरूर दो बार जीत मिली है। आजादी के बाद हुए 1952, 57 और 1962 के चुनावों में अमरोहा में कांग्रेस के हिफजुर्रहमान ने जीत की हैट्रिक लगाई थी, तब अमरोहा मुरादाबाद जिले का हिस्सा था। लेकिन 1963 उपचुनाव में आचार्य जेबी कृपलानी जीते।
- 1967 और 1971 में कांग्रेस के समर्थन से कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया के इशाक अली को सांसद बनने का मौका मिला। इसके बाद 1977 और 80 में जनता पार्टी ने जीत दर्ज की। लेकिन 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद सहानुभूति की लहर में कांग्रेस ने वापसी की। 1989 में जनता दल जीता। 1991 का चुनाव रामलहर में हुआ तो भाजपा ने भारतीय क्रिकेट टीम के ओपनर रहे चेतन चौहान को उम्मीदवार बनाया। लहर और ग्लैमर के चलते वह जीतकर संसद में पहुंच गए।
- इस बीच 1996 में सपा ने जीत हासिल की। 1998 में भी भाजपा से चेतन चौहान ही चुने गए। 1999 में बसपा के राशिद अल्वी ने चुनाव जीता। 2004 में निर्दलीय को सफलता मिली। 2009 में भाजपा का साथ मिलने पर यह सीट राष्ट्रीय लोकदल को मिली और जीत के साथ उसका भी अमरोहा में खाता खुल गया।

**2019 का परिणाम**

| दल | प्रत्याशी | मत मिले | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| बसपा | दानिश अली | 6,01,082 | 51.41 |
| भाजपा | कंवर सिंह तंवर | 5,37,834 | 46.01 |
| कांग्रेस | सचिन अग्रवाल | 12,150 | 1.75 |

**2014 का परिणांम**

| दल | प्रत्याशी | मत मिले | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| भाजपा | कंवर सिंह तंवर | 5,28,880 | 48.26 |
| सपा | हुमेरा अख्तर | 3,70, 066 | 33.82 |
| बसपा | फरहत हसन | 1,62,983 | 14.87 |
| रालोद | राकेश टिकैत | 9,540 | 0.87 |

**2004** में निर्दलीय हरीश नागपाल जीते, 1999 और 2019 में बसपा दो बार जीत चुकी है यहां का चुनावी रण

**अमरोहा का अनुमानित जातीय समीकरण**

| | | |
|---|---|---|
| 40% मुस्लिम | 13 % जाटव | 08 % राजपूत |
| 07 % जाट | 05 % सैनी | 05 % गुर्जर |
| 22 % अन्य | | |

### चार विधानसभा सीटों में भाजपा और सपा का दो-दो पर कब्जा

अमरोहा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत चार विधानसभा सीटें धनौरा, नौगावां सादात, अमरोहा और हसनपुर आती हैं, इनमें धनौरा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। 2022 के विधानसभा चुनाव में इन चार सीटों में दो पर भाजपा तो दो सीटों पर सपा को जीत मिली थी। अमरोहा शहर से सपा के महबूब अली और नौगावां से सपा के समर पाल चुनाव जीते थे, जबकि हसनपुर से भाजपा के महेंद्र सिंह खड़गवंशी और धनौरा से भाजपा के ही राजीव तरारा विजयी हुए थे।

### कंवर सिंह तंवर- भाजपा के प्रत्याशी

- 63 वर्षीय अरबपति कंवर सिंह तंवर देश के सबसे अमीर सांसदों में गिने जाते हैं। उन्हें एक से बढ़कर एक महंगी गाड़ियां रखने का शौक है। उनके काफिले में लैंड क्रूज, बीएमडब्ल्यू जैसी कारें शामिल हैं। एक समाजसेवी के रूप में पहचान बनाने वाले तंवर 2014 में पहली बार भाजपा से अमरोहा के सांसद चुने गए थे। उस समय मुफ्त एंबुलेंस सेवा देने इलाके की जनता उन्हें एंबुलेंस वाले नेता के रूप में जानती थी।

### डॉ. मुजाहिद हुसैन - बसपा के उम्मीदवार

- डॉ. मुजाहिद हुसैन उर्फ बाबू भाई मूलरूप से गाजियाबाद के डासना के रहने वाले हैं। पेशे से बीयूएमएस डॉक्टर हैं। दो साल पहले ही बसपा में शामिल हुए थे। उनकी पत्नी बागेजहां डासना नगर पंचायत अध्यक्ष हैं। उनकी प्रत्याशिता का टिकट के दावेदार मेराज समर्थकों ने विरोध किया।

### दानिश अली - गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी

- अमरोहा के मौजूदा सांसद दानिश अली को पिछले साल दिसंबर में तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा के समर्थन में बोलने के बाद "पार्टी विरोधी गतिविधि" में बसपा सुप्रीमो मायावती ने पार्टी से निकाल दिया था। इससे पहले दानिश अली तब सुर्खियों में आए थे, जब वह लोकसभा में अशोभनीय बहस का शिकार हो गए थे। भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने उनके खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। दानिश अब कांग्रेस का हाथ थामकर गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं।



हमारा साथ दें

राजस्थान के जालौर में कांग्रेस की दिग्गज नेता प्रियंका गांधी ने रैली को संबोधित किया और मतदाताओं से मुलाकात की।

# तीन दशक से भाजपा को हराने की राह खोज रही कांग्रेस

**भोपाल- सिहोर संसदीय सीट**

- जीत की लय बरकरार रखने के लिए भाजपा के आलोक शर्मा कर रहे कड़ी मेहनत
- भाजपा का किला ढहाने के लिए कांग्रेस प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव कर रहे मशक्कत

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में चुनावी सरगर्मी जोरों पर है। भोपाल-सिहोर संसदीय सीट पर जीत दर्ज करने के लिए कांग्रेस 35 सालों से छटपटा रही है तो भाजपा इस मजबूत दुर्ग पर कब्जा बरकरार रखने को लेकर नया चक्रव्यूह रच चुकी है। भाजपा ने यहां से अपनी मौजूदा सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर का टिकट काटकर पूर्व महापौर आलोक शर्मा को मैदान में उतारा है तो कांग्रेस ने अरुण श्रीवास्तव पर दांव लगाया है। कांग्रेस जहां महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी को मुद्दा बना रही है तो भाजपा मोदी की गारंटी का जमकर प्रचार कर रही है। हां, साध्वी प्रज्ञा ठाकुर की नाराजगी से भाजपा नेता परेशान जरूर हैं पर वह यह मानकर चल रहे हैं कि वे उन्हें मनाने में कामयाब हो जाएंगे। 1989 से लगातार भाजपा इस सीट पर जीत रही है। कांग्रेस और भाजपा के बीच ही इस सीट पर मुकाबला होता रहा है। इस बार भी लड़ाई इन्हीं दोनों दलों के उम्मीदवारों के बीच है। 1989 में यहां से भाजपा के सुशील चंद्र वर्मा जीते थे। इसके बाद तो हर चुनाव में भगवा रंग यहां गाढ़ा होता चला गया। वे लगातार चार चुनाव इस सीट से जीते हैं। 1999 में पार्टी ने साध्वी उमा भारती को यहां से मैदान में उतारा और वह मैदान मारने में कामयाब रहीं। 2004 और 2009 में कैलाश जोशी ने यहां जीत दर्ज की तो 2014 की मोदी लहर में आलोक संजर भाजपा के टिकट पर जीतकर संसद पहुंचे। साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने 2019 में बड़ी जीत दर्ज की थी। हालांकि इस बार उन्हें पार्टी ने मौका नहीं दिया। टिकट कटने के बाद प्रज्ञा ठाकुर ने पीएम मोदी के नाराज होने की बात कही थी, हालांकि बाद में उन्होंने कहा था कि उनके बयान को तोड़ मरोड़ कर पेश किया गया है।



आओ वोट दें

अमृतसर में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरुकता अभियान को लेकर छात्राओं और समाजसेवियों ने अनूठा अभियान चलाया।

# हरियाणा में चाचा-भतीजे की जुबानी जंग

**चंडीगढ़।** चुनावी राजनीति में कहीं परिवार के सदस्य तो कहीं रिश्तेदार आमने-सामने हैं। हरियाणा में भी कुछ ऐसा ही सियासी माहौल गर्म है। यहां जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) और इंडियन नेशनल लोकदल (आईएनएलडी) के एक होने की चर्चा अब खत्म हो चुकी है। अभय सिंह चौटाला साफ कर चुके हैं कि वह जेजेपी के साथ गठबंधन नहीं करने वाले।

इसी के बाद पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने चाचा अभय चौटाला पर हमला बोलते हुए कहा है कि आईएनएलडी में दम हो तो राज्य की सभी 10 सीटों पर प्रत्याशी उतार कर दिखाएं। उनकी पार्टी जरूर लोकसभा की सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। दुष्यंत का कहना है कि आईएनएलडी को अपना सिंबल जाने का डर है। चुनाव में यदि 2 प्रतिशत वोट नहीं मिले तो उनका पार्टी सिंबल चला जाएगा। उन्होंने चाचा अभय चौटाला को नॉन सीरियस पॉलिटिशियन भी बता दिया है। इससे पहले दुष्यंत को अभय चौटाला ने धोखेबाज कहा था।

सियासत | पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह इस लोकसभा सीट पर हो चुके हैं पराजित

# भाजपा के दुर्ग दक्षिण दिल्ली में गुर्जर प्रत्याशियों की टक्कर

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

1999 में कांग्रेस से प्रधानमंत्री के उम्मीदवार डा. मनमोहन सिंह ने पूरे जोर-जोर से दक्षिण दिल्ली में लोकसभा का चुनाव लड़ा था और उनके पीछे था, कांग्रेस का पूरा हाईकमान। लेकिन दक्षिण दिल्ली के वोटरों ने उन्हें खारिज कर दिया और भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा को विजयी बनाया। इतना ही नहीं, मल्होत्रा ने यहां से जीत की हैट्रिक लगाई थी जो आज तक रिकार्ड है। दिल्ली के दो पूर्व मुख्य मंत्री मदनलाल खुराना एवं सुषमा स्वराज भी दो-दो बार लोकसभा में दक्षिण दिल्ली का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। इस बार भाजपा ने यहां से काफी मंथन के बाद रामवीर सिंह बिधूड़ी को मैदान में उतारा है। बिधूड़ी दिल्ली विधानसभा में चार बार विधायक रह चुके हैं। हरियाणा में भी उन्हें राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त था और इस समय दिल्ली विधानसभा में



विपक्ष के नेता हैं। उनके मुकाबले कांग्रेस के साथ गठबंधन में मिली इस सीट पर आम आदमी पार्टी ने तुग़लक़ाबाद के विधायक सहीराम पहलवान को अपना उम्मीदवार बनाया है । सहीराम वरिष्ठता व अनुभव में बिधूड़ी के आगे कमजोर नजर आते हैं। दक्षिण दिल्ली संसदीय क्षेत्र को भाजपा का किला माना जाता है जिसे ध्वस्त करने के लिए बेहतर उम्मीदवार, कुशल चुनाव प्रबंधन एवं जनता में सीधी पकड़ जरूरी है। यह संयोग है कि दक्षिण दिल्ली से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संस्थापक और जनसंघ नेता बलराज मधोक भी सांसद रह चुके हैं, और दक्षिण दिल्ली से भाजपा उम्मीदवार रामवीर सिंह विधूड़ी ने भी अपनी राजनीति की शुरुआत विद्यार्थी परिषद से ही की थी।

2019 के लोकसभा चुनाव में यहां से आम आदमी पार्टी ने अपने हाई प्रोफाइल नेता वर्तमान में राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को मैदान में उतारा था। मगर भाजपा उम्मीदवार रमेश विधूड़ी ने साढ. तीन लाख से ज्यादा मतों के अंतर से राघव चड्ढा को पराजित कर दिया था। कांग्रेस के विजेंद्र सिंह को 1 लाख 64 हजार वोट मिलने के बावजूद अपनी जमानत गवानी पड़ी थी।

2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के रमेश बिधूड़ी ने आम आदमी पार्टी के कर्नल देविंदर सेहरावत को शिकस्त दी थी । इस चुनाव में रमेश बिधूड़ी को 497980 वोट और कर्नल देविंदर सेहरावत को 390980 वोट मिले थे । कांग्रेस के रमेश कुमार तीसरे पायदान पर रहे थे।

इंडिया गठबंधन से प्रत्याशी और तुगलकाबाद के विधायक सही राम पहलवान राजनीति से पहले पैरा मिलिट्री फोर्स एवं दिल्ली जल बोर्ड में स्पोर्ट्स कोटे के तहत नौकरी करते थे। 1997 में वह नगर निगम के पार्षद बने। दो बार विधायक का चुनाव हारने के बाद आप के टिकट पर पहली बार विधायक बने थे। जबकि भाजपा उम्मीदवार रामवीर सिंह बिधूड़ी दिल्ली विश्वविद्यालय में राजनीति शास्त्र के छात्र रहे हैं। 1970 में एबीवीपी से जुड़ कर राजनीति में प्रवेश किया। 1981 से 85 तक वे हरियाणा राज्य वेयर हाउसिंग कारपोरेशन के अध्यक्ष रहे। 1993 में दिल्ली में पहली विधानसभा के सदस्य चुने गए और अब तक वे चार बार विधायक रह चुके हैं। उन्हें 2008 में लोकसभा के तत्कालीन अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी ने दिल्ली के सर्वश्रेष्ठ विधायक से भी सम्मानित किया था।

### करीब 22 लाख मतदाता चुनेंगे सांसद

- दक्षिण दिल्ली लोकसभा में क़रीब 22 लाख मतदाता हैं, उनमें 10 लाख से ज़्यादा पुरुष वोटर हैं। महिला मतदाताओं की संख्या 11,68,857 हैं। थर्ड जेंडर के मतदाता 130 हैं। इस सीट पर हमेशा से गुर्जर मतदाता का वर्चस्व रहा है। यही वजह है कि दोनों ही पार्टियों ने गुर्जर प्रत्याशी बनाए हैं। यहां गुर्जर के बाद करीब 17 गांव जाट बहुल हैं। जाटों की आबादी करीब ढाई लाख है। रालोद के भाजपा से गठबंधन को देखते हुए दिल्ली के जाट मतदाताओं के भाजपा के साथ जाने की संभावना है। इस लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र बिजवासन, पालम , महरौली , छतरपुर , देवली , अंबेडकर नगर , संगम विहार , कालकाजी , तुगलकाबाद और बदरपुर हैं।

पितृपैतामहं राज्यं प्राप्तवान् स्वेन कर्मणा।
वायुरभ्रमिवासाद्य भ्रंशयत्यनये स्थितः॥

अन्याय के मार्ग पर चलने वाला राजा विरासत में मिले राज्य को उसी प्रकार से नष्ट कर देता है, जैसे तेज हवा बादलों को छिन्न-भिन्न कर देती है।

## संपादकीय

# एक और सफलता

रक्षा क्षेत्र के आधुनिकीकरण में आत्मनिर्भर भारत एक सराहनीय पहल है। भारत उन कुछ देशों में से एक है जिसने चौथी पीढ़ी के लड़ाकू विमान, परमाणु पनडुब्बी, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, मुख्य युद्धक टैंक और स्वदेशी बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली का डिजाइन निर्माण एवं उत्पादन किया है। शनिवार को भारतीय सेना ने कहीं भी ले जाने और कहीं से भी दुश्मन के टैंक को निशाना बनाने में सक्षम स्वदेश निर्मित 'मैन-पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल' (एमपीएटीजीएम) हथियार प्रणाली का सफल परीक्षण किया, जिससे उसे सेना के शस्त्रागार में शामिल करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। यह प्रणाली अब अंतिम उपयोगकर्ता मूल्यांकन परीक्षणों के लिए तैयार है। इस हथियार प्रणाली को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है। यानि डीआरडीओ ने एक और सफलता हासिल की है। वास्तव में सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ और भारतीय सेना की प्रशंसा की जानी चाहिए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे आधुनिक प्रौद्योगिकी आधारित रक्षा प्रणाली के विकास में आत्म-निर्भरता हासिल करने की ओर महत्वपूर्ण कदम बताया। भारतीय रक्षा उद्योग कई अत्याधुनिक रक्षा सामान बनाता है और 85 से अधिक देशों को निर्यात करता है। यह वास्तव में गर्व की बात है कि स्वदेशी रूप से विकसित बख्तरबंद वाहन, सुपरसोनिक मिसाइल ब्रह्मोस, वायु रक्षा प्रणाली आकाश, स्वदेशी लड़ाकू विमान एलसीए तेजस और कई अन्य हथियार प्रणालियों ने कई मित्र विदेशी देशों की रुचि को आकर्षित किया है। उद्योग उत्साहित और सकारात्मक है कि सरकार, सशस्त्र बलों और उद्योग के सहयोगात्मक प्रयासों से भारत में तकनीकी रूप से उन्नत और प्रतिस्पर्धी रक्षा उद्योग पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण होगा। यह पारिस्थितिकी तंत्र हमारे अपने सशस्त्र बलों के साथ-साथ हमारे कई मित्र विदेशी देशों की सभी वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम होगा। युद्ध की प्रकृति और शैली बदल रही है। इसलिए रक्षा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के उपयोग से आधुनिक युद्ध तथा राष्ट्रीय सुरक्षा प्रभावित होती है। भारत इन प्रगतियों का प्रभावी ढंग से लाभ उठा सकता है। अब भारत की कई रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र की कंपनियां, डिजाइन तैयार करने, कल-पुर्ज़ों के निर्माण और उनकी असेंबली और अपनी वैश्विक ज़रूरतों के मुताबिक सिस्टम से जोड़ने के मामले में अमेरिका की बड़ी कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। एक दशक पहले की तुलना में आज दोनों देशों के इकोसिस्टम तालमेल के लिए कहीं बेहतर स्थिति में हैं, ताकि वो इन व्यवस्थाओं को औद्योगिक सहयोग के नए स्तर तक ले जा सकें। रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भरता व निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की जानी चाहिए।

# वयस्क मताधिकार, स्वतंत्र चुनाव आयोग और डॉ. आंबेडकर



अरविंद कुमार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

अतीत में करीब 100 साल पहले का परिदृश्य देखो तो 1919 के भारत शासन अधिनियम में पुरुषों के पास सीमित मताधिकार थे। धीरे-धीरे 1921 में मद्रास से शुरू होकर 1936 तक सभी प्रांतों ने महिलाओं के लिए मताधिकार का विस्तार किया, पर उसमें संपत्ति प्रतिबंध भी थे। लिहाजा अधिकांश महिलाएं मताधिकार से दूर रहीं।

आज भी हैरानी इस बात की है कि अशिक्षित नहीं, बल्कि पढ़े-लिखे लोग कम वोट डालते हैं। 2019 के आम चुनाव में 91 करोड़ मतदाताओं में से 61 करोड़ 30 लाख ने मतदान किया। 17 राज्यों और 6 केंद्र शासित प्रदेशों में महिलाओं ने पुरुषों से अधिक वोट किया। फिर भी हमारा वोट देने का प्रतिशत 70 पार नहीं करना चिंताजनक है। विधानसभा चुनावों में तो कई राज्यों में मतदाताओं का अधिक प्रतिशत होता, पर लोकसभा में निराशाजनक रहता है। चुनाव आयोग 2011 के बाद से राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाता है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाता है। इसमें अवयस्कों को भी भविष्य का मतदाता मानकर मतदान के प्रति जागरूक किया जाता है। दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं के लिए मतदान को और सुगम बनाने के कई प्रयास हुए हैं।

भारत रत्न बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का जीवन इतनी विविधताओं भरा रहा है कि जब भी उन पर चर्चा होती है तो विभिन्न पक्ष उसमें चर्चा में आते ही हैं, लेकिन ऐसे दौर में जबकि 18 वीं लोकसभा के चुनाव हो रहे हैं तो इस बात पर चर्चा और प्रासंगिक होगी कि देश में स्वतंत्र चुनाव आयोग और वयस्क मताधिकार देने में भी उनका कितना अहम योगदान था। उनके विचारों से पंडित जवाहर लाल पूरी तरह सहमत थे और उनकी मुहिम में पूरा साथ दिया।

बाबा साहेब बराबरी की बात करते थे तो उसमें सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय तीनों निहित था। उनको पता था कि लोकतांत्रिक हिस्सेदारी के बिना वंचित तबकों की कहीं कोई सुनवाई भी नहीं होगी। यही कारण है कि उन्होंने भारत के हर बालिग नागरिक को वोट का अधिकार देने की जबर्दस्त पैरवी की। इसके पहले दुनिया में वोट के अधिकार के साथ शर्तें जुड़ी थीं। कहीं जमींदार वोट दे सकते थे तो कहीं कर दाता और कहीं शिक्षित लोग। फ्रांस, अमेरिका और इंग्लैंड तक में महिलाएं मताधिकार से वंचित थीं, लेकिन भारत में यह अधिकार मिला और इसने कमजोर तबकों को सशक्त किया। सरकारों को विवश किया कि उनके हक में नीतियां बनें।

संविधान के अनुच्छेद 324 (1) के तहत 25 जनवरी 1950 को भारत निर्वाचन आयोग बना, पर चुनाव से संबंधित 6 अनुच्छेद दो माह पहले ही लागू कर दिए गए थे और मतदाता सूची बनाने का काम तो इससे भी पहले आरंभ हो गया था। स्वतंत्र चुनाव आयोग व चुनाव प्रक्रिया की अवधारणा समानता व स्वतंत्रता के अधिकार के साथ हर व्यक्ति के वोट के अधिकार के साथ भारतीय लोकतंत्र की विश्व में अलग प्रतिष्ठा कायम हुई, क्योंकि दुनिया के विकसित देशों तक में आंदोलनों तक का सहारा इस अधिकार के लिए लेना पड़ा, लेकिन भारत में योग्यता, धर्म, नस्ल, जाति के आधार पर कोई भेदभाव न करते हुए हर पुरुष या महिला, अमीर या गरीब को मतदान का अधिकार है। हर




व्यक्ति के मत का समान महत्व है। हमारे संविधान ने वयस्क मताधिकार लागू कर देश के मतदाताओं पर भरोसा व्यक्त किया। राष्ट्रीय नेताओं और बौद्धिक जगत ने मतदान के महत्व और वोट की कीमत को व्यापक प्रचार दिया।

1951-52 में पहले आम चुनाव में पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 25000 मील अपनी चुनावी यात्रा में 350 लाख लोगों को संबोधित किया तो करीब हर भाषण में वयस्क मताधिकार के महत्व और मताधिकार के कर्तव्य के बारे में लोगों को जागरूक करना वे नहीं भूले थे। तब देश की आबादी 36 करोड़ थी और वोटर 17 करोड़ के करीब। 25 अक्टूबर 1951 से 21 फरवरी 1952 तक 68 चरणों में चुनाव हुए। तब विधानसभाओं और लोकसभा के चुनाव एक साथ हो रहे थे। इसमें 497 लोकसभा और 3278 विधानसभा सीटें थीं। उस चुनाव पर कुल सरकारी व्यय करीब 10 करोड़ रुपए था। मोटे तौर पर प्रति मतदाता व्यय साढ़े चार आने आंका गया था।

अतीत में करीब 100 साल पहले का परिदृश्य देखो तो 1919 के भारत शासन अधिनियम में पुरुषों के पास सीमित मताधिकार थे। धीरे-धीरे 1921 में मद्रास से शुरू होकर 1936 तक सभी प्रांतों ने महिलाओं के लिए मताधिकार का विस्तार किया, पर उसमें संपत्ति प्रतिबंध भी थे। लिहाजा अधिकांश महिलाएं मताधिकार से दूर रहीं। 1935 के भारत शासन अधिनियम के सुधार तक केवल 2.5 प्रतिशत आबादी को वोट देने का अधिकार था। सुधार के बाद भी यह हिस्सा 12 फीसदी से कम रहा, लेकिन हमारे संविधान ने 21 वर्ष से अधिक के नागरिकों को सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार दिया तो देश के 49 प्रतिशत लोगों को मतदान का अधिकार मिला।

संविधान सभा में बाबा साहब या पंडित नेहरू जैसी सोच हरेक सदस्य की नहीं थी। इस पहल की आलोचना भी हुई और आशंका व्यक्त की गई कि महज 16 फीसदी शिक्षित लोगों के देश में यह कैसे संभव होगा? संविधान सभा में वयस्क मताधिकार पर चर्चा के दौरान बहुत से सदस्यों ने सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार की अवधारणा का विरोध किया। उनको लगता था कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करेगा, पर डॉ. आंबेडकर ने कहा था कि हर आदमी इतना बुद्धिमान है कि वह ठीक-ठीक समझ सकता है कि वह क्या चाहता है? कुछ लोगों ने वयस्क मताधिकार दिए जाने को 'इतिहास का सबसे बड़ा जुआ' तक कहा, लेकिन मतदाताओं ने इन आशंकाओं को नकारा और भारत को विश्व इतिहास का सबसे बड़ा लोकतंत्र बनाकर दिखा दिया। इन प्रयोगों की सफलता के कारण ही राजीव गांधी के शासनकाल में संविधान (61 वां संशोधन) अधिनियम, 1988 के तहत मतदाता की आयु सीमा 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष की गई और 10 वें लोकसभा चुनाव से इनको भी वोट का अधिकार मिल गया। अब तक हुए लोकसभा के 17 आम चुनावों में वोट प्रतिशत बढ़ता रहा और 17 वीं लोकसभा में 67.40 फीसदी तक आ गया। पहले आम चुनावों से अब तक वोटरों ने आठ बार केंद्र में सरकार को वोटरों ने बदला।

आज भी हैरानी इस बात की है कि अशिक्षित नहीं, बल्कि पढ़े लिखे लोग कम वोट डालते हैं। 2019 के आम चुनाव में 91 करोड़ मतदाताओं में से 61 करोड़ 30 लाख ने मतदान किया। 17 राज्यों और 6 केंद्र शासित प्रदेशों में महिलाओं ने पुरुषों से अधिक वोट किया। फिर भी हमारा वोट देने का प्रतिशत 70 पार नहीं करना चिंताजनक है। विधानसभा चुनावों में तो कई राज्यों में मतदाताओं का अधिक प्रतिशत होता, पर लोकसभा में निराशाजनक रहता है। चुनाव आयोग 2011 के बाद से राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाता है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाता है। इसमें अवयस्कों को भी भविष्य का मतदाता मानकर मतदान के प्रति जागरूक किया जाता है। दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं के लिए मतदान को और सुगम बनाने के कई प्रयास हुए हैं।

## प्रसंगवश

# जिंदगियां बदलता मोबाइल

मेरे एक मित्र का बेटा जब पांच-छः साल का हो गया, तब भी बोलता नहीं था, जो कुछ कहना होता ऊं आं ई कहकर बताता। मित्र घबरा गए। डॉक्टर के पास गए। डॉक्टर ने बताया बच्चा बिल्कुल ठीक है। सुन सकता है। और जो सुन सकता है, वह बोल भी सकता है। उन्होंने मित्र को स्पीच थैरेपिस्ट के पास जाने की सलाह दी। स्पीच थैरेपिस्ट ने बच्चे की समस्या को समझा।



संजय वर्मा
इंदौर

असल में बच्चा लगातार मोबाइल पर कोरियन, चीनी और अंग्रेजी कार्टून देखता था। घर में मां-बाप हिंदी-पंजाबी और टूटी-फूटी अंग्रेजी के कॉकटेल में बात करते थे। बच्चे का दिमाग कंफ्यूज हो गया। आखिर किस चीज को क्या कहते हैं? दूध को कोरियन फिल्म में कुछ बोलते थे, चाइनीज में कुछ और, और घर में कुछ और। बच्चे के कच्चे मन ने हार मान ली। उसने बोलने की कोशिश करना ही छोड़ दी। स्पीच थैरेपिस्ट ने सख्त हिदायत दी कि बच्चे को कोई एक ही भाषा सुनने दी जाए, चाहे वह कार्टून फिल्म हो या घर की बातचीत। स्पीच थैरेपिस्ट की मदद से अब बच्चा कुछ-कुछ बोलने लगा है। यह किस्सा इसलिए सुनाया कि आप जाने मातृभाषा का महत्व क्या है। इन दिनों मां-बाप खास तौर पर माएं अपने बच्चों के साथ एक अजीब भाषा में बात करती हैं जिसे वह हिंग्लिश कहती हैं। मेरा अंग्रेजी से कोई विरोध नहीं, मगर ये माएं आठवीं पास, दसवीं फेल हैं। अंकल को पोयम टेल करो, जैसे अजीबो गरीब वाक्य विन्यास बच्चों की भाषा व्याकरण के लिए जहर हैं। यह कंफ्यूज बच्चा न तो कभी हिंदी व्याकरण सीख पाएगा न अंग्रेजी।

यह सच है कि बच्चे भाषाएं जल्दी सीखते हैं और सही ट्रेनिंग दी जाए तो एक बच्चा सात भाषाएं सीख सकता है, परंतु मेरा मानना है पहले किसी एक भाषा (मातृभाषा) में वह ठीक से बोलना और वाक्य बनाना सीख ले, तब ही दूसरी भाषाएं सिखानी चाहिए। इन दिनों बच्चे जो विदेशी भाषाओं की कार्टून फिल्में देखते हैं, इन फिल्मों में दिखाए बच्चों के परिवार का ढांचा, रीति-रिवाज आपसी रिश्ते और मिथक हमसे अलग हैं। बच्चा जब देखता है कि वह दुनिया उसके आसपास की दुनिया से बिल्कुल अलग है तो वह कंफ्यूज हो जाता है कि आखिर सही क्या है?

# बरी-बरी में नौन



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

समाज को विच्छिन्न करके, उसे व्यक्ति-व्यक्ति, वर्ग-वर्ग, जाति-जाति, समूह-समूह में विभक्त कर दिया जाए और उनको किसी न किसी रूप में लाभार्थी बना दिया जाए।

ब्रज का एक मुहावरा है-बरी-बरी में नौन। असल में लोक भाषा की शक्ति ही इस बात में है कि वह जिन बिंबों के द्वारा अपने अनुभव की अभिव्यक्ति करती है, वे बिंब जीवन के जीवंत परिवेश में से आए होते हैं। वे बिंब जो आपने भी देखे हैं और मैंने भी देखे हैं, इसने भी देखे हैं और उसने भी देखे हैं। जैसे ही शब्द आया, वह बिंब भी मन में साकार हो गया।

बरी-बरी में नौन? बरी-बरी में नौन कौन डालेगा? क्यों डालेगा? मूंग की दाल की जब पीठी (पिष्टी) बन जाती है तो उस पिष्टी में ही नमक तथा अन्य मसाले मिला दिए जाते हैं, उस पिष्टी से फिर उंगलियों और अंगूठे से बरी छांट दी जाती हैं। वैसे आजकल बरी लगाने की परंपरा लुप्त हो गई है, वरना बचपन में देखता था कि मेरी भुआ या मां जब बरी लगाने पौरी या चबूतरे पर बैठती थी तो गोरी दादी भी आ जाती और जमना दादी भी आ जाती, कभी-कभी अनूठौ और बादाम भी आ जाती तथा परात की पीठ पर बरी टूटने लगती और मिनटों में दाल की पिट्ठी बीत जाती।

गाय और बंदरों से रक्षा के लिए कोई न कोई लठिया लेकर चबूतरे पर बैठ जाता। एक दिन की घाम से बरियों में पर्त पड़ जाती। घर-परिवार में जब कोई काज (विवाह आदि) होता है, तब बरी लगाना सगुन माना जाता है। बरी लगाने के ब्याज से चार जनी आकर बैठ जाती हैं। चार जनी का आना, मिल-बैठना, मनुष्य-जीवन की इतनी महत्वपूर्ण घटना है कि उस पर आप किताब लिख सकते हैं। समष्टि भाव। "बरी-बरी में नौन" मुहावरा आज इसलिए याद आ गया कि राजनैतिक दलों द्वारा चुनाव के समय मुफ्त रेबड़ी बांटने की घोषणा करने और फिर मुफ्त रेबड़ी बांटने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। यों तो यह प्रवृत्ति किसी न किसी रूप में बहुत पहले से चल रही है, लेकिन वह प्रच्छन्न थी, सामाजिक-आर्थिक पिछड़ेपन या दूसरे किसी न किसी सिद्धांत की ओट थी, कहीं न कहीं समष्टि का भाव था, लेकिन अब तो सब खुल्लम खुल्ला है।

लोगों को भी लगता है कि मुझे यह लाभ होगा। 'मुझे लाभ' की प्रवृत्ति ने लाभार्थी नामक एक वोट-बैंक बना दिया। लाभार्थी को वोट देना ही होगा। उसकी जन्मपत्री बूथ-प्रबंधक के पास मौजूद है। मुझे लाभ 'की प्रवृत्ति को ही हम बरी-बरी में नौन' मुहावरे से समझ सकते हैं। जनता को प्रजा बनाने की प्रक्रिया। बरी लगाने के लिए पिष्टी में ही नमक-मिर्च-मसाला डाल दिया जाता है। बरी-बरी में नमक नहीं डाला जाता, किंतु एक -एक बरी में ऊपर से नमक डालेंगे तो यह बरी पर अहसान की बात होगी। बरी समझेगी कि हां, इसने कुछ मुझे दिया। पिष्टी तो परोक्ष है, उसे किसने देखा है? वोट लेने के लिए यह है एक बाजीगरी, बाजीगरी क्या है नजर बांधना। दर्शकों के मन को इस प्रकार से भ्रमित करना है कि वह बाजीगर की क्रिया को देख न पावे और समझें कि यह तो एक गिलास के दो गिलास हो गए। वाह।

बरी-बरी के लिए नमक, मिर्च-मसाला राजनेता अपने पिताजी के यहां से नहीं लाता। टैक्स लगाकर और देश के प्राकृतिक संसाधनों से जो कुछ दोहन किया है, उसी में से कुछ अंश वह बरी-बरी को बांट देता है। यदि वह पीठी में ही मसाला मिलावे तो उसे कौन देखेगा और अहसान क्यों मानेगा? इससे हरामखोरी की प्रवृत्ति बढ़ेगी। देश की वास्तविक उन्नति तो तभी हो सकती है, जब लोगों के पास इतना काम हो, इतना काम हो कि किसी के पास खाली समय नहीं है, लेकिन उन योजनाओं से जनता को कभी मिला करता था, नेता को आज क्या मिलेगा?

समाज को विच्छिन्न करके, उसे व्यक्ति-व्यक्ति, वर्ग-वर्ग, जाति-जाति, समूह-समूह में विभक्त कर दिया जाए और उनको किसी न किसी रूप में लाभार्थी बना दिया जाए। राजनीतिक-पैंतरे की दृष्टि से तो इस नीति की सफलता हम प्रत्यक्ष देख रहे हैं। कहने को आप इसे लोक कल्याणकारी कहें या देश के लिए उन्नतिकारी कहें, जो भी कहें, कौन रोकेगा? परंतु यह समष्टि को निर्बल करके व्यष्टि को सबल बनाने की नीति है कि सोच में से ही समष्टि गायब हो गया। राष्ट्र की एकता को ही अलग-अलग बाड़ों में बैठा दिया। दूरगामी प्रभाव की दृष्टि से यह देश को गहरे गड्ढे में ले जाने वाली नीति है। देश की शक्ति पीठी (पिष्टी) में है, बरी-बरी में नहीं। जाति जनगणना से जाति चेतना बढ़ेगी या समष्टि चेतना? राष्ट्र समष्टि का भाव है, राष्ट्रीयता समष्टि की चेतना है।

## सोशल फोरम

# दुर्लभ क्यों उदात्त आधुनिक सोच

यह सोचकर चिंता हो सकती है कि समाज में अब अन्याय के प्रतिवाद का स्वर कमजोर होता जाएगा। एक जगह के लोग विरोध करेंगे तो दूसरी जगह के लोग चुप रहेंगे। असहमति विभाजित रहेगी। साहित्य की आधुनिक परंपराएं और हाशिए के विमर्श संकट में पड़ेंगे।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

धर्म रस और वीर रस का साहित्य ही साहित्य माना जाएगा। स्त्रियों, दलितों और आदिवासियों पर अंकुश बढ़ेंगे। जंजीरें बढ़ेंगी। यह एक अनोखे भय का युग होगा। ऐसे में कुछ प्रश्न उठते हैं, क्या इस देश की बौद्धिकता को पश्चिमवाद और अतीतवाद के बीच सैंडविच बनने से बचाया जा सकता है? क्या राजनीति का पुनर्मानवीयकरण संभव है और क्या उदारवादी दुनिया के लोग आलोचनात्मक आत्मनिरीक्षण कर सकते हैं और मिलजुल कर मानवतावादी पुनर्निर्माण के पथ पर चल सकते हैं? मुश्किल होता है आत्मनिरीक्षण और पुनर्निर्माण, यदि अहं से भरी सामंती मानसिकता प्रबल हो। लक्षित किया जा सकता है कि नगरों के छोटे-छोटे बौद्धिक-साहित्यिक संसार विलुप्त हो रहे हैं। लेखकों के अड्डे मिट गए हैं। संवाद की जगह एकतरफा विमर्श ने ले रखी है।

आरोप-प्रत्यारोप में अपशब्दों की चमक बढ़ गई है। एक सार्वभौम सांस्कृतिक विध्वंस की दशा है। पहले छोटे-छोटे स्थानीय संगठनों द्वारा नियमित रूप से बौद्धिक आयोजन होते थे। अब सिर्फ राजकोष पोषित बड़े मंच हैं, उत्सव हैं और दादुर मुखर हैं। तुलसीदास की कोयल वर्षा ऋतु में कहती है, 'अब तो दादुर बोलिहें हमें पूछिहै कौन'। उन्होंने इस पंक्ति में कहना चाहा कि यह ढोंगियों और पाखंडियों का युग है गुणी जनों का सम्मान नहीं होगा।

19 वीं सदी में अतीत का गौरव गान बृहत्तर मानवता के गान से जुड़ा था। इन दिनों यह चिंता ज्यादा है कि तड़क-भड़क के साथ कोई बड़ा धार्मिक आयोजन कैसे संपन्न किया जाए? अब ऐसा साउंड सिस्टम हो कि कानफोड़ू गाने बजें और नाचा जा सके। कौन बताएगा कि इन दिनों हमारी सभ्यता धार्मिक मानसिकता को किस जगह ले आई है। इस पर सोचने की जरूरत है कि समाज में उदारवाद और सुरुचि की चिंता करने वाले लोग क्यों कम होते जा रहे हैं?

-फेसबुक वॉल से

# बच्चों के बुनियादी अनुभवों को समृद्ध करें शिक्षा केंद्र



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

विद्या केंद्रों में अधिकांशतः यह सवाल सवाल ही बना रहता है कि हम क्या पढ़ाते हैं और इसका निर्धारण कैसे होता है?

ओडिशा के दूरस्थ क्षेत्र में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण संचालित था। अनौपचारिक चर्चा में ज्यादातर की समस्या यह थी कि बच्चे केंद्र पर आना नहीं चाहते। औपचारिक सत्र में मैंने प्रतिभागियों से प्रश्न किया कि पहली बार आपके केंद्र पर आने वाला बच्चा किस-किस प्रकार के अनुभवों के साथ आता होगा? प्रतिभागियों में कुछ देर खामोशी रही। मैंने एक-दो अनुभवों को उदाहरण के तौर पर प्रस्तुत किया तो प्रतिभागियों की ओर से से भी जवाब आने लगे, जो जवाब आते गए मैं उन्हें ब्लैक बोर्ड पर लिखता रहा। थोड़ी ही देर में पूरा ब्लैक बोर्ड उस उम्र के बच्चे द्वारा प्राप्त अनुभवों से भर गया।

मैंने उन अनुभवों को श्रेणीवार वर्गीकृत किया। पशु-पक्षी, पेड़-पौधे, फल-फूल, सब्जी-दालें, मौसम-फसलें, हवा-माटी, जल-जलाशय, स्थानीय शिल्प, उद्योग व कामगार, यातायात के साधन, सरकारी भवन, ग्राम पंचायत, उनके गांव में आने वाले विभिन्न विभागों के कर्मी, बीमारियां और उनके उपचार, बर्तन, कृषि उपकरण, स्थानीय मेले, हाट, त्योहार, रीति-रिवाज, स्थानीय स्वशासन, रंग, खुशबू, भार, मात्रा, आकृति, आकार, पैटर्न, गांव से आयात-निर्यात की वस्तुएं, वस्तुओं के मूल्य, दूरसंचार के माध्यम जैसे कितने ही विषय उभर कर आ चुके थे और यह सूची लगातार बढ़ती जा रही थी। उपस्थित प्रतिभागियों के लिए भी यह जानना आश्चर्य का विषय था कि बच्चे इतनी जानकारियों के साथ आंगनबाड़ी या अन्य किसी स्कूल में जाते हैं। सत्र को आगे बढ़ाते हुए मैंने पुनः प्रश्न किया कि 'क्या हम सीखने-सिखाने की प्रक्रियाओं में बच्चों की जानकारियों के इस विशिष्ट भंडार का उपयोग करते हैं? यह प्रश्न सुनकर सभी प्रतिभागी थोड़ी देर सन्नाटे में रहे। उनका मानना था कि बच्चों को हम वह सिखाते हैं, जो हमारे पाठ्यक्रम में निर्धारित होता है। पाठ्यक्रम में क्या निर्धारित होता है? यह पूछने पर अधिकांश को उक्त विषयक जानकारी नहीं थी। विद्या केंद्रों में अधिकांशतः यह सवाल सवाल ही बना रहता है कि हम क्या पढ़ाते हैं और इसका निर्धारण कैसे होता है? कुछ ही लोग इसका संबंध शिक्षा नीति, पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम तथा कक्षा स्तर व विषयवार सीखने के प्रतिफल (लर्निंग आउटकम) से जोड़ पाते हैं। वरना ज्यादातर मामलों में इसका उत्तर 'पाठ्यपुस्तक पढ़ाते हैं' के रूप में ही आता है और पाठ्यपुस्तक को पूरा करना ही वार्षिक शिक्षण लक्ष्यों की पूर्ति मान लिया जाता है। इसलिए यह जानना आवश्यक हो जाता है कि कक्षा स्तर व विषयवार शिक्षण लक्ष्यों के सापेक्ष लर्निंग आउटकम क्या हैं और इनकी प्राप्ति में बच्चों के अनुभव किस प्रकार से मददगार हो सकते हैं।

शिक्षा को किसी भी बच्चे में मौजूद ज्ञान, कौशल व अभिवृत्तियों के विकास का माध्यम कहा जाता है। स्वाभाविक ही है कि इस माध्यम में बच्चे की अंतर्निहित शक्तियों का प्रकटीकरण तथा वय, कक्षा स्तर के अनुसार उनका क्रमिक व सुनियोजित विकास शामिल होता है। यह सब एक निश्चित समयावधि में कुछ निर्धारित प्रक्रियाओं के अंतर्गत होता है। विद्यालय इन प्रक्रियाओं का प्रमुख केंद्र होता है, जहां विभिन्न भौतिक एवं मानवीय संसाधनों के बीच बच्चा अपने ज्ञान की रचना करता है। विद्यालय की सभी गतिविधियों के केंद्र में 'शिक्षार्थी' होता है। अतः आवश्यक होता है कि उसको ध्यान में रखकर ही विभिन्न शैक्षिक व सह शैक्षिक क्रियाकलापों का संचालन किया जाए।

शिक्षाविदों का मानना है कि बुनियादी कक्षाओं में बच्चों के ज्ञात अनुभवों का कक्षाओं में जितना अधिक उपयोग होगा, उनका सीखना उतना ही सहज, सुगम और रोचक होगा। इसलिए बुनियादी स्तर पर बच्चों से चित्रधारित चर्चा, परिवेशीय अनुभवों पर बातचीत, दैनिक जीवन में घट रही क्रियाओं में निहित विज्ञान, रसोईघर से लेकर घरेलू काम-धंधों, कृषि व व्यवसायों में निहित गणित जैसे कितने ही परिचित परिवेशीय अनुभवों पर कक्षाओं में विस्तारपूर्वक बातचीत व अन्य क्रियाकलापों के किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया जाता है। हां, इतना जरूर है कि इनमें स्वाभाविकता हो बनावटीपन नहीं।

राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा-2005 और 2023 ज्ञान को बाहरी दुनिया से जोड़ने तथा इसके लिए बच्चे के स्वानुभूत अनुभवों को शामिल करने पर प्रमुखता से बात करती हैं। निश्चित ही इसके लिए बच्चों के स्मृतिकोष में संचित बहुरंगी अनुभवों को बाहर निकालने हेतु विविधतापूर्ण अवसरों का सृजन करना होगा। किसी भी बच्चे के जीवन में विद्यालय नामक संस्था के शुरुआती दिन विशेष असर डालते हैं। नीरस प्रक्रियाएं और आरोपित अनुशासन बहुधा बच्चों को विद्यालय से विमुख कर देते हैं। ऐसे में यदि बच्चों के अनुभवों को पर्याप्त स्पेस देते हुए सीखने-सिखाने का वातावरण रचा जाता है तो यह न केवल विद्यार्थी हित में होता है, बल्कि शिक्षक के काम को सरल करते हुए विद्यालय में एक समावेशी वातावरण का निर्माण भी करता है।

# सनातन परंपरा की झलकियां

मदर डेयरी से फल लेकर लौट कर बाहर आया तो देखता हूं कि मेरी दक्षिण भारतीय पड़ोसन अपनी युवा पुत्री के साथ माता रानी के दर्शन करके टैक्सी से उतर रही थी। वह परंपरागत साड़ी में मस्तक में बिंदी के साथ हाथों में प्रसाद लिए हुए थी। पुत्री जीन्स पैंट में, रोली मंडित ललाट और मुक्त केशों में थी। स्पष्ट रूप से मां ने अपनी संतति को पूजा-पाठ का संस्कार देने का भरपूर प्रयास कर रखा था।



डा. श्रीधर द्विवेदी
नई दिल्ली

एक दूसरा दृश्यः अभी पिछले हफ्ते ओपीडी में 82 वर्षीय 'रा' अपनी पचास वर्षीया पुत्री के आई हुई थी। दोनों कांजीवरम रेशमी साड़ी में भली प्रकार से आवेष्ठित, मत्थे पर भस्म बिंदीं लगाए हुई थी। दोनों हनुमत भक्त थे। बातचीत के क्रम में पता चला कि 82 वर्षीय मां प्रतिदिन तमिल में वाल्मीकि रामायण सुंदरकांड का पाठ करती हैं। मंगल के दिन निकट के हनुमान मंदिर में पान की माला अर्पित करती हैं। साथ आई उनकी पुत्री ने मुझे बताया कि वह भी अंग्रेजी में सुंदरकांड का पाठ करती है। तमिल भाषी होने के कारण उन्हें देवनागरी पढ़ने में कठिनाई होती है, परंतु उच्चारण तो देवभाषा में ही होता है। संस्कार तो सनातन ही है। दक्षिण भारतीय लोगों की इस सनातन आस्था का प्रबल साक्ष्य मुझे अपने हाल के बनारस प्रवास में काशी विश्वनाथ धाम और काल भैरव के मंदिर परिसर में तब मिला जब असंख्य लोग वृद्ध, युवा, महिला, नव विवाहिताएं अंक में नवजात शिशुओं को लिए हुए नंगे पैर, साड़ी-लुंगी, प्रसाद-फूल, होंठों पर शिव-शिव का नाम लेते हुए खड़ी धूप में देव दर्शन के लिए आतुर पंक्तिबद्ध चल रहे थे। आत्मविश्वास, आस्था और आध्यात्म का ऐसा अद्भुत सम्मिश्रण।

इस दृश्य की तुलना यदि राजधानी दिल्ली के प्रतिष्ठित मंदिरों की भीड़ से की जाए तो शोर, धक्कामुक्की, दिखावा का मन उबाऊ दृश्य मिलेगा। मैं अपने पचास वर्ष के चिकित्सकीय अनुभव में जिसमें बहुभाषी लोगों की (तमिल, कन्नड़, तेलुगू, मलयालम, बांग्ला, ओड़िया भाषियों की) अच्छी-खासी संख्या रहती है के बल पर निश्चित रूप से कह सकता हूं कि दक्षिण भाषा-भाषी महिलाएं भारतीय संस्कृति की उत्तम संवाहक होती हैं, अपेक्षाकृत उत्तर भारतीय लोगों के।



## अपनी ढपली अपना राग



कांग्रेस, सपा, बसपा सब एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं। कोई अलग नहीं है, ये वोटों के सौदागर हैं। चुनाव के समय दिखेंगे बाकी संकट के समय गायब हो जाएंगे।

– योगी आदित्यनाथ



बागडोर चाय बेचने वाले के हाथ में देंगे तो वह सिर्फ बेचेगा ही। कमाकर कुछ नहीं लाएगा। उसी तरह, आज हमारा देश बेचा जा रहा है। सीधा फायदा देने वाली संस्थाएं को निजी हाथों को सौंपा जा रहा है।

–आदित्य यादव



मैं अखिलेश यादव के सम्मान में जनसभा में जाऊंगा। लेकिन पार्टी प्रत्याशी रुचि वीरा के लिए चुनाव प्रचार नहीं करुंगा। लोग निराश हैं, अगर मैं प्रचार करुंगा तो उन्हें फिर से निराशा होगी।

– एसटी हसन



लोगों ने चौधरी चरण सिंह के काम को देखा और अब नया काम देख रहे हैं। भारत रत्न मिला तो लोगों के अंदर उत्सुकता पैदा हुई है।

–जयंत चौधरी



पूर्वांचल की सीटों पर बड़ी जीत हासिल करने को भाजपा का दावा घमंड जाहिर करता है। इस घमंड को ही काशी और पूर्वांचल की जनता चूर-चूर करेगी।

–अजय राय

# कानून-व्यवस्था व बेरोजगारी, पक्ष-विपक्ष में युद्ध जारी

- सोशल मीडिया पर टॉप ट्रेंड कर रहे योगी के भाषणों की विपक्ष ने निकाली काट
- प्रदेश में भाजपा बेहतर कानून-व्यवस्था को बना रही मुद्दा
- इंडी गठबंधन बेरोजगारी के मुद्दे पर भाजपा नेताओं को घेर रहा

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का चुनावी भाषण उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में सोशल मीडिया पर टॉप ट्रेंड कर रहा है। महाराष्ट्र, गुजरात तथा जम्मू-कश्मीर की सभाओं में योगी के भाषण खूब सुने जा रहे हैं। आलम यह है कि योगी का 10 दिन पुराना भाषण भी सोशल मीडिया में टॉप ट्रेंड पर है। भाषणों को सकारात्मक प्रतिक्रिया भी मिल रही है।

ऐसे में विपक्ष ने (इंडिया गठबंधन) भाजपा को रोजगार के मुद्दे पर घेरना शुरू कर दिया है। हालांकि विपक्ष द्वारा उठाया गया रोजगार का मुद्दा सोशल मीडिया पर सामान्य ट्रेंड पर ही है। कुल मिलाकर लोकसभा चुनाव में मुख्यमंत्री के भाषणों की काट के लिए पूरा विपक्ष योगी को रोजगार के मुद्दे पर घेरने के लिए एकजुट हो गया है।



### आजम, अतीक और मुख्तार तीनों करेंगे नैया पार

एक तरफ जहां योगी आदित्यनाथ अन्य प्रदेशों में उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को एक मॉडल की तरफ पेश कर रहे हैं, वहीं यूपी के दोनों उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य रणनीतिक तरीके से आजम खान, अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी पर केंद्रित भाषणों को प्रयोग कर रहे हैं। दोनों उप मुख्यमंत्रियों द्वारा हर मंच से अधिकतर तीन ही नाम लिए जा रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा का आकलन है कि उत्तर प्रदेश की 80 सीटों पर लक्ष्य केंद्रित करने के लिए यह तीन नाम पर्याप्त है। संभवत: इसीलिए दोनों उपमुख्यमंत्री, यहां तक कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी इन्हीं तीन नामों का प्रयोग मंच पर कर रहे हैं। विश्लेषकों का मानना है कि सरकार ने विगत साढ़े छह साल में सैकड़ों अपराधियों का नामो-निशान मिटा डाला। फिर भी भाजपा को रणनीतिक दृष्टि से यही तीन नाम अधिक रास आ रहा है।

### मंच से शुरू किया गरजना

अखिलेश बेरोजगारी पर केंद्रित, पीडीएम अन्य मुद्दों पर इंडी गठबंधन की चुनावी सभाओं पर गौर करें तो कांग्रेस की तरफ से अभी तक कोई उल्लेखनीय साझेदारी मंच पर नहीं की गई है, लेकिन सपा से अखिलेश यादव ने मंच पर गरजना शुरू कर दिया है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अखिलेश द्वारा की गई सभाओं में वह कानून व्यवस्था को नजरअंदाज कर सरकार को बेरोजगारी पर घेरते नजर आ रहे हैं। सपा से जुड़े विश्लेषकों का मानना है कि जिस तरह योगी को कानून व्यवस्था पर सोशल मीडिया पर शाबाशी मिल रही है उस तरह अखिलेश को बेरोजगारी जैसे मुद्दे उठाकर घेरना ठीक प्रतीत हो रहा है। इसीलिए अखिलेश प्रत्येक मंच पर युवा, भविष्य और बेरोजगारी पर केंद्रित हैं। उधर, असदुद्दीन ओवैसी और पल्लवी पटेल द्वारा बनाया गया गठबंधन पीडीएम सामान्यत: कई मुद्दों पर सरकार की आलोचना कर रहा है। इसमें कानून-व्यवस्था, बेरोजगारी के अलावा पीडीए के अधिकार और शिक्षा, स्वास्थ्य भी शामिल है।

## कांग्रेस की 25 सदस्यीय केंद्रीय चुनाव समिति गठित

**अमृत विचार, लखनऊ:** लोकसभा चुनाव को लेकर उप्र. कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक डॉ. प्रमोद कुमार पांडेय की अध्यक्षता में 25 सदस्यीय केंद्रीय चुनाव समिति का गठन किया गया है।

समिति के सदस्यों में सेवादल कांग्रेस के जोनल अध्यक्ष राजेश सिंह काली, अनिल देव त्यागी, सतीश बिन्द, लक्ष्मी नारायण दीक्षित, प्रदेश उपाध्यक्ष शर्मानंद मिश्रा, मो. शहजाद शेख, ध्वजवंदन प्रभारी कनिष्का रफैल, प्रदेश महासचिव डॉ. शरद शर्मा, डॉ. रविन्द्र मिश्रा, सुशील तिवारी, पुष्पा गंगवार, उमर खान बाबा, जितेन्द्र मोहन गुप्ता, हसीना खातून, पूनम मिश्रा, रतना शर्मा, हिमांशु धर द्विवेदी, डॉ. देवेन्द्र कुमार, संगीत तिवारी, शांति स्वरूप रावत, सलीत अल्वी, जियाउद्दीन, गयाजुद्दीन हाशमी व तारिक गांधी शामिल किये गये हैं। इसके साथ ही उप्र कांग्रेस सेवादल की ओर से प्रदेश के 17 लोकसभा चुनाव क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव क्षेत्रवार चुनाव प्रभारियों का भी गठन किया गया है।

# देश का एंबिशन ही मोदी का मिशन

- भाजपा के संकल्प पत्र की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की प्रशंसा
- बोले योगी मोदी की गारंटी का मतलब बिना भेदभाव सबका साथ सबका विकास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के रविवार को जारी संकल्प पत्र की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश का एंबिशन ही मोदी का मिशन है। मोदी का विजन ही हम सबका मिशन है। यह संकल्प पत्र देश के सभी नागरिकों को मोदी की गारंटी है। यह डिग्निटी ऑफ लाइफ, क्वालिटी ऑफ लाइफ, क्वालिटी ऑफ अपॉर्च्युनिटी की अपेक्षा को पूरा होने की गारंटी है।

योगी ने कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब बिना भेदभाव के हर तबके के लोगों के लिए, सबका साथ-सबका विकास के भाव के साथ आत्मनिर्भर भारत के माध्यम से विकसित भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाना। इस संकल्प पत्र में चार आधार (युवा, महिला, अन्नदाता किसान व गरीब) बनाए गए हैं। इन चारों के उन्नयन के लिए कार्य करना ही प्राथमिकता है।योगी ने कहा विपक्ष आधार हीन हो चुका है, उनके नेताओं को ही अपनी पार्टी पर भरोसा नहीं रह गया है, ऐसे में कई पुराने नेता भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं, क्योंकि वे यह जान चुके हैं कि इन पार्टियों का कोई भविष्य नहीं रह गया है।

योगी ने कहा कि सारे विपक्षी एकजुट होकर भाजपा को हराने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन वह जानते हैं कि उनका कोई भी दांव नहीं चलने वाला जिससे वे पूरी तरह से हताश हो चुके हैं।

### बसपा से सुल्तानपुर सीट के लिए उदय राज वर्मा का नाम आया सामने

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी ने सुल्तानपुर सीट के लिए भी प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। रविवार को बसपा की ओर से इस सीट के लिए उदय राज वर्मा का नाम सार्वजनिक किया गया। सुल्तानपुर में भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उदय राज वर्मा के नाम का एलान किया गया। इस कार्यक्रम में बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल भी मौजूद थे। बताया जा रहा है कि काफी मंथन के बाद उदय राज के नाम पर मुहर लगी है। इससे पहले पार्टी छह नामों पर चर्चा कर रही थी।

**2019 में आरक्षित 17 सीटों में 15 पर भाजपा व दो पर बसपा ने किया था कब्जा**

# आरक्षित सीटों पर सेंध लगाने की तैयारी में इंडी गठबंधन

रमेश चन्द्र, लखनऊ

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव 2024 में इंडी गठबंधन प्रदेश में अनुसूचित वर्ग के लिए आरक्षित 17 सीटों में सेंध लगाने की तैयारी में है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 15 सीटों पर जीत का परचम लहराया था, जबकि बसपा ने दो सीटों पर जीत हासिल की थी।

प्रदेश में आरक्षित सीटों में नगीना, बुलंदशहर, हाथरस, आगरा, शाहजहांपुर, हरदोई, मिश्रिख, मोहनलालगंज, इटावा, जालौन, कौशांबी, बाराबंकी, बहराइच, बांसगांव, लालगंज, मछलीशहर व रॉबर्ट्सगंज शामिल हैं। पहले चरण में नगीना आरक्षित सीट पर चुनाव होना है, जबकि दूसरे चरण में बुलंदशहर सीट है। पिछले चुनाव में बसपा ने नगीना सीट जीत ली थी। बसपा के गिरीश चंद्र ने भाजपा प्रत्याशी डॉ यशवंत सिंह को हराया था। जबकि 2014 के चुनाव में यशवंत सिंह ने यह सीट जीती थी।

इस बार भाजपा अपनी खोयी सीट पाने के लिए ओम कुमार को चुनाव मैदान में उतारा है, जबकि बसपा ने सुरेद्र पाल सिंह को प्रत्याशी बनाया है। इंडी गठबंधन में शामिल सपा ने मनोज कुमर को चुनावी जंग में उतारा है। आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर आजाद नगीना सीट से प्रत्याशी हैं। हाल ही में राष्ट्रीय समाज शोषित पार्टी के प्रमुख पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने चन्द्रशेखर को समर्थन देने की घोषणा की है।

दूसरे चरण की बुलंदशहर सीट पर इस बार बसपा ने गिरीश चन्द्र जाटव, भाजपा से डॉ भोला सिंह व इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस ने शिवराम वाल्मीकि को चुनाव मैदान में उतारा है। वर्ष 2019 में भाजपा के भोला सिंह ने बसपा के योगेश वर्मा को पराजित किया था।


इसी तरह, लालगंज सीट पर बसपा की संगीता आजाद ने भाजपा प्रत्याशी नीलम सोनकर को हराया था। इस बार चुनाव में भाजपा सभी आरक्षित सीटों को जीत हासिल करने की कोशिश में हैं, वहीं बसपा जीती हुई दो सीटों के अलावा अन्य सीटें जीतना चाह रही है।

### इंडी गठबंधन कर रहा साझा रणनीति पर कार्य

इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस व सपा ने अपनी साझा रणनीति के जरिये आरक्षित सीटों पर विजय हासिल करने के लिए पूरी ताकत झोक दी है। समन्वय सम्मेलनों के जरिये इंडी गठबंधन ने बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर दिया है। भाजपा सरकार की खामियां बताने के साथ ही चुनावी घोषणा पत्र के जरिये मतदाताओं को अपने पक्ष में करने में लगा हुआ है।

### 2014 में भाजपा ने जीती थीं सभी 17 सीटें

वर्ष 2014 में भाजपा ने प्रदेश की सभी 17 आरक्षित सीटों पर जीत हासिल की थी। पिछले चुनाव में उसे दो सीटों का नुकसान उठाना पड़ा था, इस बार भाजपा अपने 2014 के इतिहास को दोहराना चाह रही है।



# स्मृति इरानी ने कर दिया था आसमां में सुराख

**2019 में कांग्रेस के गढ़ अमेठी में राहुल गांधी को पराजित कर रचा था इतिहास**

परशदेपुर रायबरेली

**अमृत विचार:** गांधी परिवार के गढ़ अमेठी में किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी कि वहां से राहुल गांधी को हराया भी जा सकता है।

अमेठी के लोकसभा चुनाव में अपने पहले मुकाबले में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की जमीन हिलाने वाली स्मृति इरानी ने दूसरी भिडंत में ही असंभव से दिखने वाले कार्य को संभव कर दिखाते हुए इतिहास रच दिया था। 2019 में अमेठी का चुनाव जीतने के बाद उन्होंने दुष्यंत का शेर ट्वीट किया था, 'कौन कहता है कि आसमां में सुराख नहीं हो सकता'।

स्मृति का औपचारिक राजनीतिक जीवन 2003 में तब शुरू हुआ जब वे भाजपा में शामिल हुईं। 2004 मे वह महाराष्ट्र में युवा मोर्चा उपाध्यक्ष बनीं। इसके बाद उनका राजनीतिक सफर और ओहदा बढ़ता गया।

टीवी सीरियल से तुलसी के रूप में लोकप्रिय हुई स्मृति इरानी ने 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का गढ़ कहे जाने वाले अमेठी में असंभव लक्ष्य को भेदने के लिए कदम रखा था। 2014 में उन्हें राहुल गांधी से 1,07,903 वोटों से पराजय का सामना करना पड़ा था लेकिन कांग्रेस के गढ़ में उसकी जड़े हिलाने में उनको सफलता मिल गई।

हार के बावजूद उन्होंने अमेठी को नहीं छोड़ा। आखिरकार अमेठी की 'दीदी' के रूप के खुद को स्थापित करने में उनको सफलता मिली और 2019 के लोकसभा चुनाव में इतिहास रचते हुए उन्होंने कांग्रेस के ही गढ़ में उस समय कांग्रेस के अध्यक्ष रहे राहुल गांधी को 55,120 वोटों से पराजित कर दिया। अब लगातार तीसरी बार स्मृति फिर से चुनावी मैदान हैं।

### कठिन लक्ष्य हासिल करना रही है खासियत

केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता बताते हैं कि चुनौती भरे कठिन लक्ष्य तय करना और उसे हासिल करना केंद्रीय मंत्री की खासियत है। अमेठी की दीदी के रूप में संसदीय क्षेत्र के लोगों से उनका पारिवारिक रिश्ता जुड़ गया है।


### चुनावी मैदान में थे 28 प्रत्याशी

2019 के चुनाव में कुल 28 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे। हालांकि मुख्य मुकाबला राहुल और स्मृति के बीच ही था। 3940 मतदाताओं ने नोटा का प्रयोग किया था।




# आईना : अमेठी लोकसभा सीट

### 2019 चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| स्मृति ईरानी | 468,514 |
| राहुल गांधी | 413,394 |

### 2014 में किसको कितने वोट




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| कांग्रेस | राहुल गांधी | 408,651 |
| बीजेपी | स्मृति ईरानी | 300,748 |
| बसपा | धर्मेन्द्र प्रताप सिंह | 57,716 |
| आप | डॉ. कुमार विश्वास | 25,527 |


| 2019 नोटा | 2014 नोटा |
|---|---|
| 3,940 | 1,784 |

### पांच विधानसभा क्षेत्र हैं शामिल

| विस | विधायक | पार्टी |
|---|---|---|
| तिलोई | मयंकेश्वर शरण सिंह | भाजपा |
| जगदीशपुर | सुरेश कुमार | भाजपा |
| गौरीगंज | राकेश प्रताप सिंह | सपा |
| अमेठी | महाराज प्रजापति | सपा |
| सैलून (रायबरेली) | अशोक कुमार | भाजपा |

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| कांग्रेस | राहुल गांधी | 464,195 |
| बसपा | आशीष शुक्ला | 93,997 |
| बीजेपी | प्रदीप कुमार सिंह | 37,570 |




### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1967 व 71 | विद्याधर बाजपेयी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | रवीन्द्र प्रताप सिंह | जनता पार्टी |
| 1980 | संजय गांधी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1981,84,89 व 91 | राजीव गांधी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1991 व 96 | सतीश शर्मा | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1998 | संजय सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 1999 | सोनिया गांधी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2004,09 व 14 | राहुल गांधी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2019 | स्मृति ईरानी | भारतीय जनता पार्टी |

### 2004 चुनाव के परिणाम

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| कांग्रेस | राहुल गांधी | 390,179 |
| बसपा | चंद्र प्रकाश मिश्रा | 99,326 |
| भाजपा | राम विलास वेदांती | 55,438 |

# नरसिम्हा राव ने रत्ना से किया था मंत्री बनाने का वादा

- लालगंज में हुई थी जनसभा, भाजपा प्रत्याशी उदयराज को हराकर रत्ना ने जीता था चुनाव
- 1996 के लोकसभा चुनाव में तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हाराव ने जनसभा में कही थी बात

आरपी सिंह, प्रतापगढ़

अमृत विचार : प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के सिम्बल पर तीन बार सांसद निर्वाचित होने वाली राजकुमारी रत्ना सिंह को 1996 के चुनाव में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने मंत्री बनाने का वादा जनसभा में सार्वजनिक रूप से किया था। चुनाव रत्ना सिंह ने जीत भी लिया। लेकिन सत्ता परिवर्तन के कारण रत्ना मंत्री नहीं बन सकीं।


पूर्व विदेश मंत्री राजा दिनेश सिंह के निधन के बाद 1996 में उनकी बेटी राजकुमारी रत्ना सिंह को कांग्रेस ने चुनाव मैदान में उतारा था। जिसमें कुल 41 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमाने उतरे थे। भारतीय जनता पार्टी ने पंडित उदय राज मिश्र, जनता दल ने प्रयागराज के भोला सिंह को प्रत्याशी घोषित किया था। लालगंज के हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज में राजकुमारी रत्ना के समर्थन में चुनावी जनसभा थी। जिसमें प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने लोगों को संबोधित किया था। अपने चुनावी भाषण में उन्होंने जनता से वादा किया था कि आप लोग रत्ना सिंह को चुनाव जिताकर भेजिए, उन्हें मंत्री बनाने का कार्य हम करेंगे। परिणाम आया तो राजकुमारी रत्ना सिंह चुनाव जीत गईं। हालांकि केंद्र में सरकार बदल गई। इस कारण से वह मंत्री नहीं बन सकीं और नरसिम्हा राव का वादा पूरा नहीं हो सका।

पूर्व सांसद राज कुमारी रत्ना सिंह ने अमृत विचार से बातचीत में बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव की जनसभा में उनके साथ उनकी मां रानी नीलिमा सिंह भी साथ थीं। संयोग ही कह सकते हैं कि इस चुनाव के बाद केंद्र में कांग्रेस की सरकार नहीं बन सकी।

इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने सबसे अधिक सीटें जीती और अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बनाए गए थे। हालांकि यह अल्पकालिक सरकार रही। दो सप्ताह बाद संयुक्त मोर्चा गठबंधन संसदीय बहुमत हासिल करने में सफल रहा और जनता दल के एचडी देवगौड़ा प्रधानमंत्री बनाए गए थे।

### 1996 के लोकसभा चुनाव का परिणाम

| दल | उम्मीदवार |
|---|---|
| कांग्रेस | राजकुमारी रत्ना सिंह |
| भाजपा | उदय राज मिश्र |
| जनता दल | भोला सिंह |
| बसपा | बशीर पहलवान |






## 11 बार कायम रहा राजघरानों का दबदबा, इस बार नहीं दिख रहा दखल

प्रतापगढ़ संसदीय सीट की सियासत में राजघरानों की बात करें तो 17 चुनाव में 11 बार इनका ही दबदबा रहा है। वर्ष 1962 में प्रतापगढ़ राजघराने के राजा अजीत प्रताप सिंह भारतीय जनसंघ से सांसद निर्वाचित हुए थे। इसके बाद 1967,1971 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से राजा दिनेश सिंह जीते। 1980 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस राजा अजीत प्रताप सिंह,1984, 1989 में इसी पार्टी से राजा दिनेश सिंह,1991 में जनता दल से राजा अभय प्रताप सिंह सांसद चुने गए। उसी राजघराने के अभय प्रताप सिंह के पुत्र राजा अनिल प्रताप सिंह वर्तमान में भाजपा के सक्रिय नेता हैं। प्रतापगढ़ सीट से लोकसभा के प्रबल दावेदार थे, हालांकि भाजपा ने मौका नहीं दिया। 1996 व 1999 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से स्व. राजा दिनेश सिंह की पुत्री राजकुमारी रत्ना सिंह सांसद चुनीं गईं। वर्ष 2004 में राजा भैया के चचेरे भाई जामो,अमेठी राजघराने के अक्षय प्रताप सिंह उर्फ गोपाल जी समाजवादी पार्टी से सांसद निर्वाचित हुए। इसके बाद वर्ष 1999 में राजकुमारी रत्ना सिंह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से सांसद चुनीं गईं। इस बार संयोग ऐसा है कि 11 बार सांसद निर्वाचित होने वाले राजघरानों की इस बार के चुनाव में किसी दल ने उम्मीदवार नहीं बनाया है। शायद यही वजह है कि चुनाव में प्रत्यक्ष रूप से राजघरानों की दखल दिखाई नहीं पड़ रही है।



रत्ना सिंह।

## चुनावी चक्कर

**क्या बोल गए लल्लू? :**

भाजपा से फैजाबाद के सांसद लल्लू सिंह का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो कब का और कहां है इस बात की अभी पुष्टि नहीं हो सकी है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में लल्लू सिंह कह रहे हैं कि संविधान में संशोधन करना होगा और बहुत सारे काम करने हैं। लल्लू सिंह बोले, सरकार तो 272 सीटों पर ही बन जाती है, लेकिन संविधान संशोधन करने के लिए दो तिहाई सीटों की जरूरत होती है। लल्लू सिंह के इस बयान का जब वीडियो वायरल हुआ तो विपक्षी पार्टियों ने भी उन्हें घेरते हुए भाजपा पर निशाना साधा।

**मोदी के सामने किन्नर महामंडलेश्वर :**

वाराणसी लोकसभा सीट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरने वाले किन्नर महामंडलेश्वर हिमांगी सखी की भी चर्चा कम नहीं। फिलहाल हिमांगी सखी का कहना है कि उनके ऊपर उनके ही लोग हमला कर सकते हैं। कहतीं हैं, उन्हें ऐसा आभास हो रहा है कि वाराणसी में उनके साथ कुछ गलत हो सकता है। उनका कहना है कि लोग चाहते हैं कि वह वाराणसी से चुनाव न लड़ें। किन्नर महामंडलेश्वर हिमांगी सखी के मुताबिक, अर्धनारीश्वर की नगरी से हुए अर्धनारीश्वर का आशीर्वाद लेकर वह चुनाव मैदान में उतरी हैं।

## एक नजर

### सर्वेश अस्थाना की पत्नी की हालत गंभीर, वेंटीलेटर पर

**अमृत विचार, लखनऊ :** यशभारती से सम्मानित प्रख्यात व्यंग्यकार और भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद, भारत सरकार के सलाहकार डॉ. सर्वेश अस्थाना की पत्नी अंजू अस्थाना इन दिनों गंभीर रूप से बीमार हैं। उन्हें संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान में वेंटीलेटर पर रखा गया है। अंजू पिछले चार महीने से लीवर सिरोसिस की गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं। उनकी स्थिति गंभीर लेकिन स्थिर है। अंजू अस्थाना को आठ दिसंबर 2023 को लीवर ट्रांसप्लांट यूनिट के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। 13 अप्रैल को उन्हें सांस लेने में दिक्कत हुई और उसके बाद वह अचेत हो गईं। उन्हें पोस्ट आपरेटिव वार्ड में शिफ्ट कर वेंटीलेटर पर ले लिया गया। पीजीआई उनके लीवर ट्रांसप्लांट की तैयारी कर चुका है। उन्हें देखने के लिए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक पीजीआई गए थे।

# बाबा साहेब ने संघर्षों, बुद्धिमत्ता और सूझबूझ से प्राप्त की महानता

## मुख्यमंत्री योगी ने जयंती पर डॉ. भीमराव आंबेडकर को किया याद, प्रतिमा पर अर्पित की पुष्पांजलि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बड़े घर में पैदा हो कर बड़ा बनना उपलब्धि हो सकती है, लेकिन एक सामान्य परिवार में जन्म लेकर सामाजिक विसंगतियों और कुरीतियों के खिलाफ लड़ते हुए समाज को नई प्रेरणा का केंद्र बिंदु बनाना महानता के शिखर को प्राप्त करने जैसा है। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने संघर्षों, बुद्धिमत्ता और सूझबूझ से महानता को प्राप्त किया था। उन्होंने संविधान शिल्पी के रूप में पूरे भारत को लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ दुनिया का सिरमौर बनाने का अद्भुत कार्य किया था।

उनकी ही देन है कि आज लोकतांत्रिक मूल्यों और अधिकारों के साथ देश की 140 करोड़ की जनता 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के रूप में वर्तमान में कार्य कर रही है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। मुख्यमंत्री ने रविवार को भारत रत्न बोधिसत्व बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इससे पहले उन्होंने बाबा साहेब को याद करते हुए उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पुष्पांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल, मंत्री असीम अरुण, विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल, अंबेडकर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सरोज आदि मौजूद रहे।



बाबा साहेब की जयंती पर मुख्यमंत्री योगी को डॉ.आंबेडकर का छायाचित्र भेंट करते डॉ.भीमराव आंबेडकर महासभा ट्रस्ट के पदाधिकारी, कार्यक्रम में उपस्थित उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल व मंत्री असीम अरुण। अमृत विचार

# सीसीटीवी और ड्रोन से अयोध्या धाम पर नजर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** रामलला प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहला अवसर है, जब अयोध्या में रामनवमी का पर्व मनाया जा रहा है। प्रदेश सरकार की ओर से इसको धूमधाम से बड़े स्तर पर मनाने की तैयारी की गई है। माना जा रहा है कि लाखों लोग इस अवसर पर दर्शन के लिए अयोध्या पहुंचेंगे। ऐसे में यहां सुरक्षा को लेकर तैयारी की जा रही है।

इस दौरान अयोध्या धाम क्षेत्र में कुल 560 कैमरों के माध्यम से श्रद्धालुओं की गतिविधियों को मॉनिटर किया जाएगा। इसके साथ ही 2 टीथर्ड ड्रोन्स एवं 8 एरियल ड्रोन्स के माध्यम से विभिन्न रास्तों,

**▶▶ रामनवमी पर्व पर सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था**

गलियों व पार्किंग पर नजर रखी जाएगी। विभिन्न स्थानों पर स्थापित 111 सीसीटीवी कैमरों से भी यलो जोन कंट्रोल रूम से निरंतर निगरानी की जा रही है। दरअसल, 9 अप्रैल से रामनवमी मेला की शुरुआत हो चुकी है, जो रामनवमी के दिन यानी 17 अप्रैल तक जारी रहने वाला है। यहां 25 लाख श्रद्धालुओं के मौजूद रहने की संभावना है। ऐसे में पूरे मेला क्षेत्र को कुल 7 जोन और 39 सेक्टर में विभाजित किया गया है। वहीं, यातायात व्यवस्था को 2 जोन तथा 11 क्लस्टर में विभाजित कर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है।

### 50 फीसदी सरकारी अस्पतालों को लेना होगा एनक्वास सर्टिफिकेट

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में मौजूदा सरकारी अस्पतालों में 50 फीसदी अस्पतालों को अगले साल दिसंबर 2025 तक नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्वास) प्रमाणित कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी यह लक्ष्य सभी राज्यों के लिए निर्धारित किया है।

नेशनल हेल्थ सिस्टम रिसोर्स सेंटर (एनएचएसआरसी) के डॉ. मुस्तफा खान ने बताया कि दिसंबर 2025 तक प्रदेश की 50 प्रतिशत और दिसंबर 2026 तक सभी स्वास्थ्य इकाइयों को एनक्वास सर्टिफिकेट प्राप्त कर लेना है। उन्होंने बताया कि बीते जनवरी में लखनऊ में हुई प्रदेशस्तरीय कार्यशाला में प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने भी इस पर चर्चा की थी।

# झूठ का उद्घोष है भाजपा का घोषणा पत्र

## भाजपा को घोषणा पत्र जारी करने के पहले श्वेत पत्र जारी करना चाहिए : सीपी राय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि भाजपा का घोषणा पत्र झूठ का उद्घोष है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ सीपी राय ने कहा कि पिछले दस सालों से सत्ता पर काबिज भाजपा को घोषणा पत्र जारी करने के पहले श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। डॉ. राय रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भाजपा 2014 में जनता को ढेर सारे सब्जबाग दिखाकर केंद्र की सत्ता में आई थी। 2019 में भाजपा ने फिर लोगों को सपने दिखाये, पर धरातल पर जनहित का कोई काम नहीं दिखा है। उन्होंने कहा कि 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का दावा करने वाली भाजपा सरकार खुद ही दावा करती है कि 80 करोड़ लोगों का जीवन उसकी ओर से दिये गये पांच किलो राशन पर चल रहा है। उन्होंने कहा कि सवाल तो यह उठना चाहिए कि 55 सालों में कांग्रेस ने क्या किया और 16 साल में भाजपा ने क्या किया। कौन भारत के मूल चरित्र को बरकरार रखेगा व संविधान को सुरक्षित रखेगा। उन्होंने कहा कि हमने अपने घोषणा पत्र में न्याय की बात की है, क्योंकि भाजपा का दस साल का शासन अन्याय काल है। हम प्रतिबद्ध हैं कि भाजपा के इस अन्याय काल को समाप्त कर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के हितों को संरक्षित करेंगे और उसे एक आर्थिक रूप से सक्षम, सामाजिक रूप से सम्मानजनक और राजनीतिक रूप स्वतंत्र जीवन उपलब्ध कराएंगे।



प्रेस कांफ्रेंस करते प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय।

### उज्जवल रमण सिंह प्रयागराज से कांग्रेस प्रत्याशी घोषित

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा से हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह प्रयागराज लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किये गये हैं। रविवार को कांग्रेस ने प्रदेश की प्रयागराज सीट समेत दिल्ली व पंजाब के कुल 10 प्रत्याशी घोषित किये।

इंडी गठबंधन के तहत प्रदेश में मिली 17 सीटों में से कांग्रेस अब तक 15 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। अब अमेठी व रायबरेली के प्रत्याशी घोषित होना बाकी है। इन सीटों पर राहुल गांधी व प्रियंका गांधी को प्रत्याशी बनाया जाना तय माना जा रहा है। उज्जवल रमण सिंह सपा नेता रेवती रमण सिंह के पुत्र हैं।

# भाजपा की नीयत व नीति भी कांग्रेस की ही तरह

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**▶▶ चुनावी लाभ के लिए डॉ.आंबेडकर का दिखावटी सम्मान कर रहे अन्य राजनीतिक दल : मायावती**

**अमृत विचार :** डॉ.भीमराव आंबेडकर जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए बसपा सुप्रीमो ने भाजपा को भी कांग्रेस सरीखी पार्टी की संज्ञा दे दी। उन्होंने कहा कि चुनावी स्वार्थ के लिए जातिवादी पार्टियां बाबा साहेब का दिखावटी सम्मान कर रही हैं। दूसरे दलों के लोग 'मुंह में राम बगल में छुरी' पुरानी कहावत को आज भी चरितार्थ कर रहे हैं। इसलिए बहुजन समाज को इस छलावे से सावधान रहने की जरूरत है।



राजधानी में बसपा राज्य कार्यालय द्वारा रविवार को जारी बयान में बसपा प्रमुख ने बहुजन समाज को एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने याद दिलाया कि तरक्की के दरवाजे खोलने के लिए सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त करनी होगी। इसके लिए एकजुटता बहुत जरूरी है। यह भी कहा कि जैसे कांग्रेस सरकारों में 'गरीबी हटाओ' चुनावी स्लोगन था, उसी प्रकार बीजेपी सरकार में भी नीयत और नीति के अभाव में बहुजनों का बुरा हाल है। नीयत व नीति के मामले में भाजपा व कांग्रेस में कोई भेद नहीं दिखता। बसपा सरकार ने ही सरकारी नौकरियों में बैकलॉग पदों को विशेष अभियान चलाकर बहुजन समाज के लिए रास्ते खोले थे।

### कैलाश मठ के स्वामी रामचन्द्र गिरी ब्रह्मलीन

**अमृत विचार, वाराणसी :** कैलाश मठ (काशी) के श्रीमत् परमहंस परिव्राजकाचार्य श्रोत्रीय ब्रह्मनिष्ठ स्वामी रामचन्द्र गिरी ब्रह्मलीन हो गए हैं। उनका इस लोक का त्याग करना समस्त संत समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका जन्म गुजरात के विलोदरा शहर में हुआ था। उन्होंने गुजरात पुलिस के रूप में भी सेवा प्रदान की। मगध (बिहार) में गंगा के पवित्र तट पर दृढ़ विश्वास के प्रतीक वट वृक्ष के नीचे 12 वर्षों तक तपस्या की और फिर अपना जीवन भिक्षाटन करके जिया तथा लोगों को गीता का उपदेश देते रहे। उसके पश्चात स्वामी जी काशी आ गए। उनकी संत सेवा भावना से प्रभावित होकर निवर्तमान महामण्डलेश्वर ने यह आश्रम उनको सौंप दिया था। उनके ब्रह्मलीन होने पर संत समाज के साथ ही सुनीत मूना ने भी शोक व्यक्त किया है।



# बीते वर्ष आग से 3807 इंसानों और 5168 पशुओं की बचाई गई जान



अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस पर अग्निशमन वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना करते अग्निशमन महानिदेशक अविनाश चंद्र।

राज्य ब्यूरो लखनऊ

**▶▶ अग्निशमन सेवा शहीद स्मृति दिवस कार्यक्रम में पहुंचे डीजीपी**

**अमृत विचार :** अग्निशमन सेवा शहीद स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को वीरगति प्राप्त हुए जवानों को याद किया गया। इसी के साथ अग्निशमन सप्ताह की भी शुरुआत की। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार, अग्निशमन महानिदेशक अविनाश चंद्र पहुंचे हुए थे। इस दौरान उनकी अगुवाई में मुंबई में 1944 में बलिदान हुए उन 66 कार्मिकों को याद किया गया, जिन्होंने जहाज में लगी आग को बुझाने के दौरान अपनी जान दी।

उप्र में वर्ष 2023 में अग्निशमन कर्मियों द्वारा कुल 33,047 अग्नि दुर्घटनाएं व जीव रक्षा पुकारों पर कार्रवाई की गई, जिसमें 3,807 मनुष्यों व 5,168 पशुओं की जीव रक्षा करते हुए अनुमानित 1 अरब 63 करोड़ रुपये की सम्पत्ति बचाई गई। अग्निशमन सेवा के ऑनलाइन एनओसी पोर्टल पर वर्ष 2023 से अब तक अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए कुल 41,323 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 30,587 आवेदकों को परीक्षणोपरान्त अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत किया गया है। अग्निशमन सेवा के सुदृढ़ीकरण के लिए एवं अग्निकाण्डों एवं जीव रक्षा पुकारों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अत्याधुनिक मशीनों को क्रय करके जनपदों को उपलब्ध कराया गया है, जिसमें हाईड्रोलिक प्लेटफार्म, एडवांस रेस्क्यू टेण्डर, डिजास्टर वैन, हाईप्रेशर पम्प, एम्बुलेंस, रेस्क्यू उपकरण, काम्बीटूल्स, स्मोक एक्झास्टर, फोम जेनरेटर आदि शामिल है।

# दो करोड़ 43 लाख की शराब व नकदी जब्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▶▶ अब तक 146 करोड़ का सामान एजेंसियों ने पकड़ा**

**अमृत विचार :** प्रदेश में आदर्श आचार संहिता के तहत चल रही कार्रवाई में दो करोड़ 43 लाख की शराब व नकदी जब्त की गई है। अब तक कुल 146 करोड़ 35 लाख रुपये की की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी जब्त की जा चुकी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों के जरिये अवैध शराब, नकदी, ड्रग आदि को जब्त किया जा रहा है। बीती एक मार्च से 13 अप्रैल तक कुल 24 करोड़ 65 लाख 52 हजार रुपये नकद धनराशि, 35 करोड़ 54 लाख रुपये कीमत की शराब, 54 करोड़ दो लाख 75 हजार रुपये कीमत की ड्रग, 20 करोड़ 65 लाख 61 हजार रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं व 11 करोड़ 48 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई। मुख्य जब्ती में लखनऊ सेंट्रल विधानसभा क्षेत्र में 84.56 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 1048 ग्राम बहुमूल्य धातु पकड़ी गई। मुरादाबाद की कुन्दरकी विधानसभा क्षेत्र में 11.51 लाख रुपये, रामपुर की मिलक विधानसभा क्षेत्र में 10 लाख रुपये की नकद धनराशि पकड़ी गई। बाराबंकी क्षेत्र में 14.75 लाख रुपये कीमत की 295 ग्राम ड्रग व सुलतानपुर के सदर क्षेत्र में 14.23 लाख रुपये कीमत की 970 ग्राम ड्रग पकड़ी गई।

### परियोजनाओं को मिलेगा त्रैमासिक पुष्टाहार

**अमृत विचार, लखनऊ :** 40 जिलों की 303 परियोजनाओं को त्रैमासिक पुष्टाहार की आपूर्ति की जाएगी। इसके अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र व मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को पुष्टाहार उपलब्ध कराया जाएगा। जो अप्रैल, मई व जून तक के लिए होगा। पुष्टाहार टीएचआर प्लांट से मिलेगा। इस संबंध में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार निदेशक ने मिशन निदेशक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को अवगत कराया है। पुष्टाहार वितरण समूह की महिलाएं केंद्रों पर करेंगी।


## वर्ग पहेली-40

**बाएं से दाएं**

1. बजता
4. 1. साथी, संगी, मित्र, दोस्त 2. (नाटक) नायक का सहचर।
5. जो व्यक्ति अपने चारों ओर रहने वालों आदि के न रहने पर भी बचा हुआ या जीवित हो।
6. 1. छोटी पहाड़ी, उपगिरि 2. नारी 3. मादा चूहा, मूषिका, चुहिया 4. छोटा चूहा।
8. (काव्यशास्त्र) एक प्रकार का गुणी

**ऊपर से नीचे**

1. 1. रवानगी, प्रस्थान 2. छुट्टी, अवकाश 3. आज्ञा, परवानगी, इजाज़त 4. वधू की मायके से विदाई।
2. 1. जिसका अभिभव हुआ हो, पराजित, हारा हुआ 2. दबाया हुआ, अधीनस्थ 3. तिरस्कृत, उपेक्षित।
3. 1. संदेशवाहिका, दूती 2. कुटनी 3. नाक, नासिका 4. युग्म, जोड़ा 5. गंध, महक।
5. 1. पलंग 2. परिजन 3. आस-पास साथ रहने वाले लोग 4. समूह, वृंद 5. समारंभ, तैयारी 6. पटका, कमरबंद 7. (काव्यशास्त्र) एक अर्थालंकार जो अभिप्राय युक्त विशेषणों से युक्त होता है
7. 1. पिता या अन्य आदरणीय जन के लिए एक संबोधन 2. महात्मा गांधी के लिए प्रयुक्त एक आदरसूचक संबोधन।



### वर्ग पहेली -39 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | ■ | 1 दो | चं | 2 द |
| 3 ए | ल | ब | 4 म | ■ | ■ | हा |
| ■ | ■ | ■ | 5 हा | ई | फा | ई |
| ■ | 6 दु | ■ | ब | ■ | ■ | ■ |
| 7 अ | ल | क | ली | ■ | ■ | 8 ना |
| ■ | दु | ■ | ■ | ■ | ■ | मि |
| 9 का | ल | को | ठ | री | ■ | क |

## सुडोकू -119

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 2 | | | 4 | | |
| | 7 | | | 1 | 6 | | | 5 |
| | | | 5 | | | | | 3 |
| | | 5 | | | | 9 | | |
| | 3 | 7 | | | | 2 | 4 | |
| 1 | | 4 | | | | 6 | | |
| 7 | | | 3 | | 5 | | 9 | |
| 2 | | | 1 | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | | | 9 | | 8 | |

### सुडोकू -118 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 8 | 4 | 7 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 |
| 6 | 5 | 2 | 1 | 3 | 9 | 4 | 7 | 8 |
| 9 | 7 | 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 3 | 2 |
| 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 1 | 8 | 2 | 9 |
| 8 | 3 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 6 | 5 |
| 1 | 2 | 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 4 | 3 |
| 5 | 4 | 8 | 6 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 | 5 | 6 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 अप्रैल सोमवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 12 .11 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 16 अप्रैल 03 .05 तक तत्पश्चात पुष्य।

**मेष** — आज मीडिया से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। विवाह आदि मांगलिक कर्म में आ रही बाधा दूर हो सकती है। व्यवसाय में बड़ा फेरबदल कर सकते हैं। पूर्व दिनों की अपेक्षा दिन बहुत ही अच्छा रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त होगा।

**वृष** — आज नकारात्मक विचारों को स्वयं पर हावी न होने दें। किसी की सहायता करने से आपको मदद मिलेगी। पहले दिया गया उधार आपको वापस मिल सकता है। उच्च शिक्षा में सफलता प्राप्त होने के आसार हैं। पूरा दिन उतार-चढ़ाव भरा रहेगा।

**मिथुन** — आज जिम्मेदारी के साथ सभी काम करेंगे जिसका सुखद परिणाम आपको प्राप्त होगा। फोन के माध्यम से आपको शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। ऑफिस में आपका प्रदर्शन उत्कृष्ट रहने वाला है। नई तकनीक का प्रयोग आप सीख सकते हैं।

**कर्क** — आज बेकार की बातों में समय बर्बाद न करें। अनावश्यक खर्चों में नियंत्रण रखें। शरीर में दुर्बलता रहेगी। अपनी दिनचर्या को स्वस्थ और व्यवस्थित रखें। नए कार्यों में निवेश करने से पूर्व थोड़ी सावधानी रखें। मन में स्वार्थ सिद्धि की भावना रहेगी।

**सिंह** — आज लोग आपकी बातों से प्रभावित रहेंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। व्यावसायिक योजना सफल होगी। आपकी मनोकामना पूर्ण हो सकती है। संपत्ति के मामले हल होने की संभावना है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**कन्या** — आज संतान की सफलता से उत्साहित हो सकते हैं। व्यापार में महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। बच्चों की सफलता से गौरवान्वित महसूस करेंगे। धन लाभ के बेहतरीन अवसर मिल सकते हैं। परिवार के सभी सदस्य आपसे प्रसन्न रहेंगे।

**तुला** — आज समाज में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। एकाग्रता में कमी होने के कारण थोड़ी परेशानी हो सकती है। उच्च अधिकारी आपसे ईर्ष्या रख सकते हैं। पारिवारिक संपत्ति के विवाद दूर करने के योग बन रहे हैं। काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — आज कानूनी मामलों को लेकर थोड़े सावधान रहें। गलत प्रवृत्ति के लोगों के साथ संपर्क न रखें। अभिनय और संगीत आदि में रुचि लेंगे। आपके कुछ काम बिगड़ सकते हैं। प्रेम संबंधों में ज्यादा भावुक नहीं होना चाहिए।

**धनु** — आज नई जॉब की तलाश कर रहे हैं तो सफलता मिलेगी। शेयर मार्केट से धन लाभ प्राप्त होगा। लघु उद्योगों में आपको सफलता मिलेगी। तीर्थ यात्रा की योजना बना सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे। विरोधियों के ऊपर भारी पड़ेंगे।

**मकर** — आज व्यापार में आपको शानदार परिणाम मिलेंगे। बच्चों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखें। आपकी सलाह से लोगों को लाभ प्राप्त होगा। रुका हुआ धन आपको वापस मिलेगा। आपकी सूझबूझ की सर्वत्र प्रशंसा होगी।

**कुंभ** — आज परिजनों के साथ बहस हो सकती है। क्रोध और गुस्से के कारण आपको परेशानी होगी। अपने विचारों को दूसरों पर न लादें। अपने मन पसंद कार्यों को समय अवश्य दें। आपको मेहनत के दम पर उत्तम सफलता मिलने की संभावना है।

**मीन** — आज आपके पास काम की अधिकता रहेगी। अधिकारियों का विरोध झेलना पड़ सकता है। मित्रों की मदद से आपकी कोई योजना सफल होगी। विद्यार्थी नई जानकारियों को सीखने का प्रयास करेंगे। ज्यादा मेहनत करने के कारण शरीर में थकावट हो सकती है।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
देवता — दोपहर : 12.00
एक और एक ग्यारह — रात : 07.01

**&pictures**
रोबोट — सुबह : 10.56
रमन राघव 2.0 — रात : 08.00

**SONY PIX**
2012 — सुबह : 11.23
टैक्सी ड्राइवर — रात : 07.55

**ZEE CINEMA**
दिल मांगे मोर — सुबह : 09.50
हैपी फिर भाग जाएगी — रात : 10.30

**StarGold SELECT**
हीरो — सुबह : 11.00
अय्यारी — शाम : 06.15

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

लड़की का एक्सीडेंट हो गया।
डॉक्टर-आपके पैर खराब हो गए हैं।
लड़की-क्या ये सही नहीं होंगे?
डॉक्टर-नहीं इनको काटना पड़ेगा।
लड़की- ओह! तो अब मैं क्या करूंगी?
डॉक्टर-ईश्वर सब ठीक करेगा।
लड़की -अरे मुझे उसकी टेंशन नहीं है। दरअसल मैंने कल ही नया सैंडल खरीदा है और उस दुकान पर लिखा था- "बिका माल वापस नहीं होगा"।

पत्नी- सुनो जी, जब हमारी नई शादी हुई थी तो जब भी मैं खाना बना कर लाती थी तो आप खुद कम खाते थे, मुझे ज्यादा खिलाते थे।
पति- तो?
पत्नी- अब ऐसा क्यों नहीं करते?
पति- क्योंकि अब तुम अच्छा खाना बनाना सीख गई हो।

# चुनाव में खूब भा रहे चार्टर्ड विमान और हेलीकॉप्टर

## विमानों के लिए प्रति घंटा 1.5 से 1.7 लाख रुपये खर्च कर रहे नेता

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के लिए राजनेताओं और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के देश भर में यात्रा के साथ चार्टर्ड विमानों और हेलीकॉप्टरों की मांग 40 प्रतिशत तक बढ़ गई है। इससे ऑपरेटरों को 15-20 प्रतिशत अधिक कमाई होने की संभावना है।

चार्टर्ड सेवाओं की प्रति घंटे की दर भी बढ़ गई है। एक चार्टर्ड विमान के लिए 4.5 -5.25 लाख रुपये और एक दो इंजन वाले हेलीकॉप्टर के लिए 1.5- 1.7 लाख रुपये का खर्च बैठता है। पिछली चुनावी वर्षों से तुलना की जाए तो इसकी मांग बढ़ी है। फिक्स्ड विंग विमान और हेलीकॉप्टर कम संख्या में उपलब्ध है। कुछ ऑपरेटर ऐसे भी हैं, जो वेट लीज पर विमान और हेलीकॉप्टर लेना चाहते हैं। रोटरी विंग सोसाइटी ऑफ इंडिया (आरडब्ल्यूएसआई) के अध्यक्ष (पश्चिमी क्षेत्र) कैप्टन उदय गेली ने कहा, "सामान्य दिनों की तुलना में चुनाव के दौरान हेलीकॉप्टरों की मांग 25 फीसदी तक बढ़ जाती है। मांग की तुलना में आपूर्ति कम है।" उन्होंने आगे कहा, "उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे बड़े राज्यों में हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल ज्यादा देखा जा रहा है। मुख्य रूप से राजनीतिक पार्टियां अपने उम्मीदवारों और नेताओं के लिए हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल करती है, जिससे कि वे कम समय में अपने निर्धारित क्षेत्रों में पहुंच सकें। बिजनेस एयरक्राफ्ट ऑपरेटर्स एसोसिएशन (बीएओए) के प्रबंध निदेशक कैप्टन आर के बाली ने बताया कि चर्टर्ड विमानों की मांग पिछले आम चुनावों की तुलना में 30 से 40 प्रतिशत अधिक है। बाली ने आगे कहा, "आपूर्ति और मांग के बीच हमेशा से ही अंतर रहा है। कुछ ऑपरेटर हेलीकॉप्टरों और विमानों को लीज पर देने पर विचार कर रही हैं। चुनाव आयोग द्वारा सौंपे गए 2019-20 के लिए पार्टी के वार्षिक ऑडिट खातों के अनुसार, भाजपा ने हेलीकॉप्टर और चार्टर्ड विमानों पर 250 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किया है। जबकि कांग्रेस की तरफ से विमानों पर 126 करोड़ रुपये खर्च किया गया है। बता दें कि देशभर में सात चरणों में लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होगा।



आरडब्ल्यूएसआई के अध्यक्ष उदय गेली ने कहा, एक इंजन वाले हेलीकॉप्टर के लिए प्रति घंटा दर लगभग 80 हजार से 90 हजार रुपये है, जबकि दो इंजन वाले हेलीकॉप्टरों के लिए यह लगभग 1.5 से 1.7 लाख रुपये है। चुनाव के समय एक इंजन वाले हेलीकॉप्टर के लिए प्रति घंटा दर 1.5 लाख रुपये और दो इंजन वाले के लिए 3.5 लाख रुपये तक हो जाती है।" एक इंजन वाले हेलीकॉप्टर में सात लोगों के बैठने की क्षमता होती है, जबकि दो इंजन वाले हेलीकॉप्टर में 12 लोगों बैठ सकते हैं। चार्टर्ड विमान का खर्च एक घंटे के लिए करीबन 4.5 लाख से 5.25 लाख रुपये तक पड़ेगा।

# टैंक रोधी मिसाइल प्रणाली का हुआ सफल परीक्षण

*भारतीय सेना ने स्वदेश निर्मित 'मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल सिस्टम' या टैंक रोधी मिसाइल प्रणाली का सफल परीक्षण किया। यह परीक्षण शनिवार को राजस्थान में किया गया। देश में ही मेक इन इंडिया अभियान के तहत बने इस मिसाइल सिस्टम को कहीं भी ले जाया जा सकता है। सफल परीक्षण के बाद अब टैंक रोधी मिसाइल सिस्टम के सेना में शामिल होने का रास्ता साफ हो गया है।*

- डुएल मोड कार्यक्षमता टैंक युद्ध के लिए महत्वपूर्ण है। इसके साथ प्रौद्योगिकी विकास और सफल प्रदर्शन संपन्न हो गया है। यह प्रणाली अब भारतीय सेना में शामिल होने की दिशा में अंतिम उपयोगकर्ता मूल्यांकन परीक्षणों के लिए तैयार है। डीआरडीओ के अध्यक्ष समीर वी. कामत ने परीक्षणों से जुड़ी टीमों को बधाई दी।



### डीआरडीओ ने किया विकसित



अधिकारियों ने बताया कि इस हथियार प्रणाली को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है। इस प्रणाली में एमपीएटीजीएम, लॉन्चर, लक्ष्य प्राप्ति उपकरण और एक अग्नि नियंत्रण इकाई शामिल हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने टैंक रोधी मिसाइल सिस्टम के सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ और भारतीय सेना की प्रशंसा की और इसे आधुनिक प्रौद्योगिकी आधारित रक्षा प्रणाली के विकास में आत्म-निर्भरता हासिल करने की ओर महत्वपूर्ण कदम बताया। सेना ने स्वदेशी रूप से विकसित मानव-पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल हथियार प्रणाली का सफलतापूर्वक फील्ड परीक्षण किया। इससे सेना के शस्त्रागार में इसे शामिल करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस हथियार प्रणाली को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने डिजाइन और विकसित किया है।

### पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में हुआ परीक्षण

रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि उच्च श्रेष्ठता के साथ प्रौद्योगिकी को साबित करने के उद्देश्य से एमपीएटीजी हथियार प्रणाली का कई बार विभिन्न उड़ान परिस्थितियों में मूल्यांकन किया गया। 'इस हथियार प्रणाली का 13 अप्रैल को पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में सफल परीक्षण किया गया। मिसाइल का प्रदर्शन उल्लेखनीय पाया गया है।' गौरतलब है कि यह टैंक रोधी मिसाइल सिस्टम दिन और रात, दोनों वक्त इस्तेमाल किया जा सकता है। डीआरडीओ अध्यक्ष समीर वी कामत ने इस परीक्षण से जुड़े दलों को बधाई दी। रक्षा मंत्रालय ने बधाई देते हुए बताया है कि, उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।


## एक नजर

### कन्नड फिल्म निर्माता सौंदर्या जगदीश ने की आत्महत्या

**बेंगलुरु।** कन्नड़ फिल्म निर्माता और व्यवसायी सौंदर्या जगदीश ने आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि निर्माता ने रविवार को बेंगलुरु के महालक्ष्मी लेआउट स्थित अपने आवास में कथित तौर पर आत्महत्या का प्रयास किया था, जिसके बाद उनका अस्पताल में निधन हो गया है। पुलिस ने कहा मामले की जांच जारी है, रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। जगदीश के दोस्त श्रेयस ने कहा जगदीश की आत्महत्या के प्रयास के बाद मौत हो गई। उन्होंने कहा-जांच जारी है। जगदीश को कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं थी, हम आपको मौत के पीछे कारण अभी नहीं बता सकते। यह घटना रविवार सुबह हुई।

### सिख तीर्थयात्रियों को बैसाखी पर हर सुविधा प्रदान करेंगे : शहबाज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रविवार को बैसाखी के अवसर पर सिख समुदाय को बधाई दी। लगभग तीन हजार भारतीय सिख भी बैसाखी उत्सव में मनाने के लिए पाकिस्तान के पंजाब प्रांत पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री शरीफ ने अपने बधाई संदेश में बैसाखी को वसंत ऋतु का प्रतीक और प्यार व खुशी फैलाने का त्योहार बताया। उन्होंने कहा, पाकिस्तान आस्थाओं और संस्कृतियों का ए क सुंदर मिश्रण है और बैसाखी का रंग इस सुंदरता को और बढ़ा देता है। शरीफ ने कहा कि बैसाखी त्योहार मनाने के लिए दुनिया भर से आने वाले सिख तीर्थयात्रियों को हर तरह की सुविधाएं प्रदान करेंगी।



### पेट्रोल पंप पर रोबोट भर रहे तेल

**बीजिंग।** चीन के जियांग्सू के पेट्रो चाइना हुआकियाओ शहर में पेट्रोल पंप पर अब रोबोट काम कर रहे हैं। ये रोबोट ना सिर्फ ईंधन भरते हैं, बल्कि पेमेंट भी लेते हैं। एआई से चलने वाले ये रोबोट गाड़ियों में आने वाली किसी भी तरह की तकनीकी दिक्कतें भी दूर कर सकते हैं।

### इंडोनेशिया में भूस्खलन से 14 लोगों की मौत, तीन लापता

**तोराजा।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर मूसलाधार बारिश और भूस्खलन की चपेट में आने से 14 लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लापता हो गए। स्थानीय पुलिस अधिकारी गुनार्डी मुंडू ने कहा कि दक्षिण सुलावेसी प्रांत के ताना तोराजा जिले में शनिवार रात को मूसलाधार बारिश के बाद आसपास की पहाड़ियों से भूस्खलन हुआ। हादसा में 14 लोगों की मौत हो गई है, जबकि तीन लापता लोगों की तलाश की जा रही है।

# पश्चिम एशिया में जंग में बदला तनाव बाइडन ने जी-7 देशों की बैठक बुलाई

## राष्ट्रपति बोले- इजराइल का पूर्ण समर्थन करेगा अमेरिका, नेतन्याहू से की बात

वाशिंगटन, एजेंसी

ईरान ने अमरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की चेतावनी के 24 घंटे बाद पश्चिम एशिया में तनाव जंग में बदला गया है। बाइडन ने इजराइल पर ईरान के हमले की निंदा की और स्थिति पर चर्चा और आगे की कार्रवाई के लिए जी-7 नेताओं की बैठक बुलाई है। बाइडन की इस प्रतिक्रिया के बीच अमेरिकी सेना ने ईरान के ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराने के प्रयासों में मदद की।

इजराइल ने कहा कि उसने और उसके सहयोगी देशों ने ईरान की ओर से दागी गईं 200 से अधिक ड्रोन और मिसाइलों में से अधिकतर को बीच में ही रोक दिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने उच्चाधिकारियों के साथ बैठक के बाद बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना ने ईरान की तरफ से भेजे गए लगभग सभी ड्रोन्स और मिसाइलों को मार गिराया है। उन्होंने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बातचीत में अमेरिका के पूरे समर्थन का भरोसा दिया। बाइडन ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात की। उन्होंने कहा, आज ईरान और यमन, सीरिया और इराक के उसके हमदर्दों ने इजराइल में सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाते हुए अचानक हमला किया। मैं इन हमलों की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। बाइडन ने कहा कि इजराइल की मदद करने के उनके निर्देश पर अमेरिकी सेना ने पिछले सप्ताह क्षेत्र में विमान और बैलेस्टिक मिसाइल रक्षा विध्वंसक भेजे थे। उन्होंने कहा, इन तैनाती और हमारे सैनिकों की दक्षता के कारण हम लगभग सभी ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराने में इजराइल की मदद कर पाए।



व्हाइट हाउस में शनिवार को अधिकारियों व मंत्रियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक करते राष्ट्रपति जो बाइडन।

### ईरान ने अमेरिका को दी संघर्ष से दूर रहने की चेतावनी

इजराइल-हमास के बीच जारी युद्ध के साथ इजराइल-ईरान के बीच भी संघर्ष शुरू हो चुका है। दरअसल, हाल ही में सीरिया के ईरानी दूतावास में हमले के बाद से ही ईरान इजराइल पर बौखलाया हुआ है। इस हमले के लिए ईरान ने इजराइल को जिम्मेदार ठहराया है। जवाबी कार्रवाई करने की धमकी देते हुए ईरान ने शनिवार को इजराइल में दर्जनों ड्रोन भी दागे। हमले को देखते हुए अमेरिका इजराइल के बचाव में सामने आया है। इसके बाद ईरान ने अमेरिका के समर्थन का विरोध किया है। उसने अमेरिका को इस हमले से दूर रहने को कहा है। ईरान ने धमकी देते हुए कहा कि अगर इजराइल ने एक और गलती की तो इसका अंजाम बहुत बुरा होगा।

## दुनिया एक और युद्ध बर्दाश्त नहीं कर सकती: यूएन प्रमुख

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने ईरान की तरफ से इजराइल पर किए गए हमले की कड़ी निंदा की और आगाह किया कि न तो क्षेत्र और न ही दुनिया एक और युद्ध बर्दाश्त कर सकती है।



संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने सभी पक्षों से ऐसी किसी भी कार्रवाई से बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा संयम बरतने की अपील की, जिससे पश्चिम एशिया में कई मोर्चों पर बड़े सैन्य टकराव छिड़ सकते हैं।

गुटेरस ने एक बयान में कहा, आज शाम इस्लामी गणराज्य ईरान की तरफ से इजराइल पर बड़े पैमाने पर किए गए हमलों की वजह से तनाव में गंभीर बढ़ोतरी की मैं कड़ी निंदा करता हूं। मैं शत्रुता को तत्काल समाप्त करने का आह्वान करता हूं।" उन्होंने कहा कि वह तनाव के पूरे क्षेत्र में फैलने और इसके वास्तविक खतरे को लेकर बहुत चिंतित हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा, मैंने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि न तो क्षेत्र और न ही दुनिया एक और युद्ध बर्दाश्त कर सकती है।

# कनाडा में भारतवंशी युवक की गोली मारकर हत्या

- चिराग के पार्थिव शरीर को भारत लाने की तैयारी, परिजनों ने प्रधानमंत्री से मांगी मदद

ओटावा, एजेंसी

विदेश में भारतीय छात्रों पर हमले की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। अब कनाडा के वेनकूवर में भारतीय छात्र की गोली मारकर हत्या की गई। पुलिस का कहना है कि 24 साल के चिराग अंतिल का शव कार से बरामद हुआ है। पुलिस द्वारा पूछताछ के बात पता चला कि स्थानीय लोगों ने गोली चलने की आवाज सुनी थी। घटना की सूचना मिलने के बाद चिराग के परिवार ने भारतीय विदेश मंत्रालय और प्रधानमंत्री मोदी से मदद की अपील की है।

सोनीपत के रहने वाले चिराग अंतिल का शव उनकी ऑडी कार से बरामद किया गया है। आस पास के लोगों से पूछताछ के बाद पुलिस का कहना है कि चिराग की गोली मारकर हत्या की गई। 12 अप्रैल रात 11 बजे के करीब स्थानीय लोगों ने गोलियों की आवाज सुनने के बाद पुलिस को सूचित किया। पुलिस का कहना है कि इस बारे में पड़ताल लगातार जारी है और अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। चिराग के भाई रोमित का कहना है कि सुबह के समय चिराग से आखिरी बात बात हुई, तो वह काफी खुश नजर आ रहे थे। इसके बाद चिराग अपनी ऑडी कार से कहीं जाने के लिए निकले थे और इसके बाद यह वारदात घटी।

इस मामले में छात्र संगठन एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने विदेश मंत्रालय से जांच में तेजी लाने और परिवार को न्याय दिलाने का आग्रह किया है। उन्होंने लिखा है कि इस कठिन समय में मृतक के परिवार को सभी आवश्यक सहायता प्रदान की जाए। चिराग के पार्थिव शरीर को भारत लाने के लिए उनके परिवार द्वारा लोगों की मदद से धन जुटाया जा रहा है। उनके भाई रोमित अंतिल का कहना है कि वे बहुत ही दयालु थे और उनकी किसी से साथ दुश्मनी भी नहीं थी। रोमित ने कहा कि आखिरी बार जब चिराग से बात हुई, तो वे बेहद खुश थे और इसके बाद उनकी मृत्यु की खबर सामने आई। चिराग सितंबर 2022 में एमबीए की पढ़ाई पूरी करने के लिए वेनकूवर चले गए थे और हाल में उन्हें वर्क परमिट भी मिल गई थी।

## गर्मी में देशभर के स्टेशनों पर यात्रियों को मिलेगा मुफ्त पानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेल मंत्रालय ने गर्मी को ध्यान में रखते हुए देशभर में सभी जोनों को स्टेशनों पर यात्रियों को पीने का पानी मुफ्त उपलब्ध करवाने का आदेश दिया है। रेलवे बोर्ड ने कहा कि पानी की आपूर्ति पूरी करने के लिए टैंकरों को तैनात किया जाएगा। स्टेशन के सभी प्लेटफार्म पर पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध करवाया जाएगा।

साथ ही रेलवे बोर्ड ने गर्मी के मौसम में ठंडे पेयजल के वितरण के लिए विशेष रूप से सामान्य श्रेणी के डिब्बों के पास महिला समितियों (महिला स्वयं सहायता समूह), एनजीओ, स्काउट और गाइड और अन्य स्वयं सहायता समूहों से सक्रिय रूप से सहयोग लेने को कहा है। रेलवे बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा- उपलब्ध वाटर कूलर्स की स्थिति और नलों में पानी की उपलब्धता पर रोजाना रिपोर्टिंग के जरिए सघन निगरानी रखने के आदेश दिए हैं। रेलवे बोर्ड ने सभी कैटरिंग स्टॉल और यूनिट्स को पानी बोतल की उपलब्धता शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं। मंडल के स्टेशनों पर उपलब्ध वाटर वेंडिंग मशीन कांट्रेक्टर को भी मशीन के निर्बाध संचालन के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं।

### बांध खुद प्यासा...



**कोटा :** पांच साल में ऐसी तस्वीर पहली बार सामने आई है कि करीब 5 किलोमीटर क्षेत्र में फैला आलनिया बांध सूख चुका है। इतना कि, इसका पेटा तक तड़कने लगा। डाउन स्ट्रीम के खेतों में गेहूं की फसल कटाई में जुटे मजदूरों तक को पीने का पानी नहीं मिल रहा। ये अपनी प्यास बुझाने के लिए 3 किमी तक पैदल चलकर बांध के पेटे में बनाए गड्ढे से पानी निकालते हैं। वहां भी एक-एक लोटा भरकर पानी मटकी में भरना पड़ता है। यहां पर दूर-दूर तक पीने के पानी का दूसरा स्रोत नहीं है। ● एजेंसी

# अफगानिस्तान में बाढ़ से 33 लोगों की मौत, 27 घायल

- काबुल समेत अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में भारी बारिश ने मचाई तबाही, 600 मकान क्षतिग्रस्त

काबुल, एजेंसी

अफगानिस्तान में भारी बारिश, हिमपात और बाढ़ के कारण करीब 33 लोगों की जान चली गई और 27 अन्य घायल हो गए। राष्ट्रीय आपदा प्राधिकरण के प्रवक्ता मुल्ला जनान सैक ने रविवार को बताया है कि, काबुल सहित अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में शुक्रवार से भारी बारिश या हिमपात हुआ है, जिससे देश के कुछ हिस्सों में अचानक बाढ़ आ गई है, जिससे जान-माल की भी क्षति हुई है।

सैक ने कहा, परवान, उरुजगान और पंजशीर समेत कई प्रांतों में भारी बारिश, हिमपात और बाढ़ के कारण 33 लोगों की जान चली गई और 27 अन्य घायल हो गए। अधिकारी ने कहा कि बाढ़ के कारण 600 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। साथ ही, अचानक आई बाढ़ ने देश में 1,950 एकड़ कृषि भूमि और 75 किलोमीटर लंबी सड़कें भी नष्ट कर दी हैं।

इसके अलावा 200 से अधिक मवेशियों की भी मौत हो गई है। उन्होंने कहा कि सहायता एजेंसियों ने अधिकारियों के सहयोग से 22,851 बाढ़ प्रभावित परिवारों को मानवीय सहायता प्रदान की है और प्रभावित क्षेत्रों में सहायता की आपूर्ति की प्रक्रिया जारी है।

## पंजाब में विश्व हिंदू परिषद के नेता की गोली मारकर हत्या

**रूपनगर।** पंजाब के रूपनगर जिले के नांगल शहर में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के नेता की उनकी दुकान में अज्ञात हमलावरों ने गोलीमार कर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया है कि, मृतक विकास बग्गा विश्व हिंदू परिषद की नांगल इकाई के अध्यक्ष थे।

बता दें, घटना शनिवार की है, दो हमलावर रूपनगर रेलवे स्टेशन के पास स्थित बग्गा की दुकान में घुस गोलीमार कर फरार हो गए। आनंदपुर साहिब के पुलिस उपाधीक्षक अजय सिंह ने कहा कि आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। विहिप समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की।

**पहल** सुपर-30 के संस्थापक ने की घोषणा, भारत में गरीब बच्चों को भविष्य रचने का मिलेगा मौका

# वंचित छात्रों के लिए ऑनलाइन मंच शुरू करेंगे आनंद

शिकागो, एजेंसी

सुपर 30 के संस्थापक और गणितज्ञ व गरीब छात्रों के मसीहा आनंद कुमार ने भारत में वंचित छात्रों के भविष्य के लिए दरवाजे खोले। आनंद कुमार जल्द ही नया ऑनलाइन शैक्षिक मंच शुरू करेंगे, जो भारत में गरीब एवं वंचित छात्रों को अपना भविष्य रचने का मौका मिलेगा। सुपर 30 के संस्थापक और गणितज्ञ आनंद कुमार ने रविवार को नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के केलॉग स्कूल ऑफ मैनेजमेंट द्वारा आयोजित रीइमैजिनिंग इंडियाः शेपिंग द ग्लोबल इकोनॉमिक लैंडस्केप विषय पर '2024 केलॉग इंडिया बिजनेस कॉन्फ्रेंस' में अपना संबोधन में कही है। उन्होंने इस बात की घोषणा की है कि वह गरीबों के लिए ऑनलाइन शैक्षिक मंच शुरू करेंगे, जो सुपर 30 की अगली सीरीज होगी। अमेरिका के शिकागो से अपने संबोधन में आनंद कुमार ने कहा 'अधिक से अधिक छात्रों तक पहुंचने के लिए उपलब्ध प्रौद्योगिकी को अपनाने का समय आ गया है। सुपर 30 ने मुझे गरीबों की जिंदगी बदलने की आकांक्षाओं को बढ़ाने में मदद की और उत्तीर्ण हुए कई छात्रों ने शिक्षा की शक्ति से एक पीढ़ीगत बदलाव लाई। उन्होंने कहा कि शिक्षा को गरीबों के दरवाजे तक ले जाने के लिए जल्द ही एक नया ऑनलाइन शैक्षिक मंच शुरू किया जाएगा, जो उनकी सुपर 30 पहल का एक विस्तारित संस्करण होगा।

आनंद कुमान ने कहा कि कोविड महामारी ने उन्हें बहुत कुछ सिखाया, जैसे कि सोशल मीडिया के माध्यम से घर में फंसे छात्रों से जुड़ना। कुमार ने कहा कि कोई भी व्यक्ति प्रतिकूल परिस्थितियों से बहुत कुछ सीख सकता है। दुनिया प्रतिभाशाली लोगों से भरी हुई है। इस समय भी गरीबी के कारण बहुत सारे बच्चे दुनिया की नजरों से दूर हैं। उनमें भी न्यूटन और रामानुजन बनने की क्षमता होगी, लेकिन कम अवसर के कारण उनकी प्रतिभा कहीं खो जाती है। मेरी ऑनलाइन पहल का उद्देश्य उन्हें उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए मंच देना है।

आनंद कुमार ने अपने संबोधन को खत्म करते हुए एक बहुत अच्छी बात कहीं। उन्होंने कहा कि मैं कोई बहुत बड़ी हस्ती नहीं हूं, एक साधारण शिक्षक हूं लेकिन आज मैं आपको अपने दिल की गहराई से एक बात कहना चाहूंगा कि अगर आपका मन किसी लक्ष्य पर निर्धारित है और आप कड़ी मेहनत करते रहते हैं तो आप एक दिन जरूर सफल होंगे। हालांकि, इसे पाने में भले ही ज्यादा समय लगे, जितना आपने सोचा था शायद उससे ज्यादा ही समय लगे, लेकिन सफलता जरूर मिलेगी।

### हर वंचित छात्र को शिक्षित देखना सपना



हर वंचित छात्र को शिक्षित देखना आनंद कुमार का सपना है। उन्होंने कहा कि सबसे गरीब भी अच्छी शिक्षा पाने के हकदार हैं। अब समय आ गया है कि लैब्स से बाहर निकलकर उन देशों और गांवों की गरीबी का एहसास किया जाए, जहां लोगों को बिजली, साफ पानी और उचित भोजन तक नहीं मिलता है।

## भारत ने नेपाल को उपहार में दीं 35 एंबुलेंस और 66 स्कूल बसें

**काठमांडू।** काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास ने नेपाल के विभिन्न जिलों में स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले विभिन्न संगठनों को 35 एंबुलेंस और 66 स्कूल बसें उपहार में दी हैं।

नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने नेपाल के वित्त मंत्री बर्षमान पुन की उपस्थिति में वाहनों की चाबियां सौंपी। भारतीय दूतावास ने कहा कि रविवार को सौंपे गए 101 वाहनों में से दो भूकंप प्रभावित जाजरकोट और पश्चिम रुकुम जिले को दिए गए हैं। नेपाल के वित्त मंत्री ने चल रही विभिन्न परियोजनाओं में भारत के मदद की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इससे नेपाल और भारत के बीच लोगों से लोगों का जुड़ाव और द्विपक्षीय संबंध मजबूत होंगे।

# ब्रिटेन : 70 विवि के नियम बदले, भारतीयों को फायदा

- कैंब्रिज व ऑक्सफर्ड समेत प्रतिष्ठित विवि ने सीट बढ़ाई, ग्रेड घटाई, 20 हजार भारतीयों को मिलेगा प्रवेश

लंदन,एजेंसी

ब्रिटेन के कैंब्रिज, ऑक्सफर्ड और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स जैसी 70 प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों ने नियमों में बदलाव कर 20 हजार भारतीय छात्रों के लिए प्रवेश आसान कर दिया है। इन विश्वविद्यालयों ने अगस्त से शुरू होने वाले सत्र में भारतीय छात्रों के लिए सीटें बढ़ाने के साथ ग्रेडिंग में भी नरमी के नए नियम लागू किए हैं।

भारतीय छात्रों को अब 'बी' और 'सी' ग्रेड के साथ भी दाखिला मिल सकेगा। विश्वविद्यालयों ने ये कदम इसलिए उठाया है क्योंकि पिछले साल भारतीय छात्रों की संख्या में कमी के कारण उन्हें लगभग 500 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा था। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भारतीय छात्रों के लिए वीजा फीस में बढ़ोतरी और परिवार को नहीं लाने के सख्त नियम बनाए थे। इससे 2022 में 1.38 लाख भारतीय छात्रों ने आवेदन किया था वह 2023 में घटकर 1.28 लाख रह गया था। भारतीय छात्रों से ब्रिटेन की विश्वविद्यालयों को फीस के रूप में सबसे ज्यादा राजस्व मिलता है।

ब्रिटेन का छात्र फीस के रूप में सालाना 9.25 लाख रुपये जबकि भारतीय छात्र लगभग 22 लाख रुपये चुकाते हैं। इसे देखते हुए इस बार ब्रिटेन की 70 विश्वविद्यालयों ने भारत में अपने एजेंट्स की संख्या 100 से बढ़ाकर 500 कर दी है।

ये विश्वविद्यालय विदेशी छात्रों को लाने पर कमीशन भी देती हैं। पिछले साल डरहम विश्वविद्यालय ने एजुकेशन एजेंटों को सबसे ज्यादा लगभग 55 करोड़ रुपये कमीशन के रूप में दिए थे। इस बार ब्रिटिश विश्वविद्यालय ने भारत के पूर्वोत्तर और पश्चिमी राज्यों में अपने एजेंट्स बढ़ाए हैं।

### भारतीय छात्रों से ब्रिटेन की इकोनॉमी को भी इजाफा



हर्टफर्डशायर यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. क्विंटिन मैककेलर ने बताया कि पीएम सुनक ने भले ही इमिग्रेशन को लेकर वीसा नियम सख्त किए हों, लेकिन वे भूल गए कि भारतीय छात्रों से इकोनॉमी को भी फायदा मिलता है। भारतीय आईटी और मेडिको छात्र पार्ट टाइम जॉब करते हैं। इससे ब्रिटेन के टैलेंट पूल में ही इजाफा होता है। आने वाले सत्र के लिए नए नियमों से भारतीय छात्रों की संख्या बढ़ेगी।